सुप्रभात
रांची, रविवार
22.06.2025
* * नगर संस्करण। पेज :12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित | सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net | आषाढ़, कृष्ण पक्ष, एकादशी, संवत् 2082 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 337



12 बिहार में विधवा-वृद्धा पेंशन में तीन गुना वृद्धि

## न्यूज डायरी

### विमान हादसा टला, मेडे काल के बाद आपात लैंडिंग करायी

**नयी दिल्ली।** गुवाहाटी से चेन्नई जा रही इंडिगो की फ्लाइट के दोनों पायलटों के मेडे कॉल के बाद बेंगलुरु में इमरजेंसी लैंडिंग करायी गयी। विमान में सवार सभी 168 यात्रियों ने सुरक्षित उतरने के बाद चैन की सांस ली। घटना 19 की है, पर जानकारी आज सामने आयी। पायलट ने कम ईंधन स्तर के कारण 'मेडे' काल किया था।

### केरल में झारखंड की बच्ची को खा गया तेंदुआ

**त्रिशूर।** केरल के वलपराई में चाय बागान में करने वाले झारखंड के मनोज कुंड की चार साल की बेटी रूसना को तेंदुआ उठाकर ले गया। तलाशी के बाद बच्ची का आंशिक रूप से खाया हुआ शव मिला। सीएम एमके स्टालिन ने शोक संतप्त परिवार के लिए 10 लाख रुपये की सहायता राशि की घोषणा की है।

### तीन शतकों के बाद भी भारत 471 पर सिमटा

**लीड्स।** तीन शतकों के बावजूद हेडिंग्ले टेस्ट के दूसरे दिन भारतीय टीम 471 रनों पर ऑल आउट हो गयी। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए भारत ने शानदार प्रदर्शन किया। यशस्वी जायसवाल (101), शुभमन गिल (147) और ऋषभ पंत (134) ने शतक जड़े।

### ईरान से सुरक्षित लाये गये 517 भारतीय नागरिक

**नयी दिल्ली।** विदेश मंत्रालय ने शनिवार को कहा कि ऑपरेशन सिंधु के तहत ईरान से अब तक 500 से अधिक भारतीयों को सुरक्षित निकाल कर स्वदेश लाया जा चुका है। शुक्रवार की रात 209 लोग दिल्ली पहुंचे।

### अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर मोदी ने दुनिया को दिया संदेश

# तनाव की स्थिति में शांति की राह दिखाता है योग

**चिंतन और मनन**

**एजेंसी**

**विशाखापत्तनम।** दुनियाभर में शनिवार को 11वां योग दिवस मनाया गया। पीएम मोदी ने विशाखापट्टनम में 3 लाख लोगों और 40 देशों के राजनयिकों के साथ योग किया। पीएम के साथ आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू और डिप्टी सीएम पवन कल्याण ने भी योग किया। इस मौके पर श्री मोदी ने कहा कि योग का मतलब होता है- जोड़ना। ...और आज यह देखना सुखद है कि कैसे योग ने पूरी दुनिया को जोड़ा है। पीएम मोदी ने कहा कि आज जब दुनिया में अशांति, तनाव और अस्थिरता तेजी से बढ़ रही है, तो योग ही ऐसा है जो हमें शांति की दिशा दिखाता है।

उन्होंने योग कार्यक्रम के मंच से पूरी दुनिया से आह्वान किया कि सभी को शांत, संतुलित और सतत विकास की ओर अग्रसर विश्व के निर्माण की दिशा में बढ़ना चाहिए।

**मानवता के लिए नयी शुरूआत होनी चाहिए :** पीएम मोदी ने कहा कि मैं विश्व समुदाय से आग्रह करूंगा कि अब मानवता के लिए एक बार फिर से नयी शुरूआत होनी चाहिए। हम मिलकर एक शांत, संतुलित और सतत विश्व को गति दें। योग ही विश्व को टकराव से सहयोग, और तनाव से समाधान की ओर ले जाएगा।

**पीएम मोदी ने तीन लाख लोगों के साथ किया योग**

- योग ने समस्त विश्व को किया एकजुट
- विश्व के साथ एकरूपता की दिशा में ले जाता है योग
- योग मानवता के लिए सांस लेने, संतुलन बनाए रखने और फिर से संपूर्ण बनने के लिए आवश्यक पॉज बटन




### योग को जीवनशैली और लोकनीति का हिस्सा बनाएं

श्री मोदी ने कहा कि आज योग करोड़ों लोगों के जीवन का हिस्सा बन चुका है। मुझे गर्व होता है जब मैं देखता हूं कि हमारे दिव्यांग साथी ब्रेल में योग शास्त्र पढ़ते हैं। वैज्ञानिक अंतरिक्ष में योग करते हैं। गांव-गांव में युवा साथी योग ओलिंपियाड में भाग लेते हैं। उन्होंने कहा कि विश्व के कोने-कोने में योग कार्यक्रम का होना मतलब है कि योग सभी का है और सभी के लिए है। योग सिर्फ व्यक्तिगत अभ्यास न रहे, बल्कि वैश्विक साझेदारी का माध्यम बने। सभी देश, हर समाज, योग को जीवनशैली और लोकनीति का हिस्सा बनाएं।

### प्रकृति संग जुड़ने का माध्यम है योग : हेमंत

**रांची।** सीएम हेमंत सोरेन ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर बधाई और शुभकामनाएं दी है। उन्होंने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा कि प्रकृति के साथ एकात्मकता, संयम और सहजता, यही हमारी संस्कृति है और यही योग का वास्तविक स्वरूप भी है। योग हमसब को प्रकृति के साथ सीधे जुड़ने का अवसर देता है। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर सभी को हार्दिक बधाई, शुभकामनाएं और जोहार।

### रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ योग कार्यक्रम में हुए शामिल



# झारखंडवासियों के इलाज में अब पैसा नहीं बनेगा बाधा : मुख्यमंत्री

### हर पात्र परिवार को 15 लाख तक का वार्षिक स्वास्थ्य बीमा मिलेगा

**चिकित्सा सुविधा**

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि अबुआ सरकार में झारखंडवासियों के इलाज में अब पैसा बाधा नहीं बनेगा। हर पात्र परिवार को इलाज के लिए 15 लाख तक का वार्षिक स्वास्थ्य बीमा का लाभ मिलेगा। सीएम ने अपने संदेश में कहा है कि राज्य के सभी लाल, पीला और हरा राशन कार्डधारी इस योजना के अंतर्गत शामिल हैं। झारखंड डॉट गॉभ डॉट इन पर जाकर घर बैठे अपना कार्ड बनवायें।

**नशाखोरी एक सामाजिक अभिशाप :** राज्य सरकार ने अपने दूसरे संदेश में कहा कि नशाखोरी एक सामाजिक अभिशाप है, जो व्यक्ति को हिंसक, परिवार की आर्थिक स्थिति को बर्बाद, शरीर को बीमारियों से ग्रसित और अंत में जीवन को अंधकार में धकेल देती है, इसलिए नशे से दूरी बनाएं और अपने परिवार, समाज और भविष्य को सुरक्षित करें। अधिक जानकारी के लिए 14446 पर संपर्क करें।

### पलामू में फोर्थ ग्रेड की नियुक्ति प्रक्रिया स्थगित

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के निर्देश के बाद पलामू में फोर्थ ग्रेड की बहाली प्रक्रिया पर रोक लगा दी गई है। इस मामले को लेकर राज्य के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने मुख्यमंत्री से मुलाकात कर नियमावली बनाकर बहाली करने का आग्रह किया। मुख्यमंत्री ने संबंधित अधिकारी को निर्देश दिया कि पलामू में चतुर्थवर्गीय कर्मचारियों की नियुक्ति प्रक्रिया तत्काल प्रभाव से रोक दी जाये। इस बीच सरकार ऐसी व्यवस्था तय करेगी जिससे राज्य के प्रत्येक जिले के स्थानीय युवाओं को चतुर्थवर्गीय पदों पर रोजगार का अवसर मिल सके। वित्त मंत्री ने बताया कि झारखंड में चतुर्थवर्गीय पदों पर नियुक्ति के लिए कोई नियमावली नहीं है और अभी बिहार सरकार की नियमावली के आधार पर नियुक्तियां की जा रही हैं।

## 24 जून से भारी बारिश व वज्रपात की चेतावनी जारी



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड में मॉनसून प्रवेश कर चुका है। मौसम विभाग ने 24 से 26 जून तक राजधानी रांची सहित कई जिलों में भारी बारिश और वज्रपात का येलो अलर्ट जारी किया है।

**22 और 23 जून को इन जिलों में होगी बारिश :** मौसम विभाग के अनुसार 22 और 23 जून को गढ़वा, पलामू, लातेहार, चतरा, देवघर, जामताड़ा, दुमका, पाकुड़, गोड्डा और साहिबगंज में बारिश की संभावना है।

**24 से 26 जून तक प्रभावित जिले :** वहीं 24 से 26 जून तक रांची, हजारीबाग, रामगढ़, खूंटी, लोहरदगा, गुमला, सरायकेला-खरसावां, पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम और सिमडेगा में बारिश की संभावना है।

**हल्के से मध्यम स्तर तक की बारिश :** विभाग के अनुसार, राज्य के विभिन्न हिस्सों में हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश हो सकती है, जबकि कुछ जिलों में भारी बारिश और वज्रपात की संभावना है। रांची में 24 जून से भारी बारिश की संभावना है।



# तहफ्फुज-ए-औकाफ कॉन्फ्रेंस आज, इमरान प्रतापगढ़ी समेत कई नेता होंगे शामिल

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड वक्फ एक्ट में संशोधन के खिलाफ 22 जून, दिन रविवार को रांची के बरियातू के पहाड़ी मैदान में तहफ्फुज-ए-औकाफ कॉन्फ्रेंस का आयोजन होगा। कांग्रेस के प्रदेश अल्पसंख्यक विभाग की माने तो इस कार्यक्रम में अल्पसंख्यक कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष और राज्यसभा सांसद इमरान प्रतापगढ़ी भी शामिल होंगे।

रविवार को होनेवाले कार्यक्रम की जानकारी देने के लिए कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेश अध्यक्ष मंजूर अंसारी और प्रदेश प्रभारी जिनल एन गाला ने सर्किट हाउस में मीडिया से बातचीत की। अल्पसंख्यक कांग्रेस के दोनों नेताओं ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार ने अल्पसंख्यकों की जमीन हड़पने के लिए संविधान के खिलाफ जाकर वक्फ एक्ट में बदलाव किया है, जिसका कांग्रेस लगातार विरोध करती रही है।

कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग की प्रदेश प्रभारी जिनल गाला ने कहा कि कल का कार्यक्रम अल्पसंख्यक कांग्रेस का नहीं बल्कि मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड का है, इसलिए उन्हें इस बारे में ज्यादा जानकारी नहीं है कि उन्होंने किन नेताओं को आमंत्रित किया है। उनके पास जो जानकारी है उसके अनुसार उनके नेता इमरान प्रतापगढ़ी इस कार्यक्रम में शामिल होने के लिए कल शाम 4 बजे सेवा विमान से रांची एयरपोर्ट पहुंचेंगे। अल्पसंख्यक कांग्रेस की ओर से उनका जोरदार स्वागत किया जाएगा। एयरपोर्ट से राज्यसभा सांसद बरियातू कार्यक्रम स्थल के लिए रवाना होंगे। जिनल गाला ने कहा कि स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी, राजद के राज्यसभा सांसद मनोज झा को भी आमंत्रित किया गया है। उन्होंने कहा कि वक्फ बिल अल्पसंख्यकों के खिलाफ है। जिस तरह देश में तीन कृषि कानून लागू होने पर सरकार को पीछे हटना पड़ा था, उसी तरह वक्फ संशोधन के मामले में भी उन्हें पीछे हटना पड़ेगा। मोदी सरकार सिर्फ मुस्लिम ही नहीं बल्कि जैन समुदाय को भी परेशान कर रही है। उन्होंने कहा कि हमें देश के सर्वोच्च न्यायालय से उम्मीद है।

जिनल एन गाला ने कहा कि 2014 में भाजपा और नरेंद्र मोदी ने सत्ता में आने के बाद स्विस बैंकों में रखे काले धन को वापस लाने और हर भारतीय के खाते में 15 लाख रुपये जमा करने का वादा किया था, अब एक रिपोर्ट आई है कि स्विस बैंकों में रखा काला धन तीन गुना हो गया है, ऐसे में क्या मोदी जी अब हर भारतीय के बैंक खाते में 45 लाख रुपये जमा करेंगे, यह एक बड़ा सवाल है। कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेश अध्यक्ष मंजूर अंसारी ने प्रेस वार्ता के दौरान कहा कि बहुसंख्यकों को लगता है कि यह बिल बेहतर है लेकिन हकीकत यह है कि यह बिल किसी भी स्थिति में अल्पसंख्यकों के लिए ठीक नहीं है। उन्होंने झारखंड कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के सभी पदाधिकारियों और कार्यकताओं को कार्यक्रम में शामिल होने के लिए रांची आमंत्रित किया है।

## खबर एक नजर में

### सिल्ली विधानसभा में 25 एंबुलेंस खड़ी-खड़ी हो गयी बेकार, हादसे के बाद भी नहीं मिली मदद, प्रशासन नाराज

**रांची।** सिल्ली विधानसभा इलाके में 25 से ज्यादा एंबुलेंस तो हैं, लेकिन कोई भी काम का नहीं है। ये सभी गाड़ियां विधायक और सांसद फंड से खरीदी गई थी और अलग-अलग एनजीओ को दी गई थी कि जरूरत के वक्त लोगों की मदद करे। लेकिन अफसोस, जब जरूरत पड़ी तो एक भी एंबुलेंस नहीं मिला।

**सोनाहातु हादसे में घायलों को निजी गाड़ी से भेजना पड़ा रिम्स :** 20 जून को सोनाहातु में एक बड़ा सड़क हादसा हुआ। तीन लोग बुरी तरह घायल हो गए। पहले तो उन्हें स्थानीय हेल्थ सेंटर ले जाया गया, फिर जब हालत बिगड़ी तो रिम्स रांची भेजना पड़ा। लेकिन एंबुलेंस नहीं मिला, इसलिए उन्हें प्राइवेट गाड़ी से भेजा गया। यहां गौर करने वाली बात ये है कि इतनी संख्या में एंबुलेंस होते हुए भी किसी को उसका फायदा नहीं मिल पाया।

**प्रशासन ने बार-बार भेजी चिळियां, फिर भी जवाब नहीं :** रांची जिला प्रशासन इस बात को लेकर काफी परेशान है। कई बार चिळियां भेजी गईं कि बताइए ये गाड़ियां कहां हैं, क्यों नहीं चल रही हैं, लेकिन अब तक कोई ढंग का जवाब नहीं मिला। अब फिर से प्रशासन ने सख़्ती दिखाई है और तीन दिन के अंदर सारी जानकारी देने को कहा है।

### देवघर के सब रजिस्ट्रार की हार्ट अटैक से मौत

**रांची।** देवघर के सब रजिस्ट्रार मनोज कुमार की शनिवार सुबह हार्ट अटैक से मौत हो गई। वह 47 वर्ष के थे और देवघर में पदस्थापित थे।मनोज कुमार ने शनिवार सुबह करीब 9 बजे नाश्ता करने के बाद ब्लड प्रेशर की दवाई खाई। कुछ देर बाद उन्हें बेचैनी महसूस होने लगी, जिसके बाद उन्होंने अपने ड्राइवर नीरज को डॉक्टर के पास ले जाने को कहा। गाड़ी में बैठते ही उनकी तबीयत और बिगड़ने लगी, इसके बाद उन्हें सदर अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलने पर देवघर के सभी प्रशासनिक पदाधिकारी सदर अस्पताल पहुंचे और शोक व्यक्त किया।

### सीएम से मिले आइएएस नैंसी सहाय और शशि रंजन





**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से शनिवार को कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में निदेशक, नगरीय प्रशासन, नगर विकास एवं आवास विभाग नैन्सी सहाय और निबंधक, सहयोग समितियां शशि रंजन ने मुलाकात की। मुख्यमंत्री से यह उनकी शिष्टाचार भेंट थी। दो दिन पहले नैंसी सहाय को निदेशक नगरीय प्रशासन और शशि रंजन को निबंधक सहयोग समितियां की जिम्मेवारी सौंपी गई है।

### सीसीएल के सभी क्षेत्रों में मनाया गया अंतरराष्ट्रीय योग दिवस




**रांची।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 2025 के अवसर पर सीसीएल ने अपने सभी एरिया में योग दिवस का आयोजन किया। इसी श्रृंखला में शनिवार को पिपरवार एरिया के मैदान नंबर-4 में विशाल योग सत्र का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सभी प्रतिभागियों को योगाभ्यास कराया गया। इसमें सीसीएल के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक नीलेंदु कुमार सिंह, निदेशक (वित्त) पवन कुमार मिश्रा, निदेशक (मानव संसाधन) हर्ष नाथ मिश्र, निदेशक (तकनीकी/संचालन) चंद्र शेखर तिवारी, मुख्य सतर्कता अधिकारी (सीवीओ) पंकज कुमार, पिपरवार क्षेत्र के महाप्रबंधक संजीव कुमार, सीसीएल हेडक्वाटर के अधिकारी, कर्मचारी, श्रमिक संघ के प्रतिनिधि, बड़ी संख्या में महिला कर्मी, ग्रामीण, हितधारक शामिल हुए। इस अवसर पर सीसीएल के सीएमडी ने योग को जीवन का अभिन्न अंग बताते हुए कहा कि योग न केवल शरीर को स्वस्थ रखता है, बल्कि यह मानसिक संतुलन और आंतरिक ऊर्जा को भी जागृत करता है। सीसीएल अपने कर्मचारियों और समुदायों के समग्र विकास के लिए निरंतर इस प्रकार के आयोजनों को प्रोत्साहित करता रहेगा। कार्यक्रम में योग गुरु गिरिन गोविंद ने सभी प्रतिभागियों को योगाभ्यास कराया। योग से होने वाले शारीरिक, मानसिक और आत्मिक लाभों पर विस्तार से प्रकाश डाला। गिरिन गोविंद वर्तमान में श्री श्री योग के अंतर्राष्ट्रीय निदेशक हैं। उन्होंने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि कैसे योग जीवन में संतुलन और शांति लाता है।

## सुदेश को जन्मदिन पर मिली बधाई

**रांची।** आजसू सुप्रीमो सुदेश कुमार महतो को जन्मदिन पर पार्टी के नेताओं, कार्यकर्ताओं और शुभचिंतकों ने बधाई दी है। साथ ही उनके जन्मदिन पर कार्यकर्ताओं ने केक काटकर उन्हें बधाई दी। इस मौके पर श्री महतो को कार्यकर्ताओं ने केक खिलाया। सुदेश महतो को बुकरू स्थित आवास पर बड़ी संख्या में कार्यकर्ता दूर दराज से पहुंचे और अपने नेता को बूके भेंट किया। कार्यकर्ताओं ने कहा कि सुदेश दादा उनके जननेता हैं। युवा और राज्य को संवारनेवाले, विजनरी नेता हैं।

## झारखंड चैंबर का वियतनाम का अंतर्राष्ट्रीय दौरा 24 से

**रांची।** फेडरेशन ऑफ झारखण्ड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के सदस्य 24 से 30 जून तक वियतनाम का अंतर्राष्ट्रीय दौरा पर जा रहे है। इस व्यवसायिक दौरे में टेक्सटाइल, टूरिज्म, फूड प्रोसेसिंग, ऑटोमोबाइल, ट्रांसपोर्ट, हॉस्पिटैलिटी समेत विभिन्न सेक्टर्स से जुडे. 21 सदस्यीय दल शामिल हैं। ये जानकारी शनिवार को देते हुए चैंबर अध्यक्ष परेश गप्तानी ने कहा कि वियतनाम में भारतीय राजदूतावास के अलावा इंडियन बिजनेस चेंबर इन वियतनाम, वियतनाम एसोसियेशन ऑफ फॉरेन इंवेस्टेड इंटरप्राइजेज, वियतनाम चेंबर ऑफ कॉमर्स कई स्थानीय कंपनी के उच्चाधिकारियों के साथ झारखण्ड चैंबर की बैठकें आयोजित हैं। कार्यक्रम संयोजक शैलेष अग्रवाल ने अवगत कराया कि 24 जून को सुबह 10 बजे बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर माननीय उद्योग एवं श्रम मंत्री संजय प्रसाद यादव चैंबर प्रतिनिधिमंडल को फ्लैग ऑफ करेंगे।

## आदिवासी कल्याण योजनाओं की समीक्षा बैठक, मंत्री चमरा लिंडा ने दिए निर्देश

# छात्रवृति योजना के लिए छात्रों का करें चयन

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** आदिवासी कार्य मंत्री श्री चमरा लिंडा ने विभागीय सचिव, आदिवासी कल्याण आयुक्त एवं आदिवासी सहकारी विकास निगम के प्रबंध निदेशक के साथ विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की। शनिवार को समीक्षा बैठक में विभागीय योजनाओं के बेहतर संचालन एवं लाभार्थियों तक समय पर लाभ पहुंचाने को लेकर कई अहम निर्देश जारी किए गये। मंत्री लिंडा ने शिक्षा क्षेत्र पर विशेष जोर देते हुए अनुसूचित जनजाति के मेधावी छात्र-छात्राओं को विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए उत्कृष्ट कोचिंग संस्थानों में प्रशिक्षण की सुविधा सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि गुणवत्तापूर्ण कोचिंग से युवाओं को मुख्यधारा में लाने में मदद मिलेगी।

**मरंग गोमके पारदेशीय छात्रवृत्ति योजना में छात्रों को शीघ्र चयन करें :** बैठक में मरंग गोमके पारदेशीय छात्रवृत्ति योजना के तहत छात्र-छात्राओं के शीघ्र चयन की दिशा में आवश्यक कार्रवाई करने को भी कहा गया। इस योजना के अंतर्गत विदेशों में उच्च शिक्षा प्राप्त करने वाले आदिवासी विद्यार्थियों को सहायता प्रदान की जाती है।

इसके साथ ही राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी साइकिल योजना को तेजी से लागू करते हुए सभी जिलों में शीघ्र साइकिल वितरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

### मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना पर जोर

मंत्री ने मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के प्रभावी क्रियान्वयन पर बल दिया और युवाओं को स्वरोजगार के लिए प्रेरित करने के प्रयासों को तेज करने की बात कही। स्वास्थ्य के क्षेत्र में भी मंत्री लिंडा ने 16 ग्रामीण कल्याण अस्पतालों के बेहतर प्रबंधन एवं संचालन के लिए त्वरित कदम उठाने का निर्देश दिया ताकि दूरस्थ क्षेत्रों के लोगों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं मिल सके। बैठक के दौरान अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि सभी योजनाओं की समयबद्ध समीक्षा कर उन पर क्रियान्वयन की गति बढ़ाई जाये, ताकि योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंच सके।

## पीएम मोदी से मिलने की थी हसरत, किस्मत ने हमशक्ल से मिला दिया : डॉ इरफान अंसारी



**रांची।** राज्य के स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी पीएम नरेंद्र मोदी से मिलना चाहते हैं। पर अब तक उनकी मुलाकात नहीं हो पाई है। सोशल मीडिया पोस्ट में एक वीडियो शेयर करते हुए उन्होंने लिखा है कि मोदी जी से मिलने की हसरत थी, पर किस्मत ने हमशक्ल से मिला दिया! चेहरे वही थे, बस वादे थोड़े कम थे। फिर भी दिल खुश हुआ। कभी-कभी कॉपी भी ओरिजिनल से ज्यादा प्यारी लगती है! यह वीडियो सोशल मीडिया में काफी तेजी से वायरल हो रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कई हमशक्ल हैं, जो अक्सर भीड़ का ध्यान अपनी ओर खींच लेते हैं।

## राज्यभर के कृषक मित्र 23 जून को कृषि मंत्री के आवास का करेंगे घेराव

**रांची।** झारखंड प्रदेश कृषक मित्र महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष शशि कुमार भगत ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए जानकारी दी है कि राज्यभर के कृषक मित्र 23 जून 2025 को रांची में झारखंड सरकार की कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की के आवास का घेराव करेंगे। यह आंदोलन सम्मानजनक मानदेय और स्थायीकरण की वर्षों पुरानी मांगों को लेकर किया जा रहा है। अध्यक्ष श्री भगत ने बताया कि पिछले 15 वर्षों से कृषक मित्र राज्य के विभिन्न विभागों जैसे कि कृषि विभाग, आत्मा परियोजना, सहकारिता विभाग, पशुपालन, गव्य विकास, उद्यान, मनरेगा, स्वास्थ्य, आपदा प्रबंधन तथा भूमि संरक्षण विभाग आदि में महत्त्वपूर्ण कार्य कर रहे हैं। इसके बावजूद आज तक उन्हें कोई सम्मानजनक मानदेय नहीं मिलता है। उन्होंने बताया कि कॉपी, कलम, बैग जैसी आवश्यक सामग्रियों के लिए मात्र ?12,000 प्रति वर्ष का प्रावधान है, वह भी सभी को नियमित रूप से नहीं मिलता है। कई जिलों में वर्षों से भुगतान लंबित है, जबकि कार्य का दबाव लगातार बढ़ता जा रहा है। यदि कार्य नहीं किया गया तो निदेशक विकास कुमार द्वारा सेवा से हटाने और वेतन कटौती की धमकी दी जाती है, जिससे कृषक मित्रों को मानसिक तनाव और आर्थिक तंगी का सामना करना पड़ रहा है। दुर्भाग्यवश, इस स्थिति में कई कृषक मित्रों की मृत्यु भी हो चुकी है।

# झारखंड में 134 एपीपी पदों पर निकली वेकेंसी, 29 से भरे जायेंगे ऑनलाइन फार्म

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

रांची। झारखंड के युवाओं के लिए एक बड़ी खबर है। राज्य सरकार 134 एपीपी (असिस्टेंट पब्लिक प्रोसेक्युटर) पदों पर नियुक्ति करने जा रही है। इसके लिए ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया 29 जून से शुरू होगी और इच्छुक अभ्यर्थी 21 जुलाई तक फॉर्म भर सकेंगे। रजिस्ट्रेशन जेपीएससी डॉ गॉभ डॉट इन वेबसाइट पर किया जा सकेगा। इस परीक्षा में बैठने के लिए उम्मीदवार का किसी भी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक होना जरूरी है। साथ ही उसकी उम्र न्यूनतम 21 वर्ष होनी चाहिए।

**चयन प्रक्रिया :** उम्मीदवारों को दो चरणों की परीक्षा देनी होगी - प्रारंभिक परीक्षा और मुख्य परीक्षा। मुख्य परीक्षा के तहत लिखित परीक्षा एवं व्यक्तित्व परीक्षा होगी। प्रारंभिक परीक्षा 300 अंकों की होगी और इसमें दो पेपर होंगे। जो उम्मीदवार इसमें सफल होंगे, वे 1300 अंकों की मुख्य परीक्षा में शामिल होंगे। कुल रिक्तियों के विरुद्ध आरक्षण, 7 सीट महिलाओं के लिए आरक्षित है।

कुल अनुसूचित जनजाति रिक्तियों का 2% पद आदिम जनजाति के लिए आरक्षित है।

कुल रिक्तियों का 2% पद खेल कोटे के लिए आरक्षित है।

कुल रिक्तियों का 4% पद अंधे, मूक-बधिर और चलने-फिरने में अक्षम या सेरेब्रल पाल्सी और ऑटिज्म या दिव्यांग के लिए आरक्षित है।

| वर्ग | अधिकतम आयु |
|---|---|
| सामान्य | 35 वर्ष |
| आर्थिक रूप से कमजोर | 35 वर्ष |
| पिछड़ा वर्ग | 37 वर्ष |
| अनुसूचित जाति/जनजाति | 40 वर्ष |
| **वर्गानुसार आरक्षण वर्ग** | **रिक्तियों की संख्या** |
| जेनरल (अनारक्षित) | 52 |
| ईडब्ल्यूएस | 15 |
| बीसी-1 | 11 |
| बीसी-2 | 8 |
| एससी | 13 |
| एसटी | 35 |

**महत्वपूर्ण तिथियां :** ऑनलाइन आवेदन शुरूः 29 जून 2025

आवेदन की अंतिम तिथिः 21 जुलाई 2025, 5 बजे शाम तक

फीस भुगतान की अंतिम तिथिः 22 जुलाई 2025

# ऋण माफी योजना से 4.82 लाख किसानों का लोन माफ, 1828.15 करोड़ आवंटित

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

रांची। झारखंड में किसान ऋण माफी योजना के तहत 4 लाख 81 हजार 872 किसानों का ऋण माफ किया जा चुका है। वहीं 1732 किसानों के ऋण माफी की प्रक्रिया चल रही है। सही डेटा नहीं देने के कारण 17,924 किसानों का भुगतान विफल रहा है। वहीं 5,01,528 किसानों का ई-केवाईसी कराया जा चुका है।

**छह जिलों को 100 करोड़ से अधिक राशि आवंटित :** किसान ऋण माफी योजना के तहत छह जिलों को 100 करोड़ से अधिक की राशि आवंटित की गई है। पलामू को सबसे अधिक 151.37 करोड़ रुपए प्रदान किए गए हैं। इसके बाद देवघर को 137.36 करोड़, गढ़वा को 127.33 करोड़, हजारीबाग को 110.12 करोड़,रांची को 109.68 करोड़ और पूर्वी सिंहभूम को 106.27 करोड़ रुपए निर्गत किए गए हैं।

### किस जिले को कितने राशि

| जिला | राशि(करोड़ में) |
|---|---|
| बोकारो | 64.5 |
| चतरा | 86.49 |
| देवघर | 137.36 |
| धनबाद | 39.14 |
| दुमका | 92.36 |
| पूर्वी सिंहभूम | 106.27 |
| गढ़वा | 127.33 |
| गिरिडीह | 95.87 |
| गोड्डा | 74.78 |
| गुमला | 50.68 |
| हजारीबाग | 110.12 |
| जामताड़ा | 79.52 |
| खूंटी | 27.79 |
| कोडरमा | 40.92 |
| लातेहार | 62.64 |
| लोहरदगा | 41.07 |
| पाकुड़ | 30.96 |
| पलामू | 151.37 |
| रामगढ़ | 32.25 |
| रांची | 109.68 |
| साहेबगंज | 60.03 |
| सरायकेला | 86.02 |
| सिमडेगा | 24.68 |
| पश्चिमी सिंहभूम | 96.42 |

## आजसू के संघर्ष की देन है झारखंड : डॉ देवशरण

**खबर मन्त्र संवाददाता**



रांची। झारखंड का इतिहास केवल एक भौगोलिक इकाई या प्राकृतिक संसाधनों की समृद्धि की कहानी नहीं है, बल्कि यह अस्मिता, सामाजिक न्याय और स्वाभिमान की चेतना से उपजा हुआ राज्य है। इस चेतना को आकार देने और जीवंत बनाने में सबसे महत्वपूर्ण भूमिका निभाई झारखंड की युवाशक्ति ने आजसू के नेतृत्व में। 22 जून 1986 को झारखंड के छात्रों-युवाओं ने आजसू का गठन कर सामाजिक क्रांति का बिगुल फूंका। यह केवल राजनीतिक प्रतिनिधित्व तक सीमित नहीं था, बल्कि सम्मान, अधिकार और संस्कृति की रक्षा के लिए एक जनांदोलन था। यह बदलाव किसी एक विचारधारा या संगठन से नहीं आया, बल्कि अनेक संगठनों, विचारों और नेतृत्वों के सामूहिक प्रयासों का परिणाम था।

आजसू उन संगठनों में सबसे अग्रणी रही, जिसने आंदोलन को न केवल वैचारिक दिशा दी, बल्कि उसे एक संगठित नेतृत्व और जनबल भी दिया। इसने झारखंडीयता की आत्मा और सांस्कृतिक पहचान को राजनीतिक अस्त्र के रूप में परिवर्तित किया - यही इसका मूल दर्शन बना।

**आजसू ने वार्ता का रास्ता खोला :** 1989 में जब तीन दिवसीय 72 घंटे का झारखंड बंद हुआ, तो केंद्र सरकार की नींद टूटी और पहली बार झारखंड की मांग को गंभीरता से लिया गया। आजसू के नेतृत्व में 1989 में तत्कालीन गृहमंत्री बूटा सिंह से प्रथम वार्ता हुई। इसके बाद झारखंड विषयक समिति गठित हुई। 1999 में तत्कालीन गृहमंत्री लालकृष्ण आडवाणी से पुनः वार्ता हुई, जिसमें आजसू ने वनांचल की बजाय झारखंड नामकरण की मांग की, जिसे श्री आडवाणी ने स्वीकार कर लिया। जिसके बाद आजसू राजग में शामिल हो गई। इस वार्ता में सुदेश महतो, स्व कमल किशोर भगत, प्रवीण प्रभाकर, हसन अंसारी एवं ललित महतो शामिल थे। इसके तुरंत बाद वर्ष 2000 में तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने अलग झारखंड राज्य देने की घोषणा की।

# आजसू का स्थापना दिवस समारोह आज खेलगांव में, शहीदों को होगा समर्पित

### राजधानी को झंडा-बैनर से सजाया, बंगाल और पलामू से पहुंचे कार्यकर्ता

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** आजसू पार्टी अपना स्थापना दिवस रविवार को बलिदान दिवस के रूप में मना रही है। केंद्रीय स्तर पर मुख्य समारोह खेलगांव के हरिवंश टाना भगत इनडोर स्टेडियम में आयोजित किया गया है। समारोह की तैयारी पूरी हो चुकी है।

**सुदेश महतो, चंद्रप्रकाश चौधरी समेत कई नेता करेंगे संबोधित :** समारोह को केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश महतो, केंद्रीय उपाध्यक्ष सह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी, विधायक निर्मल महतो, मंत्री रामचंद्र सहिस, पूर्व विधायक डॉ लंबोदर महतो, मुख्य प्रवक्ता डॉ देवशरण भगत, झारखंड आंदोलनकारी प्रवीण प्रभाकर, डोमन सिंह मुंडा, हसन अंसारी, राजेंद्र मेहता, हरेलाल महतो, यशोदा देवी, जिप अध्यक्ष निर्मला भगत, संजय मेहता समेत कई नेता संबोधित करेंगे।

**राज्य के 264 प्रखंडों से कार्यकर्ता आएंगे :** समारोह में झारखंड के 24 जिलों एवं 264 प्रखंडों से कार्यकर्ता भाग लेने पहुंचेंगे। सभी जिलों तथा प्रखंडों में व्यापक तैयारी की गई है।

**बंगाल एवं पलामू से कार्यकर्ता पहुंचे :** स्थापना दिवस समारोह में शामिल होने के लिए पश्चिम बंगाल के झाड़ग्राम, मेदिनीपुर से कार्यकताओं की एक टोली बादल महतो के नेतृत्व में खेलगांव पहुंच चुकी है, जिन्हें वहीं ठहराने की व्यवस्था की गई है। पलामू से भी कार्यकताओं का एक जत्था पहुंच चुका है।

**ओडिशा से भी आएंगे कार्यकर्ता :** समारोह में ओडिशा के कई इलाकों रायरंगपुर, बारीपाडा आदि से भी कार्यकर्ता आ रहे हैं।

**वरिष्ठ नेता तैयारी में लगे :** उत्तरी छोटानागपुर में जहां सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी, विधायक निर्मल महतो तथा लंबोदर महतो तैयारी में लगे हैं, वहीं दक्षिणी छोटानागपुर में डॉ देवशरण भगत, राजेंद्र मेहता, श्रीमती निर्मला भगत आदि ने सभी जिलों में बैठक की। कोल्हान में प्रधान महासचिव रामचंद्र सहिस, हरेलाल महतो, दामु बानरा, संथाल परगना में जोनाथन टुडू एवं प्रवीण प्रभाकर और पलामू में हसन अंसारी ने कार्यकताओं को लामबंद किया।

**झंडा बैनर से सजी राजधानी :** समारोह की तैयारी को लेकर रांची महानगर के कार्यकताओं ने पूरे शहर तथा खेलगांव को पार्टी के झंडा और बैनर से सजाया है तथा वरिष्ठ नेताओं के कट आउट चौराहों पर लगाए गए हैं।

**महानगर में निकलेगा मोटरसाइकिल जुलूस :** विभिन्न मोहल्लों से महानगर कार्यकर्ता मोटरसाइकिल जुलूस की शक्ल में खेलगांव स्थित समारोह स्थल पहुंचेंगे।

सुप्रभात
रविवार 22.06.2025
धनबाद, वर्ष 02, अंक 98
epaper.khabarmantra.net
धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
खबर मन्त्र
सबकी बात सबके साथ

# स्वस्थ और खुशहाल बनने के लिए योग काफी असरदार : न्यायाधीश

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर जिले के विभिन्न स्थानों पर योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिले के वरीय अधिकारी, जनप्रतिनिधि, छात्र छात्राओं के साथ साथ सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने योग अभ्यास किया। बहुत लोगों ने घर, पार्क में भी योग किया।

सिविल कोर्ट में योग प्राणायाम का कार्यक्रम का आयोजन किया गया। योग शिक्षक ने योग के विभिन्न मुद्राओं को लोगों को बताया। कार्यक्रम में शामिल प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश वीरेंद्र कुमार तिवारी ने कहा योग हमारी संस्कृति और जड़ों से जुड़ा हुआ है। इसलिए स्वस्थ और खुशहाल बनने के लिए योग काफी असरदार होता है। प्राणायाम, आसन, योग मुद्राएं करने से शरीर में प्राण वायु का बेहतर संचार होता है। स्वस्थ रहने के लिए योग करना बेहद जरूरी है। अवर न्यायाधीश सह सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार मयंक तुषार टोपनो ने कहा कि आज के व्यस्ततम जीवनशैली, में लोगों को चिंता, अवसाद जैसी मनोवैज्ञानिक और मानसिक समस्याओं का सामना भी करना पड़ता जो इस समय मानवता के लिए सबसे बड़ी चुनौती है। उन्होंने बताया कि इस बार लीगल एड डिफेंस काउंसिल सिस्टम, सभी लीगल लिटरेसी क्लब में भी डालसा के पीएलभी, पैनल अधिवक्ताओं के द्वारा योग कार्यक्रम आयोजित किया गया है।आयुष समिति ने कोयला नगर स्थित नेहरू कॉम्प्लेक्स में जिला स्तरीय योग कार्यक्रम का आयोजन किया। वहाँ मौजूद सभी लोगों ने अर्ध चन्द्रासन, भुजंग आसन, पद्मासन, वज्रासन, सिद्धासन, मत्स्यासन, वक्रासन, गोमुखासन, पश्चिमोत्तनासन, ब्राह्म मुद्रा, उष्ट्रासन, सहित कई अन्य आसान किए। इस मौके पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायालय वीरेंद्र कुमार तिवारी, प्रधान न्यायाधीश कुटुंब न्यायालय, जिला एवं सत्र न्यायाधीश, मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी आरती माला, अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी पी एस घोष, अवर न्यायाधीश राजीव कुमार सिंह, शमा रोशनी कुलू, अनुमंडल न्यायिक दंडाधिकारी अभिजीत पाण्डेय, समेत सभी न्यायिक पदाधिकारीयों ने योगासन किया।

## योग से शरीर, मन और आत्मा को एक साथ लाया जाता है: सांसद



सांसद धनबाद श्री ढुलू महतो ने कहा कि योग एक प्राचीन भारतीय पद्धति है। जिसमें शरीर, मन और आत्मा को एक साथ लाया जाता है। योग के माध्यम से शरीर, मन और मस्तिष्क को पूर्ण रूप से स्वस्थ किया जा सकता है। धनबाद विधायक राज सिन्हा ने कहा कि योग को अपनाकर कई शारीरिक और मानसिक कमियों को दूर किया जा सकता है। योग हमारी प्रतिरक्षा प्रणाली को मजबूत बनाकर जीवन में नई-ऊर्जा का संचार करता है। कार्यक्रम से पूर्व सभी ने प्रधानमंत्री का लाइव संबोधन देखा। वहीं कार्यक्रम के समापन के बाद 'एक पेड़ मां के नाम' के तहत सांसद, विधायक सहित अन्य गणमान्य लोगों ने नेहरु कॉम्प्लेक्स में पौधा रोपण किया। कार्यक्रम में सिटी एसपी ऋत्विक श्रीवास्तव, ग्रामीण एसपी कपिल चौधरी, सिविल सर्जन डॉ चंद्र भानु प्रतापन, डीएसपी नौशाद आलम, सुमित कुमार, अरविन्द कुमार सिंह, भारत कोकिंग कोल लिमिटेड के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक समीरन दत्ता, निदेशक तकनिकी (संचालन) संजय कुमार सिंह, निदेशक (एचओडी) एम.के. रमैया, जिला आयुष पदाधिकारी डॉ कुमकुम, आयुर्वेदिक चिकित्सा पदाधिकारी डॉ अमरेंद्र पाठक आदि उपस्थित थे।





## भाजपाइयों ने योग से निरोग रहने का दिया संदेश

भाजपा महानगर ने जगजीवन नगर में स्थित बुद्धा पार्क में योग शिविर लगाकर सामूहिक रूप से योग किया गया। शहर के लोगों को योग का नियमित अभ्यास कर निरोग रहने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में सांसद ढुल्लू महतो, धनबाद विधायक राज सिन्हा, जिला अध्यक्ष श्रवण राय, राजा राम दत्ता, मानस प्रसून, संजीव अग्रवाल, नित्यानंद मंडल, मुकेश सिंह, विजय रजक आदि शामिल थे। इसके अलावा भाजपाइयों ने विभिन्न मंडलों में भी योग शिविर लगाकर योग अभ्यास किया।

## सीआरपीएफ कैंप में किया गया योगाभ्यास

प्रधानखंटा (धनबाद)। 21 जुन, को 154 बटालियन सीआरपीएफ प्रधानखंटा कैंप में 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कमाण्डेन्ट सुनिल दत्त त्रिपाठी, अभिनव आनंद द्वितिय कमान अधिकारी के सभी जवानों और अधिकारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और योग के विभिन्न आसनों का अभ्यास किया। कमाण्डेन्ट ने कहा कि योग न केवल शारीरिक स्वास्थ्य के लिए महत्वपूर्ण है, बल्कि यह मानसिक शांति और संतुलन को भी बढ़ावा देता है। उन्होंने कहा कि सीआरपीएफ जैसे अर्धसैनिक बलों में योग का महत्व और भी अधिक है, क्योंकि यह जवानों को शारीरिक और मानसिक रूप से मजबूत बनाता है।

## स्पीड न्यूज

### एकड़ा में योग शिविर का आयोजन

**लोयाबाद।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर शनिवार को एकड़ा में योग शिविर का आयोजन किया गया।लोयाबाद मंडल भाजपा अध्यक्ष दिनेश रवानी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं एवं आम लोगों ने एक साथ योगाभ्यास किया। योग प्रशिक्षक कमलेश प्रजापति ने कहा कि तनाव से मुक्त तथा शांतिपूर्वक जीवन व्यतित करने के लिये वर्तमान समय में हर व्यक्ति को योग करना चाहिये। दिनेश रवानी ने कहा कि योग एक ऐसी सुलभ एवं प्राकृतिक पद्धति है, जिससे स्वस्थ मन एवं स्वस्थ शरीर के साथ-साथ अनेक अध्यात्मिक लाभ प्राप्त किया जा सकता है। राम सिंह महेश पासवान, अरुण गुप्ता, नारायण साहू, शोले मल्लाह, मिंटू पासवान, गोविंद सिंह, मुन्ना पासवान आदि शामिल थे।

### क्विज प्रतियोगिता का आयोजन

**लोयाबाद।** अम्बेडर एकाडमी स्कूल लोयाबाद में शनिवार को क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। अम्बेडकर एकाडमी, ज्ञान गुरुकुल, बीजीएस हाई स्कूल, इंदिरा गांधी स्कूल, मार्डन स्कूल एवं प्राथमिक विधालय सेन्द्रा के कुल 70 बच्चों ने भाग लिया। एक नजर शिक्षा की ओर नामक संस्था द्वारा आयोजित इस प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितिय व तृतीय स्थान पर आने वाले बच्चों को ट्राफी के अलावा निशुल्क कम्पयुटर कोर्स कराया जाएगा। संस्था के गौतम राम अम्बेडकर एकाडमी के प्राचार्य बिनोद रस्तोगी, सुमीता राउत, कामिनी भंडारी, सुनील कुमार, रंजीत राजवंशी, शंभू राय, साइस्ता परवीन आदि मौजूद थे।

### नाबालिग को लेकर प्रेमी युवक फरार

लोयाबाद। एकड़ा की रहने वाली नाबालिग लड़की को लेकर प्रेमी युवक फरार हो गया। घटना गुरुवार सुबह की बताई जा रही है। लड़की के परिजन शनिवार को लोयाबाद थाना पहुचकर बेटी को वापस लाने की फरियाद की है। प्रेमी युवक कतरास का रहने वाला बताया जा रहा है। कहा जा रहा है कि युवक बालिग है। इंटर में पढ़ने वाली एकडा की लड़की का फेसबुक और इंस्टाग्राम के जरिये युवक से जान पहचान हुई। दोस्ती कब प्यार में बदला किसी को खबर तक नही है।दोनों के बीच करीब एक साल से प्रेम प्रसंग चल रहा था। युवती ने प्रेमी संग ट्रेन मे बैठे हुए इंस्टाग्राम पर फोटो डाली है और घर वालों को शुक्रवार को घर में फोन कर बताई भी, कहाँ हम प्रेमी संग जा रहे है। इधर लड़की की मां ने बताया कि मेरी बेटी साथ कुछ अनहोनी हो सकती है। अगर दोनों को साथ ही रहना है तो,वापस आ जाये,हमलोग उसका विधिवत विवाह करा देंगे। नाबालिग पुत्री की इस तरह जाने से घर वाले परेशान है।

# सिंदरी की जनता को आवास के मामले में वेवजह घबराने की जरूरत नहीं : ढुलू महतो

खबर मन्त्र संवाददाता



**सिंदरी।** धनबाद सांसद ढुलू महतो ने शनिवार को सिंदरी चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष दीपक कुमार दीपू के आवास पर आयोजित बैठक में आवास खाली करने के लिए एफसीआई प्रबंधन द्वारा लगातार जारी किए जा रहे नोटिस पर गहरी नाराजगी जताई।

उन्होंने कहा कि संसद के मॉनसून सत्र में केंद्रीय रसायन और उर्वरक मंत्री जे पी नड्डा से मिलेंगे और सिंदरी के सभी मुद्दों के समाधान का प्रयास करेंगे। सांसद ने मॉनसून सत्र के दौरान सिंदरी के एक प्रतिनिधिमंडल को भी दिल्ली बुलाया है। जिससे सभी समस्याओं पर केंद्रीय मंत्री स्तर पर बातचीत हो सकेगी। बैठक में लोगों ने एफसीआई के रिटेनर की शिकायत की और आरोप लगाया कि रिटेनर एफसीआई के बंगलो की सुविधा का उपयोग कर रहें हैं। जबकि रिटेनर के लिए आवास की सुविधा नहीं है। रिटेनर पर पद का दुरुपयोग कर अपने परिवार के सभी सदस्यों को नियोजित करवाने का भी आरोप भाजपा की नगर कमेटी के सदस्यों ने लगाया। जबकि सेवानिवृत्त कर्मियों के आश्रितों को नियोजन मिलना चाहिए था। रिटेनर रहने के वाबजूद नियमों में घालमेल करते हुए गलत तरीके से अर्थ के एवज में आवासों का आवंटन और डोमगढ़ के आवंटित दुकानों से किराया वसूलने का आरोप भी लगाया गया। जबकि दुकानों का आवंटन रद्द किया जा चुका है। सांसद ने कहा कि मानसूत्र सत्र के दौरान केंद्रीय मंत्री के समक्ष इस मामले को उठाकर रिटेनर को हटाने की मांग करेंगे और आवास के रेवेन्यू की वर्ष 2003 के नियमों के अनुसार वसूली की मांग करेंगे। बैठक में बहुत सारी समस्याओ की ओर सांसद का ध्यान आकर्षित किया गया। बैठक में भाजपा नगर अध्यक्ष अरविंद पाठक, दीपक कुमार दीपू, राकेश तिवारी, इंद्रमोहन सिंह, विजय सिंह, दिनेश सिंह, प्रकाश बाउरी, संजू महतो, पूर्व पार्षद साहेबराम हेंब्रम, गोवर्धन मंडल उपस्थित थे।

# टाटा स्टील में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन



खबर मन्त्र संवाददाता

**जोड़ापोखर।** टाटा स्टील के झरिया डिवीजन में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस बड़े उत्साह के साथ मनाया गया, जिसमें लगभग 50 प्रतिभागियों ने स्वास्थ्य, सद्भाव और सजगता की भावना के साथ भाग लिया। यह कार्यक्रम डिगवाडीह कम्युनिटी सेंटर में आयोजित किया गया।इस अवसर की शोभा संजय राजोरिया, जेनरल मैनेजर, झरिया डिवीजन, टाटा स्टील; सुनीता राजोरिया एवं सुब्रत दास, चीफ, जामाडोबा ग्रुप, झरिया डिवीजन, टाटा स्टील ने बढ़ाई। कार्यक्रम में राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन के अध्यक्ष अशोक राय एवं सचिव संतोष महतो की भी उपस्थिति रही।कार्यक्रम की शुरूआत योग के लाभों की संक्षिप्त जानकारी से हुई, जिसके बाद विभिन्न योग आसनों एवं प्राणायाम का अभ्यास कराया गया।योग सत्र का संचालन बरुण बनर्जी, हेड (सेफ्टी), झरिया डिवीजन, टाटा स्टील द्वारा सहज और प्रभावशाली रूप में किया गया, जिससे यह सभी के लिए सुलभ और आनंददायक बन गया। यह कार्यक्रम मानव संसाधन विभाग द्वारा टाटा स्टील फाउंडेशन के सहयोग से आयोजित किया गया। यह आयोजन केवल योगाभ्यास तक सीमित नहीं था, बल्कि यह जीवन में संतुलन, अनुशासन और आंतरिक शांति को अपनाने का एक माध्यम था।

# जलशक्ति मिशन में घोटाला : कागजों पर बनी तीन पानी टंकियां, धरातल पर एक भी नहीं

खबर मन्त्र संवाददाता

**गिरिडीह/बिरनी।** बिरनी प्रखंड अंतर्गत बरोटोला गांव में जलशक्ति मिशन के तहत भारी अनियमितता और लापरवाही का चौंकाने वाला मामला सामने आया है। ग्रामीणों ने खुलासा किया है कि उनके गांव में बिना पानी स्रोत की पुष्टि किए पानी टंकी के निर्माण की प्रक्रिया शुरू कर दी गई थी, जिसे बाद में विरोध के बाद अधूरा छोड़ दिया गया। सबसे बड़ा खुलासा तब हुआ जब ग्रामीणों ने देखा कि बरोटोला के नाम की पानी टंकी का बोर्ड दूसरे गांव में लगा हुआ है। संदेह बढ़ने पर जब ग्रामीणों ने सूचना का अधिकार के तहत जानकारी मांगी, तो उन्हें पता चला कि कागजों पर उनके गांव में तीन पानी टंकियां दर्शाई गई हैं और सैकड़ों लाभुकों के नाम लिस्ट में दर्ज हैं, जो 'नल-जल योजना' का लाभ ले रहे हैं। जबकि हकीकत यह है कि न तो गांव में कोई पानी टंकी मौजूद है और न ही किसी भी घर तक पाइपलाइन कनेक्शन पहुंचा है। ग्रामीणों का कहना है कि अगर



समय रहते इस तरह की अनियमितताओं पर सख्त कार्रवाई नहीं हुई, तो आने वाले समय में यह योजनाएं सिर्फ घोटालों का माध्यम बनकर रह जाएंगी और जनता तक इनका कोई लाभ नहीं पहुंचेगा।

### क्या कहा मुखिया और अभियंता ने

मुखिया इस्लाम अंसारी और संबंधित कनीय अभियंता से पूछे जाने पर उन्होंने माना कि यह गंभीर लापरवाही है और कहा कि अगर बरोटोला के नाम से बनी पानी टंकी दूसरे गांव में पाई गई है और लाभुकों की सूची में नाम होने के बावजूद कोई सुविधा नहीं दी गई है, तो यह गलत है। हम इसकी जांच कराएंगे और दोषियों पर कार्रवाई की जाएगी।

## योग करने एवं स्वस्थ जीवन जीने की शुभकामनाएं दी : कुलपति

धनबाद। बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय धनबाद में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कुलपति वरीय प्रो.(डॉ) राम कुमार सिंह ने सभी को योग करने एवं स्वस्थ जीवन जीने की शुभकामनाएं दी। इस दिवस पर बतौर प्रो.देवेंद्र कुमार चौबे हिंदी विभाग पी के राय कॉलेज धनबाद ने सभी को योगा करवाया। इस कार्यक्रम में डीएसडब्ल्यू , डीन मानविकी संकायाध्यक्ष सहित सभी विभाग के विभागाध्यक्ष एवं शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मचारी, विद्यार्थी ने योग किया। कार्यक्रम की सूचना जनसंपर्क अधिकारी डॉ मुकुंद रविदास ने दिया।

# सिंदरी मे अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर लोगों ने किया योगाभ्यास

खबर मन्त्र संवाददाता

**सिंदरी।** सिंदरी में हिन्दुस्तान उर्वरक एवं रसायन लिमिटेड (हर्ल), बीआईटी सिंदरी, अदानी एसीसी सीमेंट सहित अन्य संस्थानों में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर शनिवार को कर्मचारियों ने योगाभ्यास किया। वहीं डीएवी पब्लिक स्कूल सिंदरी और सरस्वती विद्या मंदिर स्कूल सिंदरी, डॉ एसपीएम कॉलेज में छात्र छात्राओं को शिक्षकों ने योग कर इसे दिनचर्या में शामिल करने की शिक्षा दी।

हर्ल सिंदरी के बीयूएच गौतम माजी ने स्पन्दन कल्ब में दीप प्रज्वलित कर योग शिविर का उद्घाटन किया। कल्ब परिसर में शनिवार की सुबह सीनियर एच आर विक्रांत कुमार, एच आर आशुतोष चंदन सहित अन्य कर्मियों ने पतंजलि योगाचार्य उमाशंकर सिंह के मार्गदर्शन में योग किया। बीआईटी सिंदरी के सामुदायिक भवन में मेटलर्जी इंजीनियरिंग विभागाध्यक्ष प्रो अनिल रजक ने निदेशक डॉ पंकज राय, महाप्रतिपालक सह खेलकूद प्रभारी पदाधिकारी डॉ राजीव कुमार वर्मा सहित विभागाध्यक्षों व अन्य कर्मचारियों को मंडूकासन, नौकासन सहित अन्य क्रियाओं के साथ योगाभ्यास कराया। इस दौरान निदेशक डॉ पंकज राय ने कर्मचारियों को प्रतिदिन योग करने की सलाह दी। अदानी एसीसी सीमेंट फैक्ट्री परिसर में कर्मचारियों ने योग के गुर सीखे।

## योग दिवस पर बच्चों व अधिकारियों ने किया योगाभ्यास



गिरिडीह/बिरनी। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर शुक्रवार की सुबह बिरनी प्रखंड के विभिन्न स्कूलों, सरकारी कार्यालयों और अन्य संस्थानों में योगाभ्यास का आयोजन किया गया। इस अवसर पर स्कूली बच्चों, शिक्षकों, सरकारी कर्मियों और अधिकारियों ने सामूहिक रूप से योग कर स्वस्थ जीवन के प्रति जागरूकता का संदेश दिया।बिरनी प्रखंड मुख्यालय परिसर में प्रमुख कार्यक्रम आयोजित हुआ, जहां बीडीओ फणीश्वर रजवार, थाना प्रभारी आकाश भारद्वाज,ओपी प्रभारी अमन कुमार प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी, आंगनबाड़ी सेविकाएं, शिक्षकगण और बड़ी संख्या में स्कूली छात्र-छात्राएं शामिल हुए। सूर्य नमस्कार, अनुलोम-विलोम, कपालभाति, ताड़ासन जैसे विभिन्न योग क्रियाओं का अभ्यास प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन में किया गया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अधिकारियों ने कहा कि योग केवल शारीरिक नहीं, मानसिक और आत्मिक शुद्धि का भी माध्यम है। बच्चों में योग के प्रति उत्साह देखते ही बनता था। कई स्कूलों में बच्चों ने रंगोली और पोस्टर के माध्यम से भी योग का महत्व दशार्या।प्रखंड के पेशम, बलगो, शाखाबारा, और रूपायडीह जैसे पंचायतों के विद्यालयों और पंचायत भवनों में भी योग कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

## एक नजर में

### सरस्वती शिशु मंदिर, अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस उत्साह और अनुशासन के साथ मनाया गया



**कतरास।** सरस्वती शिशु मंदिर, श्यामडीह में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस बड़े उत्साह और अनुशासन के साथ मनाया गया। भैया-बहनों ने पंक्तिबद्ध होकर शारीरिक क्रियाओं एवं योगासनों का अभ्यास किया। जिनका निर्देशन राजकुमार महतो, अंजली सिंह एवं विवेक सिंह द्वारा किया गया।विद्यालय के अध्यक्ष प्रदीप खेमका, सचिव विक्रम कुमार राजगढ़िया, बाल कल्याण ट्रस्ट के अध्यक्ष अनिल बंसल, ट्रस्टी हरि प्रसाद अग्रवाल, प्रधानाचार्य अभिमन्यु कुमार, उप-प्रधानाचार्या श्रेया सरकार सभी आचार्य एवं आचार्या सम्मिलित हुए।इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ राजशेखर सिंह (सेवानिवृत्त वरिष्ठ वैज्ञानिक, सीएमएफआर) उपस्थित रहे, जिनके प्रेरणादायक मार्गदर्शन का लाभ सभी भैया-बहनों को प्राप्त हुआ।

### संस्कार ज्ञानपीठ में योग दिवस मनाया गया



**कतरास।** संस्कार ज्ञानपीठ सीनियर सेकेंडरी स्कूल, पीयूष विहार हरिना के प्रांगण में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को अत्यंत उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया। छात्रों एवं शिक्षकों ने सामूहिक रूप से योगाभ्यास कर सभी के बीच सकारात्मक ऊर्जा का संचार किया। विद्यालय के निदेशक डॉ मुकेश कुमार रॉय ने योग को जीवनशैली का अभिन्न हिस्सा बनाने की प्रेरणा दी और बताया कि योग न केवल शारीरिक स्वास्थ्य बल्कि मानसिक शांति के लिए भी आवश्यक है। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों एवं शिक्षकों में स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जागरूकता लाना और योग को नियमित जीवन में सम्मिलित करना रहा। अंत में सभी ने मिलकर संकल्प लिया कि वे योग को अपने दैनिक जीवन में अपनाएंगे और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करेंगे।

### रामकनाली में योग दिवस मनाया गया

कतरास।रामकनाली कोलियरी योगा केंद्र में आदर्श मजदूर योग संस्थान द्वारा अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। प्रेम कुमार ने द्वीप प्रज्वलित किया। मजदूरों ने प्रार्थना, शांति पाठ एवं विभिन्न मुद्राओं में योग अभ्यास किया। राजेन्द्र प्रसाद राजा, ललन प्रसाद यादव, राजेश मंडल, नंदलाल राम, शंकर बाउरी, गोवर्धन बाउरी, लटन दास सहित कई लोग शामिल हुए।

### स. शि. वि. मंदिर बाघमारा में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का भव्य आयोजन



**कतरास।** स. शि. वि. मंदिर बाघमारा में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम का आयोजन उत्साह पूर्वक किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ दीप प्रज्वलन, भारत माता एवं महर्षि पतंजलि के चित्र पर पुष्पार्चन व माल्यार्पण के साथ किया गया। आचार्य सुभाष चौधरी ने मंचासीन अतिथि का परिचय करवाया। मुख्य अतिथि के रूप में अधिवक्ता अनिल कुमार गुप्ता सम्मिलित हुए।प्राचार्य संतोष कुमार झा ने योग के महत्त्व बताते हुए कहा आज संपूर्ण विश्व उत्साह पूर्वक अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मना रहा है। हमारे देश में योग का महत्त्व प्राचीन काल से ही चला आ रहा है, जिसे आज संपूर्ण विश्व अपना चुका है। हमें योग को अपनी प्रतिदिन के दिनचर्या में अवश्य शामिल करना चाहिए।शारीरिक आचार्य सचिन कुमार व दिनेश कुमार ने भैया-बहनों व आचार्यों को संधि योग, सूर्य नमस्कार, वज्रासन, ताड़ासन, प्राणायाम, भ्रामरी आसन, अनुलोम-विलोम सहित कई आसन तथा योग कराए। देशभक्ति गीत व समापन मंत्र के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।

### बलियापुर प्रखंड सह अंचल कार्यालय में आयोजित हुआ 11 वाँ अंतरराष्ट्रीय योग दिवस



**सिंदरी।** योग एक जीवनशैली की थीम पर बलियापुर प्रखंड सह अंचल कार्यालय में आयोजित 11 वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर योगाभ्यास किया गया। बलियापुर अंचलाधिकारी प्रवीण कुमार सिंह के नेतृत्व में प्रखंड व अंचल कार्यालय के सभी कर्मियों ने निरोग रहने के लिए योग किया। इस अवसर पर बलियापुर अंचलाधिकारी ने कहा कि योग से शारीरिक स्वास्थ्य लाभ, शरीर की लचीलापन और शक्ति में वृद्धि होती है और हड्डियों और जोड़ों की सेहत में सुधार होता है। योग से मानसिक स्वास्थ्य लाभ और आत्मिय स्वास्थ्य लाभ, आत्म-जागरूकता और आत्म-स्वीकृति में वृद्धि, मानसिक और आत्मिक शांति भी मिलती है। अंतरराष्ट्रीय योगा दिवस 2025 की थीम एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग पर्यावरण और मानव स्वास्थ्य के बीच संबंध को रेखांकित करती है।

स्पीड न्यूज

## बैंक मोड़ पुलिस ने दो बाइक चोर को पकड़ा



**धनबाद।** बैंक मोड़ पुलिस को मोटरसाइकिल चोरी कांड का उद्भेदन किया। बैंक मोड़ थाना प्रभारी प्रवीण कुमार ने बताया कि वरीय पुलिस अधीक्षक धनबाद, द्वारा बैंकमोड़ थाना क्षेत्र में मोटरसाईकिल चोरी के काण्डो के उद्धभेदन हेतु एक टीम का गठन किया गया था। उक्त टीम द्वारा प्राप्त गुप्त सूचना के आधार पर रंगाटांड़ स्थित रॉकी गद्दी मोटरसाईकिल दुकान पर छापेमारी कर उसके संचालक छोटू गद्दी उर्फ शहनवाज गद्दी को चोरी के मोटरसाईकिल के साथ गिरफ्तार किया गया। अपने स्वीकोरक्ती बयान में छोटु गद्दी उर्फ शहनवाज गद्दी द्वारा बताया गया कि वह अपने सहयोगी राकेश सिंह बैंक कॉलोनी मनईटाँड़ के साथ मिलकर भीड़भाड़ वाले स्थानों से मोटरसाईकिल चोरी करता था और ग्राहक मिलने पर उसे बेचकर प्राप्त रकम आपस में बराबर-बराबर बाट लेते था। साक्ष्य के आधार पर छोटु गद्दी उर्फ शहनवाज गद्दी के दोस्त राकेश सिंह को गिरफ्तार किया गया है। होन्डा ड्रीम नीयो मोटरसाईकिल बरामद किया गया। छापामारी टीम में पुलिस पदाधिकारी पुनि सह थाना प्रभारी बैंकमोड़ थाना प्रवीण कुमार, पुअनि शहबाज अंसारी, सुमन सौरभ, सअनि गुड्डु कुमार बैंकमोड़ थाना एवं थाना सशस्त्र बल शामिल थे।

## नाबालिग लड़की को भगा कर ले गया युवक

**चिरकुंडा।** चिरकुंडा थाना क्षेत्र से एक नाबालिग लड़की को भगा ले जाने का मामला प्रकाश में आया है।इस संबंध में नाबालिग लड़की की मां ने चिरकुंडा थाना में लिखित शिकायत दर्ज की है।उन्होने लिखित शिकायत में उसी मुहल्ले के अजय कुमार नामक एक युवक पर बहला फुसलाकर भगा ले जाने का आरोप लगाया गया है। पुलिस नाबालिग की मां की लिखित शिकायत पर आरोपी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर बरामदगी का प्रयास तेज कर दिया है। नाबालिग लड़की क्षेत्र के ही एक सरकारी स्कूल की नवीं कक्षा की छात्रा है और वह 19 जून की सुबह घर से स्कूल के लिए निकली थी और वापस नहीं लौटी। लिखित शिकायत में कहा गया है कि 19 जून को शाम पांच बजे तक जब स्कूल से बच्ची वापस नहीं आई तो परिजन उसकी खोजबीन में लगे लेकिन कोई पता नहीं चला। जिस युवक पर शक था उस जगह भी खोजा गया लेकिन बच्ची के नहीं मिलने की स्थिति में परिजन चिरकुंडा थाना पहुँच सारी बातों को बतलाया।इस संबंध में थाना प्रभारी रामजी राय ने तत्काल कार्रवाई करते हुए मामले में प्राथमिकी दर्ज कर बच्ची को खोजने का प्रयास शुरू कर दिया है। आरोपी के तलाश में पुलिस उसके घर गई लेकिन वह नहीं मिला। पुलिस इस मामले में आरोपी युवक के मित्र-दोस्त को बुलाकर पूछताछ कर रही है और तकनीकी आधार पर भी जांच कर रही है। उन्होने कहा कि जल्द ही आरोपी पुलिस के गिरफ्त में होगा।

## भाजपा एवं विश्व हिंदू परिषद के नेता राजेंद्र गोस्वामी का निधन

**गोविंदपुर।** गोविंदपुर प्रखंड क्षेत्र के दुमदुमी गांव निवासी समाजसेवी तथा भाजपा एवं विश्व हिंदू परिषद के नेता राजेंद्र गोस्वामी (65 वर्ष) का निधन शुक्रवार रात हृदयाघात से हो गया। वह सामाजिक कार्यों में आगे रहते थे तथा भाजपा के प्रखंड उपाध्यक्ष एवं जिला कार्य समिति सदस्य थे।उन्होंने पूर्व मंत्री सत्यनारायण दुदानी एवं पूर्व विधायक फूलचंद मंडल के साथ पूर्वी क्षेत्र में लंबे समय तक काम किया था। परिवार में पत्नी तथा दो पुत्र गंगाधर गिरि एवं सदानंद गिरि तथा दो पुत्रियां प्रमिला देवी एवं रुक्मिणी देवी शामिल है। उनके निधन की खबर सुनकर भाजपा नेत्री तारा देवी, भाजपा ग्रामीण जिलाध्यक्ष घनश्याम ग्रोवर, गोस्वामी समाज के केंद्रीय अध्यक्ष बैजनाथ गोस्वामी, मुखिया मेराज अंसारी, सविता बनर्जी, जमरुद्दीन अंसारी, धरनीधर मंडल, बलदेव महतो, नंदलाल अग्रवाल, मोहन कुंभकार, आशीष मुखर्जी, गोपाल भारती, विश्वनाथ पाल, तालेश्वर साव, निर्मल कुमार, माथुर कुंभकार, उज्जवल मंडल, बबलू मंडल, दिनेश मंडल, संगीत भट्टाचार्य आदि पहुंचे और संवेदना जताई।

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर तोपचांची हटिया मैदान समेत विभिन्न क्षेत्रों में योग शिविर

खबर मन्त्र संवाददाता

**तोपचांची।** तोपचांची प्रखंड में 11वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस बड़े ही उत्साह और उल्लास के साथ मनाया गया। मुख्य कार्यक्रम हटिया मैदान में आयोजित एक भव्य योग शिविर के रूप में संपन्न हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों, जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक अधिकारियों ने भाग लिया। कार्यक्रम की शुरूआत सुबह के समय योग सत्र से हुई, जिसमें प्रखंड कार्यालय के कर्मियों के साथ-साथ कई गणमान्य अतिथि भी उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि डॉ संजय कुमार सिंह, प्रखंड विकास पदाधिकारी एजाज हुसैन, जिला परिषद सदस्य विकास कुमार महतो, विधायक प्रतिनिधि जगदीश चौधरी एवं योग गुरु आनंद साव और सीताराम साव प्रमुख रूप से शामिल थे। योग सत्र का संचालन योग गुरु आनंद साव ने किया, जिन्होंने प्रतिभागियों को प्राणायाम, ताड़ासन, भुजंगासन, वज्रासन, अनुलोम-विलोम, कपालभाति आदि योगाभ्यास कराए।

### अन्य क्षेत्रों में भी हुआ योग कार्यक्रम




मुख्य कार्यक्रम के साथ-साथ प्रखंड के अन्य क्षेत्रों में भी योग दिवस मनाया गया। नेरो पंचायत स्थित मध्य विद्यालय नेरो में विशेष योग सत्र का आयोजन किया गया। विद्यालय की प्रधानाचार्या कनक क्रांति मेहता ने बताया कि वैसे तो हर शनिवार योग कक्षाएं होती हैं, लेकिन अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर विशेष तैयारी की गई थी। बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और बेहतरीन प्रदर्शन किया। इसी क्रम में जलछाजन परियोजना के तहत डब्ल्यू डीटी इंजीनियर सुशील कुमार मांझी के नेतृत्व में नेरो के अमृत सरोवर में भी योग्य सत्र आयोजित किया गया जिसमें विद्यालय के छात्र-छात्राओं भी शामिल हुआ उन्होंने कहा की योग शरीर और मन को स्वस्थ बनाए रखने का उत्तम माध्यम है। इसके अतिरिक्त सिंहदाहा पंचायत और मतारी पंचायत में भी योग शिविर आयोजित की गए जिसमें स्थानीय लोगों ने सहभागिता दी।

# डीसी ने बरमसिया रेल ओवरब्रिज की शीघ्र मरम्मत का दिया निर्देश

**▸▸ ओवरब्रिज पर भारी वाहनों के आवागमन पर प्रतिबंध लगाने तथा सड़क के दोनों छोर पर बैरिकेड लगाने का निर्णय**

खबर मन्त्र संवाददाता



**धनबाद।** उपायुक्त आदित्य रंजन ने बरमसिया रेल ओवरब्रिज की मरम्मत को लेकर शनिवार को पथ निर्माण विभाग तथा रेलवे के अधिकारियों के साथ बैठक की।बैठक के दौरान पथ निर्माण विभाग के कार्यपालक अभियंता ने बताया कि रेलवे ओवरब्रिज के नीचे मिट्टी भराई के बाद रिटर्न वॉल (आर.ई. वॉल) बनाना आवश्यक है। आर.ई. वॉल से कुछ दूरी पर रेलवे ट्रैक है। उपायुक्त ने रेलवे को अपनी तकनीक से आर.ई. वॉल का शीघ्र निर्माण करने तथा उसके बाद पथ निर्माण विभाग को सड़क की मरम्मत पूरी करने का निर्देश दिया। मरम्मत अवधि में यातायात प्रबंधन को लेकर भी विचार विमर्श किया गया। जिसके बाद बरमसिया रेल ओवरब्रिज पर भारी वाहनों के आवागमन पर प्रतिबंधित लगाने तथा सड़क के दोनों छोर पर बैरिकेड लगाने का निर्णय लिया गया। बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी राजेश कुमार, डीएसपी लॉ एंड ऑर्डर नौशाद आलम, पथ निर्माण विभाग के कार्यपालक अभियंता मिथलेश प्रसाद, अंचल अधिकारी धनबाद शशिकांत सिंकर तथा रेलवे के पदाधिकारी मौजूद थे।

### ग्रामीण विकास मंत्रालय के सचिव ने किया पूर्वी टुंडी का भ्रमण

# फूलो झानो आशीर्वाद अभियान को बताया प्रेरणादायक व परिवर्तनकारी

खबर मन्त्र संवाददाता



**धनबाद।** ग्रामीण विकास मंत्रालय के सचिव शैलेश कुमार सिंह ने शनिवार को पूर्वी टुंडी प्रखंड का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने ग्रामीण विकास विभाग के तहत संचालित विभिन्न योजनाओं का निरीक्षण किया। सचिव ने लखी आजीविका स्वयं सहायता समूह के कार्यों की सराहना की। समूह की कलावती मोहलीन ने बताया कि पूर्व में वह हड़िया व देशी शराब बनाकर बेचती थी। फूलो झानो आशीर्वाद अभियान से जुड़ने के बाद मैने शराब बेचना छोड़ दिया। इसके बाद जेएसएलपीएस से रिवॉल्विंग फंड, कम्युनिटी इन्वेस्टमेंट फंड एवं बैंक लिंकेज के माध्यम से आर्थिक सहायता प्राप्त की और पोल्ट्री यूनिट की स्थापना की। वर्तमान में वह प्रति माह 30,000 से 35,000 की आय अर्जित कर रही है। आय से अपने परिवार के साथ बच्चों की शिक्षा में निवेश कर रही हैं। सचिव ने उनकी आजीविका यात्रा को प्रेरणादायक और परिवर्तनकारी बताया। सचिव ने मोहलीडीह आजीविका ग्राम संगठन की दीदियों के साथ बैठक कर आजीविका गतिविधियों, समस्याओं एवं समाधान पर चर्चा की। उन्होंने लाभुकों को आवश्यक सुझाव एवं प्रोत्साहन दिया। वहीं मोहलीडीह पंचायत में प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत निर्मित आवास का निरीक्षण किया। उन्होंने लाभुक सयब अंसारी से संवाद कर योजना से मिली सुविधा एवं सामाजिक स्थिति में हुए सकारात्मक बदलाव की जानकारी प्राप्त की। सचिव ने फतेहपुर में मनरेगा के अंतर्गत निर्मित कूप से कृषि विस्तार की संभावनाओं पर लाभुकों से संवाद किया और योजना के प्रभाव की सराहना की। रूरल बिजनेस हब में उन्नत बीज, खाद, कीटनाशक एवं कृषि उपकरणों की बिक्री होती है। कई किसान बीज खरीदते हुए पाए गए। सचिव ने इस पहल को सामुदायिक स्तर पर आजीविका संवर्धन का उत्कृष्ट उदाहरण बताया। मौके पर उप विकास आयुक्त सादात अनवर, जिला पंचायती राज पदाधिकारी मुकेश कुमार बाउरी, जेएसएलपीएस के जिला कार्यक्रम प्रबंधक शैलेश रंजन, प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी के अलावा जिला एवं प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी मौजूद थे।

### एक नजर में

## चिरकुंडा के विभिन्न स्कूलों व संस्थाओं में मनाया गया अंतरराष्ट्रीय योग दिवस

**चिरकुंडा।** चिरकुंडा के विभिन्न स्कूलों व संस्थाओं में अंतरराष्ट्रीय दिवस मनाया गया। चिरकुंडा के एसजीडी मोडर्न स्कूल, स्वामी विवेकानंद स्कूल, अग्रसेन सरस्वती विद्या मंदिर, ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय नेहरू रोड चिरकुंडा में 11वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन अत्यंत सफलता पूर्वक किया गया। स्कूल के प्राचार्य ने कहा कि बच्चों को योग करने से व इसे अपने दैनिक दिनचर्या में शामिल करने से हमारे मन मस्तिष्क और शरीर को ऊजार्वान बनाने में सहायक होता है व इसके महत्व को भी समझाया। इस मौके पर सभी बच्चों को योग के कई आसनों का अभ्यास कराया गया। मौके पर स्कूल के प्राचार्य जुबीन बोस, संजीव कुमार साव, अशोक कुमार वर्मा के अलावे विवेक कुमार सिंह, जौली दत्ता, ब्रह्माकुमारी में अर्चना बहन, पिंकी बहन, मुकेश पाण्डेय आदि थे।

## शिक्षक प्रशिक्षण केन्द्र में मनाया गया योग दिवस



**जोड़ापोखर।** डिगवाडीह स्थित राजीव गांधी मेमोरियल शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन किया गया।इस अवसर पर महाविद्यालय के निदेशक सह प्रख्यात शिक्षाविद् डॉ आर एन चौबे ने योगासन मे भाग लिया एवं अपने संदेश में योग की प्राचीन परंपरा का महत्व की चर्चा करते हुए योग को निरोग रहने के साधन के रूप में बताया। इस अवसर पर वक्ताओं ने अष्टांग योग पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के अगले चरण में महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ मुकेश तिवारी, प्रोफेसर इंचार्ज डॉ निलेश कुमार सिंह, एवं एम. एड विभागाध्यक्ष डॉ अरविंदर कौर ने योग के महत्व की चर्चा की। सहायक प्राध्यापक डॉ सुनील शाह, सुश्री अल्बिना कच्छप, श्री मती संजुक्ता कुमारी, मती सिम्पल ने भी योग मे भाग लिया। कार्यालय प्रभारी शुभ्रा छाया पाण्डेय, इमरान हुसैन, पुस्तकालय के प्रभारी सरोज कुमार सिंहा एवं हरेराम कुमार सहित सभी एम.एड, बी.एड तथा डी.एल.एड के छात्रों ने योग के विभिन्न आसनों को किया तथा प्रतिदिन अपनी दिनचर्या मे योगासन को शामिल करने का शपथ लिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में कार्यालय प्रभारी शुभ्रा छाया पाण्डेय, इमरान हुसैन, पुस्तकालय के प्रभारी सरोज कुमार सिंहा एवं हरेराम कुमार का योगदान महत्वपूर्ण रहा। वही जवाहर लाल नेहरू स्कूल में भी मनाया गया है।

## रंजय हत्याकांड: मामा की जमानत अर्जी खारिज

**धनबाद।** विधायक संजीव के करीबी रंजय सिंह ऊर्फ रवि रंजन सिंह की हत्या के आरोप मे बीते सात वर्ष से जेल मे बंद आरा बेरथ निवासी नंद कुमार सिंह उर्फ बबलू उर्फ रूना सिंह उर्फ मामा की जमानत अर्जी एक बार फिर झारखंड उच्च न्यायालय से खारिज हो गई। इस बाबत जानकारी देते हुए मामले के सूचक के अधिवक्ता मोहम्मद जावेद ने बताया कि मामा की ओर से अधिवक्ता ने उच्च न्यायालय से जमानत अर्जी वापस लेने की प्रार्थना की जिसे अदालत ने स्वीकार करते हुए जमानत अर्जी को खारिज कर दिया. इसके पूर्व मामा की जमानत अर्जी वर्ष 2019 एवं 20 एवं 24 में सत्र न्यायालय एवं उच्च न्यायालय से खारिज हो चुकी है।

## गंगा दामोदर एक्सप्रेस में शराब के साथ पकड़ा गया कोच अटेंडेंट



खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** रेल अधिकारियों के तमाम दावों के बाद भी ट्रेनों के अंदर अवैध कारोबार रुकने का नाम नहीं ले रहा है।ऐसा ही मामला धनबाद से पटना तक चलने वाली गंगा दामोदर एक्सप्रेस से सामने आया है। शुक्रवार की देर रात ट्रेन का कोच अटेंडेंट अनिल वर्मा (50 वर्ष) शराब की तस्करी करते पकड़ा गया है। आरपीएफ की टीम ने उसके पास से अलग अलग ब्रांड की कुल 54 बोतल अंग्रेजी शराब पकड़ी है। जिसकी कुल कीमत 11,190 रुपए है। आरोपी धनबाद के मनईटांड का रहने वाला है। वह पैसे की लालच में शराब, धनबाद से ले जाकर पटना में बेचकर अधिक पैसा कमाता था। जब्त अंग्रेजी शराब व गिरफ़्तार अभियुक्त को अग्रिम कार्रवाई वास्ते उत्पाद

### टेंडर को लेकर संवेदकों और थाना प्रभारी के बीच हुई नोकझोंक

## थाना प्रभारी के खिलाफ कार्यवाई की मांग

खबर मन्त्र संवाददाता



**धनबाद।** सदर थाना परिसर में शनिवार को भवन प्रमंडल विभाग के टेंडर को लेकर गहमागहमी का माहौल रहा। टेंडर डालने पहुंचे संवेदकों और थाना प्रभारी के बीच जमकर नोकझोंक हुई। संवेदकों ने आरोप लगाया कि थाना प्रभारी ने उनके साथ दुर्व्यवहार किया है। अपशब्द भाषा का इस्तेमाल करते हमलोग के साथ अपराधियों जैसा सलूक किया है। जबकि हमलोग विभागीय निदेर्शों का पालन करते हुए आज टेंडर जमा करने आए थे, लेकिन थाना प्रभारी ने हमलोग के साथ अभद्रता करते हुए परिसर से बाहर निकालने की कोशिश की। जिसके कारण टेंडर प्रक्रिया बाधित हो गई। थाने की मौजूदा स्थिति को देखते हुए संवेदक भवन प्रमंडल विभाग के इंजीनियर चंदन कुमार सिले। लिखित शिकायत करते हुए थाना प्रभारी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। संवेदकों का कहना है कि वे सरकार की योजनाओं को जमीन पर उतारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, लेकिन उनके साथ अपराधियों जैसा व्यवहार करना पूरी तरह अनुचित और अपमानजनक है। एक संवेदक ने कहा, हम देश के निर्माण में लगे हैं, लेकिन हमें ही अपमानित किया जा रहा है। अगर प्रशासन का यही रवैया रहा तो आगे कोई भी संवेदक काम करने से पहले सौ बार सोचेगा।

### उपायुक्त आदित्य रंजन ने किया सदर अस्पताल का निरीक्षण

# अस्पताल स्ट्रक्चर में होंगे कई बदलाव

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** जिले के सदर अस्पताल का शनिवार को उपायुक्त आदित्य रंजन ने निरीक्षण किया। उन्होंने सभी ओपीडी, एनआईसीयू, सभी वार्ड, एमटीसी सेंटर, लैब, दवा काउंटर, स्टोर रूम, आईसीटीसी कक्ष, ब्लड स्टोरेज कक्ष, वेटिंग एरिया, किचन एरिया, लॉन्ड्री एरिया, रजिस्ट्रेशन काउंटर समेत विभिन्न कक्ष, कार्यालय एवं वार्डो का निरीक्षण किया गया। उन्होंने ट्रॉली मैन का नाम एवं नंबर लिखने, सभी तरह के सूचना से संबंधित बोर्ड लगाने, सभी टेस्ट का नाम बोर्ड पर लगाने, स्टोर रूम में अस्थाई रैक बनाने, बाउंड्री वॉल का कार्य करने, लिफ्ट के मरम्मती करने, नर्सिंग स्टेशन बनाने समेत विभिन्न सिविल वर्क एवं अन्य कार्य हेतु उपायुक्त ने संबंधित सभी पदाधिकारी को सामान की गुणवत्ता का ध्यान रखते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। मौके पर निदेशक डीआरडीए राजीव रंजन, सिविल सर्जन डॉक्टर चंद्रभानु प्रतापन, सदर उपाधीक्षक डॉक्टर संजीव प्रसाद, डीपीएम नीरज यादव, डीएमएफटी की टीम समेत कई अन्य कर्मी मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि सदर परिसर के बाहर पार्किंग की अच्छी व्यवस्था नहीं है। इसे देखते हुए एप्रोच सड़क के दोनों और पार्किंग का निर्माण कराया जाएगा, जिसके एक ओर बाइक पार्किंग एवं एक ओर कार पार्किंग की सुविधा उपलब्ध होगी। एंबुलेंस एवं इमरजेंसी गाड़ियों को छोड़कर कोई भी गाड़ियां बैरिकेड के अंदर नहीं आएगी।

### मैन पावर की कमी होगी दूर



### पेशेंट के साथ आने वाले अटेंडेंट के लिए बनेगा शेड

साथ ही डॉक्टर एवं कर्मियों के बैठने की जो व्यवस्था है उसे दुरुस्त किया जाएगा। साथ हीं आम जनों की सुविधा को लेकर रजिस्ट्रेशन काउंटर का निर्माण बाहर करने का प्रस्ताव है ताकि अस्पताल के अंदर होने वाली भीड़ को नियंत्रित किया जा सके। पेशेंट के साथ आने वाले अटेंडेंट को बैठने की व्यवस्था सदर अस्पताल में काफी कम है, जिसे खाली जगह पर शेड का निर्माण करा कर अच्छी व्यवस्था की जाएगी।

### आनेवाले समय में कैंटीन की भी होगी व्यवस्था

अस्पताल में इंटीग्रेटेड मॉड्यूलर किचन के निर्माण हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। पेशेंट के साथ आने वाले अटेंडेंट की खाने की भी सुविधा का ख्याल रखते हुए कैंटीन का भी निर्माण का प्रस्ताव लाया जाएगा।

### अस्पताल में ऑर्थो की ओटी जल्द होगी शुरू

उपायुक्त ने कहा कि अस्पताल में अभी सुविधाओं की कमी है, जिसके कारण मरीजों को उत्तम सेवाएं नहीं मिल पा रही है। इसमें जल्द सुधार देखने को मिलेगा। अस्पताल को फिलहाल तीन एक्सरे मशीन भेजी गई है। जिसके लिए एक्सरे रूम बनाने का निर्देश दिया गया है। साथ ही जल्द ही अल्ट्रासाउंड, एक्सरे एवं सभी तरह के जांच सदर अस्पताल में उपलब्ध होगी इस दिशा में कार्य करने हेतु संबंधित पदाधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए हैं। इसके अलावा आई एवं ऑर्थो की ओटी भी जल्द शुरू करने की कोशिश की जा रही है।

# अंतराष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता



**जोड़ापोखर।** सिंफर डिगवाडीह, पतंजलि झरिया एवं न्यू किड्स गार्डन स्कूल जेलगोरा के संयुक्त तत्वाधान में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर सीएफआरआई दुर्गा मंडप में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर भव्य योग शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पतंजलि के झरिया प्रभारी अरविंद जी ने उपस्थित सभी छात्र-छात्राओं और आमजनों को योग का अभ्यास करवाया और साथ ही साथ आग्रह किया कि वह एक स्वस्थ सुखद और समृद्धि जीवन के लिए योग को प्रतिदिन अपने दिनचर्या में शामिल करें। उक्त अवसर पर न्यू किड्स स्कूल के प्राचार्य विजय कुमार दुबे ने बताया कि विद्यालय परिवार भारतवर्ष का पहला विद्यालय है जिसमें योग को एक आवश्यक सब्जेक्ट के रूप में अपनाया है। सिम्फर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर रमन ने सभी आगंतुकों का स्वागत किया और प्रतिदिन जॉब करने वालों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। डॉ रमन बताया कि 2015 से प्रतिदिन दुर्गा मंडप में जो की कक्षाएं सुबह 5:00 बजे से 7:30 बजे तक लगाए जाते हैं। उन्होंने लोगों से आग्रह किया स्वस्थ जीवन जीना है तो योग करना पड़ेगा। आप जितना अधिक जब करेंगे डॉक्टर और दवाइयां से उतना दूर रहेंगे। इस अवसर पर डॉ रमन ने कार्यक्रम की समाप्ति के बाद शब्दों को फल और मिठाइय देकर विदा किया।कार्यक्रम में मुख्य रूप से पतंजलि की धनबाद जिला महिला प्रभारी प्रीति, पवन सिंह और सिम पर के बहुत से जाने-माने चिकित्सा और वैज्ञानिकों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम के अंत में पतंजलि झरिया प्रभारी अरविंद जी ने सबों को खुशबूदार धूप भेंट किया और कहा कि प्रतिदिन जो करें और कारण ताकि जो की खुशबू पूरे हिंदुस्तान में पहले उन्होंने उपस्थित जन समूह से या प्रतिज्ञा भी करवाया वे लोग प्रतिदिन जब करेंगे जो करेंगे स्वस्थ रहेंगे और जनता की सेवा करेंगे। आपस में मिलजुल कर रहेंगे और भाईचारा कायम रखेंगे।

## योग दिवस के अवसर पर किया गया योगासन

कुमारधुबी।अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर एगयारकुंड प्रखंड प्रांगण में वीडियो मधु कुमारी के नेतृत्व में 21 जून शनिवार की सुबह से लोगों को योग कर लोगों को जागरूक किया गया। वही प्रखंड कार्यालय में सुबह से ही योगासन का कार्यक्रम शुरू किया गया जो एक घंटे तक किया गया। वही वीडियो मधु कुमारी ने कहा कि प्रतिदिन सुबह के समय एक घंटा योगा करना चाहिए जिससे शरीर चुस्त और दुरुस्त रहता है और दिन भर शरीर में फुर्ती रहता है। योगासन करने से कभी बीमारी का खतरा भी नहीं होता है। इसलिए लोगों को ज्यादा से जागरूक होकर प्रतिदिन योग और व्यायाम करना चाहिए। योग हमारी संस्कृति से जुड़ा हुआ है हर साल 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाता है,यह हमें यह सीख देता है कि हमेशा प्रतिदिन योग और व्यायाम करना चाहिए।

# विवाह के 23 दिन बाद ही अंधविश्वास की बलि चढ़ी नवविवाहिता

## करैत सांप ने दंश लिया था, झाड़ फूंक के चक्कर में गयी जान

खबर मन्त्र संवाददाता

**भवनाथपुर।** वर्तमान के बदलते दौर में भी अंधविश्वास की ओर दौड़ लगाते लोग के मौत के आगोश में समा रहे हैं। ताजा घटना गढ़वा जिले के विशुनपुरा थाना क्षेत्र के लेवाटाड गांव की है जहां 23 दिन पूर्व दाम्पत्य जीवन शुरू करने वाली नवविवाहिता 19 वर्षीया प्रतिमा देवी की जान चली गई। बता दें कि भवनाथपुर थाना के मकरी गांव के गड़ेरियाडीह टोला निवासी सुरेश पाल की पुत्री प्रतिमा की शादी विशुनपुरा के लेवटांड गांव के विष्णु पाल से हुई थी। शनिवार की सुबह बेड


नवविवाहित

पर ही उसे करैत सांप ने दंश लिया था। परिजन उसे अस्पताल ले जाने के बजाय उत्तर प्रदेश के रामगढ़ गांव में एक ओझा के पास झाड़ फूंक के लिए पहुंच गए। ओझा घर पर नहीं मिला तो परिजनों ने उसका घंटों इंतजार किया। उधर प्रतिमा के शरीर में सर्प का विष तेजी से फैलता जा रहा था। उसके ससुराल वालों ने उसे वापस विशुनपुरा लाने का फैसला किया। लेकिन प्रतिमा के मायके वालों ने प्रतिमा को घर ले जाने से पहले अस्पताल में जांच करा लेने की सलाह दी। ताकि यह पता चल सके कि प्रतिमा जीवित या मृत है। उसके बाद परिजनन उसे भवनाथपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए। जहां चिकित्सक ने जांचोपरांत उसे मृत घोषित कर दिया। इसकी सूचना मिलते ही वहां पुलिस पहुंच गई और शव को अंत्यपरीक्षण के लिए सदर अस्पताल भेज दिया।

## एक नजर में

### अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मना

**गढ़वा।** माननीय सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशानुसार, उच्च न्यायालय झालसा रांची के मार्गदर्शन और जिला विधिक सेवा प्राधिकार गढ़वा के आदेश पर शनिवार को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर सीएम उत्कृष्ट रामा साहू उच्च विद्यालय गढ़वा में योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पीएलवी कृष्णानंद दुबे एवं विद्यालय के शिक्षकों ने छात्रों को विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम का अभ्यास कराया। वक्ताओं ने योग को मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य के लिए आवश्यक बताते हुए कहा कि नियमित योग से शरीर में ऊर्जा, तनाव मुक्ति और सकारात्मकता आती है।

### अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर योगाभ्यास कार्यक्रम आयोजित

**गढ़वा।** सर्वोच्च न्यायालय नई दिल्ली, उच्च न्यायालय झालसा रांची और जिला विधिक सेवा प्राधिकार गढ़वा के निर्देशानुसार शनिवार को रंका अनुमंडल मुख्यालय स्थित राजकीयकृत प्लस टू उच्च विद्यालय परिसर में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकार से पीएलवी राजेश कुमार और अमरेन्द्र कुमार ने हिस्सा लिया।

### अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर सैकड़ों छात्रों व शिक्षकों ने लिया भाग

**गढ़वा।** बाबू दिनेश सिंह विश्वविद्यालय में शुक्रवार को 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय के सभागार में आयोजित इस कार्यक्रम का शुभारंभ कुलाधिपति दिनेश प्रसाद सिंह, कुलपति प्रो. एमके सिंह एवं विभिन्न कॉलेजों के प्राचार्यों द्वारा सामूहिक दीप प्रज्वलन से हुआ। मौके पर कुलाधिपति श्री सिंह ने कहा कि स्वस्थ जीवन के लिए योग को अपनी दिनचर्या में शामिल करना बेहद जरूरी है।

### विद्यार्थियों ने किया योगाभ्यास

**गढ़वा।** अवधराज देवी ट्रस्ट द्वारा संचालित एआरडी पब्लिक स्कूल में शनिवार को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के निदेशक पीके दुबे और प्राचार्या आणिमा पांडेय ने दीप प्रज्वलन कर संयुक्त रूप से किया। विद्यालय परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम में योग शिक्षिका नीतू कुमारी दूबे के नेतृत्व में छात्र-छात्राओं को ओम् ध्वनि के साथ मेडिटेशन, सूर्य नमस्कार, अनुलोम-विलोम, कपालभाति, ताड़ासन, वृक्षासन, त्रिकोणासन, त्रियक ताड़ासन, शीर्षासन आदि योगासन कराए गए।

### अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर ब्लॉक, विद्यालय और स्वास्थ्य केंद्र में योगाभ्यास

**चिनिया।** प्रखंड के ब्लॉक परिसर, स्तरोन्नत +2 उच्च विद्यालय एवं उप स्वास्थ्य केंद्र चिनिया में शनिवार को 11वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रमों में कर्मियों, शिक्षकों, छात्रों एवं स्वास्थ्यकर्मियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। ब्लॉक परिसर में आयोजित योग दिवस कार्यक्रम में प्रखंड व अंचल के सभी कर्मी शामिल हुए। प्रधान सहायक अधिराज टोप्पो एवं जेई सुकेश कुमार ने कर्मियों को योग का अभ्यास कराया और इसके महत्व पर प्रकाश डाला। मौके पर अनूप कुमार, विनय कुमार, अशोक पाल सहित अन्य कर्मी उपस्थित थे। इधर, स्तरोन्नत +2 उच्च विद्यालय चिनिया में भी योग शिविर का आयोजन किया गया। प्रधानाध्यापक मोहम्मद मंसूर आलम, शिक्षक ज्ञान प्रकाश सिंह, चंद्र मलेश्वर पांडेय, गोविंदा कुमार, अरुण कुमार मेहता, विवेक कुमार सिंह, आशुतोष कुमार सहित ग्रामीणों और विद्यार्थियों ने योगाभ्यास किया। वहीं, चिनिया उप स्वास्थ्य केंद्र में भी अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के साथ-साथ विश्व तंबाकू निषेध दिवस भी मनाया गया। इस अवसर पर सीएचओ प्रमिला कुजूर, एएनएम संजू कुमारी, सहिया बचनी देवी, सुमित्रा देवी तथा अन्य स्वास्थ्यकर्मी मौजूद थे। योग प्रशिक्षिका अनीता देवी द्वारा उपस्थित लोगों को विभिन्न योगासन कराए गए।

### एक पृथ्वी-एक स्वास्थ्य थीम पर योगाभ्यास कार्यक्रम

**गढ़वा।** शहर के आरके पब्लिक स्कूल में 11वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस एक पृथ्वी-एक स्वास्थ्य की थीम पर उल्लासपूर्वक मनाया गया। स्कूल प्रांगण में आयोजित योग कार्यक्रम का उद्घाटन निदेशक सह शिक्षाविद् अलखनाथ पाण्डेय ने दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों के बीच योग जागरूकता बढ़ाने हेतु पोस्टर, क्विज, भाषण और निबंध प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। विजयी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया जाएगा। अपने संबोधन में श्री पाण्डेय ने योग को भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर बताते हुए कहा कि योग केवल व्यायाम नहीं, बल्कि सम्पूर्ण जीवन-दर्शन है। उन्होंने कहा कि योग के माध्यम से हम स्वस्थ शरीर, शांत मन और समरस समाज की दिशा में बढ़ सकते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों और शिक्षकों से आह्वान किया कि वे योग को अपनी दैनिक दिनचर्या में शामिल करें। योग प्रशिक्षक सत्यनारायण दूबे ने विभिन्न योगासनों जैसे सूर्य प्रणाम, मयूरासन, भुजंगासन, कपालभाति, शीर्षासन, पद्मासन आदि का अभ्यास कराते हुए उनके लाभों पर विस्तार से प्रकाश डाला।

### विश्व योग दिवस पर योग को बताया जीवन का आधार

**केतार।** शनिवार को विश्व योग दिवस के अवसर पर प्रखंड के विभिन्न विद्यालयों, सरकारी कार्यालयों व निजी संस्थानों में योग शिविर का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया। बीडीओ प्रशांत कुमार, थाना प्रभारी अरुण कुमार रवानी और बीआरसी में बीपीएम रवि वैद्य समेत कई अधिकारियों ने अपने-अपने संस्थानों में योगाभ्यास कार्यक्रम का नेतृत्व किया। योग शिविरों में वक्ताओं ने कहा कि योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि तन, मन और आत्मा की शुद्धता और संतुलन का मार्ग है। यह शरीर और आत्मा को स्वस्थ रखते हुए जीवन के श्रेष्ठ मार्ग की ओर ले जाता है। योग कुशलता से किए गए कर्म का नाम है, जो आत्मा के विकास और प्रभु से संयोग का माध्यम बनता है। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने भी बढ़-चढ़कर भाग लिया और विभिन्न आसनों का अभ्यास कर योग के महत्व को समझा। सभी विद्यालयों में छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लेकर योग के प्रति अपनी जागरूकता और रुचि का परिचय दिया।

## डीसी और एसपी ने किया सोन तटीय इलाकों का निरीक्षण

# बाढ़ से निपटने को लेकर सख्त निर्देश


निरीक्षण करते डीसी

खबर मन्त्र संवाददाता

**केतार।** संभावित बाढ़ की आशंका को लेकर शनिवार को डीसी दिनेश कुमार यादव और एसपी अमन कुमार ने केतार प्रखंड के सोनतटीय इलाकों का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने तटीय गांवों की सुरक्षा व्यवस्था, राहत तैयारियों और संभावित खतरे वाले स्थानों का गहन निरीक्षण किया। डीसी ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि बाढ़ की स्थिति को बिल्कुल भी हल्के में न लें और हर स्तर पर तैयारी रखें। उन्होंने राहत शिविरों की व्यवस्था, नावों की उपलब्धता, प्राथमिक चिकित्सा सामग्री और सुरक्षित स्थानों की पहचान सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

एसपी ने स्थानीय पुलिस बल को अलर्ट मोड में रहने को कहा और किसी भी आपात स्थिति में तत्काल कार्रवाई करने की बात कही। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि वे नदी के किनारे अनावश्यक रूप से न जाएं और प्रशासन के निर्देशों का पालन करें। इस दौरान अधिकारियों ने कुछ संवेदनशील गांवों का दौरा कर स्थानीय लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी और आपात स्थिति में तुरंत प्रशासन से संपर्क करने को कहा। मौके पर बीडीओ प्रशांत कुमार, थाना प्रभारी अरुण कुमार रवानी दल-बल के साथ उपस्थित थे।

### पेड़ से गिरने से वार्ड सदस्य के पति की मौत

**कांडी।** थाना क्षेत्र के राणाडीह गांव में शुक्रवार की शाम एक हादसे में सूर्यदेव मेहता के पुत्र 48 वर्षीय अवनेन्द्र मेहता की मौत हो गई। वे राणाडीह पंचायत की वार्ड सदस्य सुधा देवी के पति थे। प्राप्त जानकारी के अनुसार, वे अपने घर के बगल स्थित जामुन के पेड़ पर चढ़कर जामुन तोड़ रहे थे, तभी अचानक पैर फिसलने से छत पर गिर गए। गंभीर रूप से घायल होने पर उन्हें पहले जयनगरा ले जाया गया, जहां से हालत गंभीर देख डाल्टनगंज रेफर किया गया, लेकिन रास्ते में शाहपुर पुल के पास उन्होंने दम तोड़ दिया। अवनेन्द्र मेहता परिवार के एकमात्र कमाऊं सदस्य थे और सब्जी उपजाकर परिवार का भरण-पोषण करते थे। उनके असमय निधन से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। मृतक अपने पीछे पत्नी सुधा देवी और दो नाबालिग पुत्र शनिकेत (17) व आशिष (13) को छोड़ गए हैं। शनिवार सुबह उनका अंतिम संस्कार कोयल नदी तट पर किया गया, जहां बड़े पुत्र शनिकेत ने मुखाग्नि दी। मौके पर पंचायत मुखिया ललित बैठा, उपमुखिया प्रतिनिधि उदय मेहता, अशोक बैठा, मथुरा प्रसाद मेहता, सत्येन्द्र चौबे सहित काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

### स्वास्थ्य शिविर आयोजित

**चिनिया।** एनीमिया मुक्त झारखंड सप्ताह के तहत शनिवार को स्वास्थ्य विभाग की ओर से कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय, चिनिया में स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान विद्यालय में अध्ययनरत छात्राओं का हीमोग्लोबिन जांच किया गया और एनीमिया से संबंधित उपचार व रोकथाम के उपाय बताए गए। शिविर के दौरान छात्राओं को आयरन की गोली वितरित की गई और संतुलित आहार के महत्व की जानकारी दी गई। साथ ही मलेरिया माह (जून 2025) के तहत मलेरिया से बचाव व इलाज के उपायों पर भी चर्चा की गई। मौके पर डॉ. ईस्तेयाक अहमद, डॉ. प्रीति सिंह तिवारी, वार्डन सह शिक्षिका भारती कुमारी सहित काफी संख्या में छात्राएं उपस्थित थी।

## अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर योग कार्यक्रम

# डीसी-एसपी समेत हजारों लोगों ने लिया भाग


योग करते लोग

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** शनिवार को 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के मौके पर जिला आयुष समिति गढ़वा एवं जिला स्वास्थ्य समिति गढ़वा के संयुक्त तत्वावधान में बिरसा मुंडा हेलीपैड पार्क के मैदान में जिला स्तरीय योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि उपायुक्त दिनेश कुमार यादव और पुलिस अधीक्षक अमन कुमार ने जिलेवासियों, अधिकारियों, कर्मियों, स्कूली बच्चों, समाजसेवियों, पुलिस व सीआरपीएफ जवानों समेत अन्य गणमान्य व्यक्तियों के साथ योग किया। कार्यक्रम की शुरूआत मंच पर उपस्थित डीसी, एसपी, पतंजलि योगपीठ के प्रतिनिधि, आयुष समिति व स्वास्थ्य समिति के सदस्यों द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर की गई। पतंजलि योग समिति के योग गुरु सुशील केशरी और अन्य प्रशिक्षकों ने सभी को योग के लाभ बताए और अनुलोम-विलोम, भद्रासन, भुजंगासन, सूर्य नमस्कार, कपालभाति, दण्डासन, अर्ध चक्रासन, त्रिकोणासन, श्वासन, वज्रासन सहित कई योगासनों का अभ्यास कराया। लोगों में योग के प्रति खासा उत्साह देखने को मिला। उपायुक्त श्री यादव ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की बधाई देते हुए योग को जीवन में शामिल करने की अपील की। उन्होंने कहा कि योग तन, मन और आत्मा को जोड़ता है, जिससे स्वस्थ शरीर, शुद्ध मन और शांत आत्मा की प्राप्ति होती है। डीसी ने मिलावटी खाद्य पदार्थों से बचने और संतुलित आहार अपनाने की भी सलाह दी। उन्होंने सभी को यह संकल्प दिलाया कि वे अपनी सोच में संतुलन बनाए रखेंगे और समाज व देश में शांति, स्वास्थ्य और सौहार्द के प्रसार के लिए कृतसंकल्पित रहेंगे। एसपी ने भी योग को जीवन का हिस्सा बनाने की अपील की और बताया कि योग से शरीर स्वस्थ रहता है, मन को शांति मिलती है और अवसाद समेत कई असाध्य रोगों से छुटकारा मिलता है। मौके पर डीडीसी पशुपतिनाथ मिश्रा, एसी राज महेश्वरम, एसडीओ संजय कुमार, सिविल सर्जन डॉ अशोक कुमार सहित कई अन्य पदाधिकारी सहित काफी संख्या में बच्चे उपस्थित थे।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमंडल, राँची**

**ई-प्रोक्योरमेंट सूचना**

टेन्डर रेफरेन्स नं0–प0नि0वि0 / राँची–06 / 2025–26 दिनांक :– 21.06.2025

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्य का नाम | बरियातु पथ से जिमखाना क्लब तक भाया मेडिका हॉस्पिटल (कुल लम्बाई–1.00 कि0मी0) पथ के IRQP / मजबूतीकरण कार्य वर्ष 2025–26. |
| 2. | प्राक्कलि राशि (रू0 लाख में) | रू0 142.55478 लाख (रूपये एक करोड़ बयालीस लाख पचपन हजार चार सौ अठहत्तर) मात्र। |
| 3. | अग्रधन की राशि (रू0 लाख में) | रू0 2.86 लाख (रूपये दो लाख छयासी हजार) मात्र। |
| 4. | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 03 (तीन) महीना |
| 5. | वेबसाईड पर निविदा प्रकाशन की तिथि | 23.06.2025 10.30 बजे पूर्वाह्न |
| 6. | निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि / समय | 14.07.2025 12.00 बजे दोपहर तक |
| 7. | निविदा खोलने तिथि / समय | 15.07.2025 12.30 बजे |
| 8. | निविदा प्रकाशित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पता | कार्यपालक अभियंता, पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमंडल राँची, मोहराबादी, राँची–834008. |
| 9. | प्रोक्योरमेंट पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या | 0651–2361018 |
| 10. | ई–प्रोक्योरमेंट सेल का हेल्पलाईन संख्या | 0651–2403007 |

- प्राक्कलित राशि एवं अग्रधन की राशि घट–बढ़ सकती है, जिसे Tender Online Upload में देखा जा सकता है, एवं किसी भी प्रकार का बदलाव http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।
- पथ निर्माण विभाग, झारखण्ड सरकार में निबंधित संवेदकों के लिए UCAN निबंधन आवश्यक है।
- नियम एवं शर्ते के लिए वेबसाईट http://jharkhandtenders.gov.in पर देखें।

PR 355682 Road Construction Dept Road Division Ranchi (25-26)_D

कार्यपालक अभियंता
पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमंडल, राँची



**झारखण्ड सरकार**
**कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग**
**उद्यान निदेशालय, झारखण्ड**
**कार्यालय जिला उद्यान पदाधिकारी, लोहरदगा**

**''प्रोमोशन ऑफ अरबन फार्मिंग'' योजना के लाभ हेतु**
**आम - सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (उद्यान प्रभाग) के स्वीकृत्यादेश संख्या– 17, दिनांक– 28.05.2025 द्वारा वित्तीय वर्ष 2025–26 में राज्य उद्यान विकास योजनान्तर्गत उपयोजना " प्रोमोशन ऑफ अरबन फार्मिंग " के तहत् शहरी इलाको एवं इससे सटे हुए आस–पास के छोटे–भूखण्ड एवं सरकारी परिसर, जहाँ उपलब्ध हो तथा Terrace Gardening अन्तर्गत जैविक एवं गुणवत्तायुक्त विभिन्न प्रकार के सब्जियों, फूलों एवं फलों के उत्पादन किये जाने हेतु प्रमोशन ऑफ अरबन फार्मिंग की योजना स्वीकृत है।

उपरोक्त योजनान्तर्गत Terrace Gardening तथा शहरी क्षेत्रों में खाली पड़े भू–खण्डो पर इच्छुक कृषक द्वारा आवेदन के माध्यम से लाभ दिया जायेगा।

इस योजना का कार्यान्वयन सरकारी परिसर में 100 प्रतिशत अनुदान पर एवं निजी व्यक्तियों का Terrace Gardening एवं आवासीय परिसर में खाली पडे भू–खण्डो पर 75 प्रतिशत अनुदान पर किया जायेगा।

- आवेदन जमा दिनांक 15.07.2025 तक कार्यालय कार्य अवधि में किया जायेगा। विशेष जानकारी हेतु कार्यालय से सर्म्पक किया जा सकता है।

जिला उद्यान पदाधिकारी,
लोहरदगा

PR 355675 Lohardaga (25-26)_D



GOVERNMENT OF INDIA MINISTRY OF LABOUR & EMPLOYMENT

**झारखण्ड सरकार**
**श्रम, नियोजन प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग,**
**जिला नियोजनालय–सह–मॉडल कैरियर सेन्टर गुमला**

National Career Service

**रोजगार मेला– 24 जून 2025 रिक्ति सूचना**

राज्य के बेरोजगार युवक / युवतियों को निजी क्षेत्र में नियोजन का अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिला नियोजनालय–सह–मॉडल कैरियर सेन्टर गुमला के तत्वाधान में नगर भवन गुमला परिसर में दिनांक–24.06.2025 (मंगलवार) के पूर्वाह्न 10:00 बजे से 4:00 बजे तक एक दिवसीय रोजगार मेला का आयोजन किया जा रहा है। रोजगार मेला में निम्नांकित प्रमुख नियोजकों ने उपस्थित रहने की सहमति प्रदान की है :–स्थान :– नगर भवन गुमला परिसर में।

| Sl N0 | Name of the Employer & Address | Name of the post | No. of Vacancy | Qualification Required | Experience | Age (Min. / Max) | (Pay/ Scale) | Job Location |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | DISHA EDUCATIONAL AND SOCIAL WELFARE SOCIETY SISAI, GUMLA | Mobilizer Head (Male/ Female). | 01 | Minimum 12th Pass | Minimum 2 years as Field Worker | 22 to 45 Years | 15,000/-to 17,000/- based on experience & performance. | Sisai, Gumla. |
| | | Mobilizer (Male/ Female). | 10 | Minimum 10th Pass | Minimum 2 years as Field Worker | 22 to 45 Years | 12,000/-to 15,000/- based on experience & performance. | Sisai, Gumla. |
| | | MST Home Appliances Trainer (Male/ Female). | 02 | Minimum ITI in Electronics Sector Pass | Minimum 2 as years Trainer | 22 to 45 Years | 15,000/-to 17,000/- based on experience & performance. | Sisai, Gumla. |
| | | Fashion Designer Trainer (Male/ Female). | 02 | Master's in Fashion Designing or Diploma with Strong creative Skills. | Minimum 2 years as Trainer | 22 to 45 Years | 15,000/-to 18000/- based on experience & performance. | Sisai, Gumla. |
| | | Counselor (Male/ Female). | 01 | Graduation (Basic Computer knowledge, good interpersonal & communication Skills) | Fresher Can apply | 22 to 45 Years | 12,000/-to 15,000/- based on experience & performance. | Sisai, Gumla. |
| 2 | SCIENCE CENTRE, GUMLA | Physics Teacher For Intermediate. (Male/ Female). | 02 | B.Sc. or M.Sc. in Physics. | Nil. | 20 to 30 Years. | 10,000/- Per Month. | Palkot Road, Gumla. |
| | | Maths Teacher for Intermediate. (Male/ Female). | 01 | B.Sc. or M.Sc. in Mathematics. | Nil. | 20 to 30 Years. | 10,000/- Per Month. | Palkot Road, Gumla. |
| | | Chemistry Teacher for Intermediate. (Male/ Female). | 01 | B.Sc. or M.Sc. in Chemistry. | Nil. | 20 to 30 Years. | 10,000/- Per Month. | Palkot Road, Gumla. |
| 3 | NATIONAL PUBLIC SCHOOL SISAI, GUMLA. | Social Science TGT Teacher (Male/ Female). | 01 | B-ed Plus English Speaking Mandatory. | 2 Years. | 25 Years and above. | 14,500/- to 18,500/- Per Month. | Sisai, Gumla. |
| | | English TGT Teacher (Male/ Female). | 01 | B-ed Plus English Speaking Mandatory. | 2 Years. | 25 Years and above. | 14,500/- to 18,500 /- Per Month. | Sisai, Gumla. |
| | | Date Entry Operator, LDC (Male/ Female). | 01 | DCA/ADCA (Knowledge of Computer). | 2 Years. | 20 Years and above. | 10,000/- to 13,000/- Per Month. | Sisai, Gumla. |
| 4 | SAHU NURSING HOME GUMLA | O.T Technician. | 01 | O.T Technician. | Nil. | 18 to 30 Years. | 5,000/- to 9,000/- Per Month. | Palkot Road, Gumla. |
| | | Dresser. | 01 | Dresser. | Nil. | 18 to 30 Years. | 4,000/- to 8,000/- Per Month. | Palkot Road, Gumla. |
| 5 | KEVALYA FINANCIAL SERVICES Pvt. Ltd RANCHI. | Customer Service Officer (Male/ Female). | 10 | 10th , 12th Pass. | Nil. | 18 to 32 Years. | 12,000/- to 15,000/- +PF+ ESIC accommodation Free + Incentive. | Ranchi, Sisai, Khunti. |
| 6 | KAMPA BHAI VOCATIONAL TRAINING INSTITUTE Ltd. PARWAL., BHARNO, GUMLA. | Filed Worker, Mobilizer. (Male/ Female). | 05 | 10th - Graduate. | 1 Years. | 18 to 35 Years | AS PER COMPANY NORMS. | Gumla |
| 7 | V MART RETAIL LTD, SISAI ROAD, GUMLA | Sales Man (Male/ Female). | 01 | 12th Pass. | 6 Month. | 21 to 27 Years | 9,500/- Per Month. | Gumla |
| 8 | ANKIT ENTERPRISES, JASHPUR ROAD, GUMLA | Sales Executive (Only For Female). | 01 | Graduate. | MS Office+ Tally and 1 Year Experience in Sales. | 21 to28 Years. | 9,000/- to 10,000/-Per Month. | Gumla. |
| | | Technician (Only For Male). | 01 | 12th , ITI Pass. | Automobile Sector Experience. | 18 to 25 Years | 8,000/- to 10,000/-Per Month. | Gumla. |
| 9 | MUTHOOT MICROFIN LTD RANCHI | Relationship Officer. | 20 | 12th , Graduate. | Nil. | 19 to 28 Years | 17,000/- Gross Per Month. | Jharkhand |
| 10 | GURUKUL SHIKSHA, CIRCULAR ROAD, LALPUR, RANCHI. | Academic Counselor (Only For Female). | 02 | Graduate. | Nil. | 18 to 35 Years. | 8,000/- to 15,000/- Per Month. | Lalpur, Ranchi. |
| | | Tellecaller (Only For Female). | 02 | Graduate. | Nil. | 18 to 35 Years. | 6,000/- to 15,000/- Per Month. | Lalpur, Ranchi. |
| 11 | TEJ ORTHOPEDIC AND SURGICAL HOSPITAL, KARAUNDI, GUMLA. | X-RAY Technician. ( Male/ Female). | 01 | Diploma in X-Ray. | Nil. | 25 to 35 Years. | 6,000/- Per Month. | Karaundi, Gumla. |
| 12 | FRIENDS MOTORRAD.BULLET SHOWROOM, PALKOT ROAD, GUMLA | Sales Executive (Male/ Female). | 04 | 12th , Graduate Pass. | 1 to 3 Years. | 20 to 35 Years. | 8,000/- to 12,000 Per Month, Plus Incentive. | Palkot Road, Gumla. |
| | | Technician (Only For male). | 05 | 10th , 12th Pass. | 2 Years. | 20 to 35 Years. | 8,000/- to 12,000 Per Month. | Palkot Road, Gumla. |
| | | Accountant. (Male/ Female). | 02 | B.Com Pass. | 2 to 3 Years. | 20 to 35 Years. | 10,000/- to 17,000 Per Month. | Palkot Road, Gumla. |
| | | Customer Relationship Executive (Only For Female) | 02 | 10th, 12th Pass. | 1 to 2 Years. | 20 to 35 Years | 8,000/- to 12,000 Per Month | Palkot Road, Gumla. |
| 13 | R J MANPOWER RANCHI | Security Guard (Only For Male). | 25 | 10th Pass. | Height -168 cm, Weight - 55kg. | 18 to 45 Years. | 12,000/- to 18,000/- Per Month. | Ranchi Gharwa Jamsedpur Asansol. |
| | | BPO (Male/ Female). | 50 | 12th Pass. | English Speaking Mandatory. | 18 to 35 years | 10,000/- to 22,000/- Per Month. | Ranchi. |
| | | Over Draft Collection. (Only For Male). | 65 | 12th Pass. | Own Bike Necessary. | 18 to 35 years | 21,500/- to 30,00/- Plus Petrol. | All Jharkhand. |
| | | ATM Cashtorian (Only For Male). | 5 | 12th Pass. | Own Bike Necessary. | 18 to 32 years | 13,000/- Plus Incentive. | Gumla, All Jharkhand. |
| | | Accountant (Male/ Female) . | 3 | B.Com Pass. | Experience Nil, Tally Knowledge Mandatory. | 18 to 35 Years | 12,000/- to 15,000/- Per Month. | Ranchi. |
| | | Tellecaller (Only For Female). | 5 | 12th Pass. | Nil. | 20 to 35 Years. | 10,000/- to 15,000/- Per Month | Ranchi. |
| | | Counselor (Only For Female). | 2 | Graduate. | 3 years As a counselor. | 23 to 35 Years. | 20,000/- to 35,000/- Per Month. | Hazaribagh. |
| 14 | QUANTUM KNITS K.P.R Mill Limited, Coimbatore , Tamilnadu | District Mobilization Executive (Male/ Female). | 03 | Any degree. | 2-3 Years. | 25 to 40 Years. | 20,000/- Per Month. | Jharkhand. |
| | | Sewing Machine Operator (Only For Female). | 500 | 5th Pass. | Nil. | 18 to 30 Years. | 15,000/- Per Month. | Coimbatore, Tamilnadu. . |
| | | Nurse (Only For Female). | 05 | Diploma In Nursing. | 2-3 Years. | 30 to 40 Years. | 25,000/- to 30,000/- Per Month. | Coimbatore, Tamilnadu . |
| | | Warden (Female). | 05 | Any degree. | Nil. | 30 to 40 Years. | 25,000/- to 30,000/- Per Month. | Coimbatore, Tamilnadu. |
| | | Security (Only For Male). | 03 | 10th, 12th Pass. | Nil. | 30 to 40 Years. | 18,000/- Per Month. | Coimbatore, Tamilnadu. |
| | | HR Office Mobilization (Male/ Female). | 05 | Any degree. | Nil. | 25 to 35 Years. | 25,000/- to 30,000/- Per Month. | Coimbatore, Tamilnadu. |
| 15 | LIC OF INDIA, GUMLA BRANCH | LIC Bima Sakhi (Only For Female). | 100 | 10th and Above Pass. | Nil. | 18 to 65 Years. | Commission Plus 7,000/- Stipend. | Gumla. |

नोट :– योग्य एवं इच्छुक उम्मीदवार जो निबंधित नहीं है वे अपने निकटतम नियोजनालय में अथवा नजदीकी नियोजनालय पर अपना निबंधन कराते हुए उपरोक्त रोजगार मेला में नियोजक / नियोजकों के प्रतिनिधि के समक्ष अपने सभी मूल प्रमाण **Self Attested Copies of Residential, Resume, Aadhar Card, Pan Card, Voter Id, Own Bike/ Scooty RC, Educational Mark sheet and Certificate, Bank Account Details** एवं उसकी एक छायाप्रति तथा बायोडाटा (02 कॉपी ) दो पासपोर्ट साईज फोटो एवं अनिवार्य रूप के साथ साक्षात्कार हेतु उपस्थित हो। जो उम्मीदवार पूर्व से निबंधित है, उन्हें पुनः निबंधन कराने की आवश्यकता नहीं। चूँकी रिक्ति निजी क्षेत्र की है, अतः चयन प्रक्रिया में नियोजनालय का किसी भी प्रकार का हस्तक्षेप नहीं होगा।

- किसी भी प्रकार का यात्रा भत्ता देय नहीं है।

जिला नियोजन पदाधिकारी,
जिला नियोजनालय, गुमला

PR 355677 (Labour Employment and Traning)25-26*D

## समय संवाद

जाने-अनजाने चेहरों में किसने क्या रिएक्शन दिया? कैसा कमेंट किया? जैसी बातें भी तनाव और एंग्जायटी भी बढ़ाते हैं। जर्नल ऑफ क्लिनिकल एंड सोशल साइकॉलॉजी में छपी रिसर्च के मुताबिक सोशल मीडिया लत का बेचैनी और अवसाद से सीधा संबंध है। हरदम यहां मौजूद रहना कार्टिसोल और एड्रेनेलिन हार्मोन्स का स्तर बढ़ता है। ये तनाव बढ़ाने वाले हार्मोन्स हैं। इसीलिए अपने अपडेट्स पर मिले सकारात्मक फीडबैक को लेकर हद से ज्यादा उत्साहित होने या नेगेटिव कमेंट्स को लेकर तनाव में आने से बचें। आज तनाव का यह एक बड़ा कारण है।

# सोशल मीडिया पर मौजूदगी हो गुमशुदगी नहीं

**डॉ उषा किरण**



**सोशल** मीडिया पर हद से ज्यादा एक्टिव रहने के खमियाजे अब सामने आने लगे हैं। शारीरिक-मानसिक और व्यवहारगत समस्याएं तेजी से बढ़ रही हैं। खासकर ऐसे यूजर्स में जिनकी जिंदगी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स तक ही सिमट गई है। कोरोना काल में तो हर उम्र के लोगों का स्क्रीन टाइम बढ़ गया है। आंकड़े बताते हैं कि 3.6 अरब लोग दुनियाभर में रोज 144 मिनट सोशल मीडिया पर बिता रहे हैं। हर उम्र, हर वर्ग के लोग इन यूजर्स की फेहरिस्त में शामिल हैं। हालांकि अब यूजर्स इन वर्चुअल मंचों पर ओवर एक्टिव रहने के नुकसान भी समझने लगे हैं पर यह भी सच है कि आज के दौर में वर्चुअल प्लेटफॉर्म्स से पूरी तरह कटकर भी नहीं रहा जा सकता। हां, समझ और सजगता के साथ यहां मौजूद रहना अनगिनत समस्याओं से बचाते हुए आपको वर्चुअली सक्रिय रख सकता है

**सही प्लेटफॉर्म्स चुनें**

वर्चुअल दुनिया में हर मंच पर अपनी मौजूदगी रखना अपना समय गंवाने के रास्ते खोलने जैसा है। इसीलिए अपनी पसंद या अपने वर्किंग फील्ड के मुताबिक ऐसे वर्चुअल प्लेटफॉर्म चुनें, जो आपको अपग्रेड कर सकें। वहां बिताये जा रहे समय के बदले आपके काम की सूचनाएं आपको मिल सकें। ध्यान रहे कि आज सोशल मीडिया के अनगिनत एप्स और साइट्स पर लोगों का बहुत सा समय खप जाता है। यह तय करना वाकई जरूरी है कि सूचनाओं के महासागर में कौन सी जानकारी आपके काम की है। कुछ पढ़ना समझना हो या शेयर करना आपकी प्राथमिकता क्या है?

**अपडेट कम कीजिये**

सोशल मीडिया पर आपकी मौजूदगी का सीधा रिश्ता आपके अपडेट्स से है। हद से ज्यादा अपडेट्स की आदत हरदम आपको स्क्रीन की दुनिया में गुम रखती है। बार- बार लाइक, कमेन्ट या रियेक्शंस को देखने के जाल में उलझाए रखती है। इसीलिए आम जिंदगी से जुड़े वाकये हों या सार्वजनिक घटनाओं से जुड़े विचार, हर दिन, हर बात, हर विषय को लेकर अपडेट्स करने की आदत यूजर्स को सबसे ज्यादा व्यस्त रखती है। अगर आप खुद अपने अपडेट्स को सीमित रखते हैं, तो इन प्लेटफॉर्म्स पर आपका होना लत नहीं बनता। सार्थक जुड़ाव और जागरूकता भर के लिए वर्चुअल प्लेटफॉर्म्स पर समय देने के लिए अपने पोस्ट्स, अपडेट्स और स्क्रीन स्क्रॉलिंग को सीमित रखना बेहद जरूरी है। सोशल साइट्स पर बढ़ती मौजूदगी के अनुपात में ही दुनिया में तनाव, अवसाद, और हाइपरटेंशन के मामले भी बढ़े हैं।

**स्क्रीन टाइम तय कीजिये**

बच्चों के लिए ही नहीं बड़ों एक लिए भी स्क्रीन टाइम तय करना जरूरी है। सोशल मीडिया से सधी हुई दूरी बनाना चाहते हैं तो पहले अपना हर दिन का स्क्रीन टाइम जानें। फिर सर्फिंग के लिए एक खास और नियत समय निकालें। ताकि ना तो आपकी काम की प्रोडक्टिविटी पर असर पड़े और ना ही आप साइबर संसार के लती बनें। किंग्स कॉलेज लंदन द्वारा किये गए फ्रंटियर्स इन साइकाइट्री जर्नल में प्रकाशित ताजा अध्ययन के मुताबिक वैश्विक स्तर पर करीब एक तिहाई युवा स्मार्ट फोन की लत का शिकार हैं। जिसके चलते अनिद्रा के साथ ही दूसरी बीमारियों का खतरा भी बढ़ रहा है। अध्ययन में शामिल 39 फीसदी प्रतिभागियों में बार - बार फोन देखना , नियमित रूप से सोशल मीडिया पर सूचनाएं देखते रहना, मैसेज या नोटिफिकेशन आते ही जल्द से जल्द फोन देखने की तलब रहना जैसे लक्षण दिखाई दिए हैं। ऐसे सभी लक्षण अपने फोन को लेकर नियंत्रण खोने के लक्षण माने जाते हैं।

# मानवता का विकास हो

**स्वामी सत्यानंदजी परमहंस**




**विकास** किसे कहते है? आज विकास को लेकर जो परिभाषा गढ़ी जा रही है वह ह्दय को कितना बड़ा बना पाने में सक्षम है? स्वामी सत्यानंद परमहंस ने कहा कि आज जिस विकास की परिभाषा गढ़ी जा रही है वह भौतिकता से प्रभावित है। क्या हमारा मन बड़ा हो गया है। क्या हम और अधिक उदार होते जा रहे हैं। हमारी भक्पि परम्परा में उदारता और दास भाव की जो बात कही गयी है क्या उन बातों पर अमल हो रहा है। उन्होंने कहा कि आज भाई-भाई का प्रेम कहा टिका है। पहले लोग जिस प्रकार से मदद करते थे आपत स्थिति में, शादी ब्याह में, बीमारी में वह शहरों में खत्म ही हो रहा है। आज किसी की मौत के बाद उसे चार आदमी कंधा देने के लिए नहीं मिलते उसे रिक्शा या गाड़ी पर ले जाना होता है। मन, मथुरा और दिल द्धारिका हो तब शरीर काशी बन जाता है। व्यक्ति का मन कितना बड़ा है, कितना उदार है, कितना निष्कंलक है, कितना पवित्र है उसने अपने मन का कितना विकास किया की वह ज्यादा से ज्यादा लोगों के काम आ सका अगर यह विकास नहीं हो सका तो किस विकास की बात करते हैं। आज एक भाई अभाव में बीमारी में पेरशान होता है तो दूसरा अपने में खोया रहता है।

समाज सुविधाओं से नही सहयोग से चलता है। सहयोग का भाव समर्पण से पैदा होता है। समर्पण उसी के समक्ष किया जाना चाहिए जो इन गुणों से युक्त हो। अर्जुन ने कृष्ण, राम और विश्वामित्र ने गुरु वशिष्ट के आगे समर्पण किया। भक्ति का भाव अतःकरण में पैदा हो जाये यह विकास सबसे आवश्यक है। सामाजिक अवस्था पर उन्होंने कहा कि मगध और मिथिलाचंल में भक्ति सदैव प्रकट हुई। विश्वामित्र ने वक्सर में गायत्री मंत्र की रचना की। बक्सर के बारे में उन्होंने कहा कि प्राचीन, आधुनिक और वर्तमान तीनों काल में वहां घटनाएं घटित होती रही है। ताड़का बध से लेकर गायत्री मंत्र की रचना और इतिहास की कई लड़ाईयों में बक्सर का योगदान रहा है। परमहंस दयाल जी की भक्ति भी टेरी पंजाब से होती हुई वाराणसी से बक्सर आई और यहां के लोगों को भक्ति की प्रेरणा दी। समाज में विकास का अर्थ मानवीय गुणों का विकास है जिससे उसकी बुराइयों पर वह विजय प्राप्त कर सके।

ब्रह्य विद्यालय और आश्रम 18 वी सदी के मध्य से अब तक तत्व ज्ञान पर आधारित सन्यास की परम्परा को आगे बढ़ा रहा है जिसे परमहंस दयाल जी ने छपरा, बिहार से टेरी, अब पाकिस्तान में है वहां तक का विस्तार कराया। उस समय आश्रम में आठ हजार सन्यासी थे। यह राम कृष्ण परमहंस के लगभग समकालिन थे। परमहंस जी के गुरु तोतापुरे थे। इसके बाद स्वामी विवेकानंद ने रामकृष्ण मठ की कलकता में स्थापना की। ब्रंह्म विद्यालय गढ़वा घाट वाराणसी के विस्तार के बाद स्वामी शिवधर्मानंद जी के प्रबल प्रयास से बक्सर के छोटका राजपुर गांव में विस्तार पाया। भक्ति, गुरु आश्रम की सबसे बड़ी सेवा है। युवा वस्था में ही भक्ति पर विशेष जोर देते हुये स्वामी जी ने कहा की जीर्ण शरीर से कुछ भी संभव नहीं है मुक्ति भी नहीं हो सकती है। किसी भी कष्ट के पीछे कामना ही उसका कारण बनती है। बसारगढ़ स्थित ब्रंहाविद्यालय और आश्रम में स्वामी सत्यानंद ने कहा कि कष्ट इसलिए ज्यादा है क्योंकि हमलोगों ने अपनी कामना बढ़ा ली है। समाज में ज्यादा से ज्यादा सांसारिक वस्तुओं की इच्छा करने से कष्ट बढ़ रहा है। हमें उतने ही पैर पैसारने चाहिए जितने लंबे सौर हो। हमारे पूर्वजों ने हर चीज में अपनी कामना पर नियंत्रण रखते थे। यही नहीं वे अपने दिनचर्या और खान-पान को भी सीमा में रखते थे। आज हम अपनी कामनाओं को नियंत्रित करने में असफल हो रहे हैं यह सबसे बड़ा दुख का कारण बन रहा है। कष्ट कामना से होता है और कामना के नियंत्रण के लिए भक्ति का संग होना अनिवार्य है। भक्ति गुरु के माध्यम से ही स्थापित होती है। (ब्रह्म विद्यालय सह आश्रम छोटका राजपुर, बक्सर)

# पक्षियों की रोचक दुनिया





**फलक फातिमा**

पक्षी इंसानों की तरह ही न केवल दिमागदार होते हैं बल्कि जरूरत पड़ने पर त्वरित तौर पर सीखते भी हैं। इसीलिए प्राचीन काल में पक्षियों को गुप्त सन्देश लाने ले जाने के लिए बकायदा ट्रेंड किया जाता रहा है। माना जाता है कि आधुनिक संचार व्यवस्था की शुरूआत इन्हीं से हुई है।

क्या आपने कभी सोचा है कि पक्षी आखिर संदेश किस तरह पहुंचाते रहे होंगे ? जी नहीं ये सिर्फ चोंच में दबाकर चिट्ठियां भर इधर से उधर नहीं ले जाते थे। दरअसल, ये विभिन्न तरीकों तथा आवाज, अभिनय तथा अपने शरीर पर पहनाये गये अलग-अलग तरह के अभूषणों द्वारा संदेश लाने और ले जाने का काम किया करते थे। तोते जैसे कुछ पक्षी तो अपनी विशिष्ट आवाज से बकायदा बातें कर लेते थे। इस्राइल के ज्ञानी राजा सोलोमन के बारे में तो कहा जाता है कि वह पक्षियों से घंटों बातें किया करते थे। पक्षी वैज्ञानिकों ने अपने विस्तृत ऑब्जर्वेशन और अध्ययन में पाया है कि पक्षी भी दोस्ताना भावनाएं रखते हैं, जो कि उनके द्वारा सीखी गयी होती हैं। पक्षी सीमित मात्रा में सीखने की अद्भुत क्षमता रखते हैं। यहां तक कि इनमें दोस्त व दुश्मन को भी पहचानने की सलाहियत होती है। यही कारण है कि कुछ पालतू पक्षी अपने राजाओं को समय-समय उनके कपटी दोस्तों और शुभचिंतकों से सावधान भी करते थे।

पक्षियों के पास संचार के लिए दर्जनों हावभाव और संकेत होते हैं। जब सिखाये पढ़ाये यानी ट्रेंड पक्षी अपने कान खुजलाते हैं तो वह खुजलीभर नहीं मिटा रहे होते बल्कि कोई संदेश पास कर रहे होते हैं। पक्षियों में जन्म से ही अपने माता-पिता को पहचानने की अद्भुत क्षमता होती है। पक्षियों के बच्चे, जहां भी मां-बाप जाते हैं, उनके पीछे-पीछे ही घूमते रहते हैं। इसका मतलब है कि पक्षियों में सोचने, समझने की शक्ति होती है। अधिकतर पक्षी अपने रहने के लिए घोसले इतने मजबूत बनाते हैं कि ये कई साल तक हर मौसम में टिके रहते हैं।

# बच्चों के लिए फायदेमंद सरल योगासन

**जीवीएस शास्त्री**

आजकल ज्यादातर पैरेंट्स इस बात से परेशान रहते हैं कि बच्चे फिजिकली एक्टिव नहीं रहते। ज्यादातर समय स्मार्ट फोन गैजेट्स पर बिताते हैं। जाहिर है,उनकी सेहत पर काफी बुरा असर पड़ता है। बच्चों के रूटीन में योग को शामिल कर दिया जाए तो उनके बेहतर स्वास्थ्य की नींव रख सकता है। कुछ सरल योगासन बच्चों को सक्रिय रखने के साथ-साथ उनकी शारीरिक शक्ति और लचीलेपन में सुधार करने में मददगार हैं। जानिये, उन योगासनों के बारे में

**सुखासन**

यह एकाग्रता में मदद करने वाला आसन है। पैरों को क्रॉस करके तथा पीठ को सीधा करके जमीन पर बैठ जाएं। हाथों को अपने हृदय के मध्य में या घुटनों पर रखें। जब कई सांसों तक इस आसन को करेंगे तो आराम और लचीलापन महसूस करेंगे।

**वृक्षासन**

शरीर का संतुलन बनाने में मदद करता है वृक्षासन। इसके लिए अपने हाथों को बगल में रखें और सीधे खड़े हो जाएं। अपना वजन एक पैर पर डालें और दूसरे पैर को उठाकर अपनी जांघ, टखने या पिंडली पर टिका दें। भुजाओं को एक साथ सिर के ऊपर उठायें व कुछ समय रुकें।

**मार्जरी आसन**

बच्चे कैट पोज से पीठ की मांसपेशियों को मजबूत कर सकते हैं और मुद्रा सही कर सकते हैं। कोहनियों, कंधों और कलाइयों को सही स्थिति में रखते हुए, हाथों और घुटनों के बल पर शुरू करें। बिल्ली की तरह पीठ झुकाएं और सिर नीचे करें। करीब 30 सेकंड ऐसे बैठें।

**वीरभद्रासन**

यह योद्धा मुद्रा है जो बच्चे को आत्मविश्वासी महसूस कराने में मदद कर सकती है। इसे इस तरह करें झ एक पैर आगे बढ़ाकर ऊंची छलांग लगाएं, तथा सामने वाले घुटने को 90 डिग्री पर मोड़ें। पिछले पैर को जमीन पर 45 डिग्री पर सीधा रखें। सांस छोड़ें और कुछ देर रोककर रखें।

**मंडूकासन**

इससे गतिशीलता में सुधार होता है। अपने हाथों और घुटनों के बल पर खड़े होकर कलाइयों को कंधों के नीचे रखें। कूल्हों को पीछे धकेलने के बाद कुछ देर सांस रोककर रखें।

उत्कटासन

कुर्सी मुद्रा के अभ्यास से बच्चों में स्थिरता विकसित होती है। सांस लें और भुजाओं को सिर के ऊपर उठायें। सांस लें और अपने घुटनों को आगे लाएं, तथा जांघों को जमीन के समानांतर रखें। एक मिनट इस मुद्रा में रहें।

**शवासन**

तन और मन को रिलैक्स रखेगा यह आसन।अपनी भुजाओं को बगल में रखें, हथेलियां ऊपर की ओर और पैरों को सीधा रखते हुए पीठ के बल लेट जाएं, आंखें बंद रखें और गहरी, धीमी सांस लें। कुछ समय इस मुद्रा में रहें।

**बद्ध कोणासन**


बच्चों को बटरफ्लाई पोज पसंद होता है। पीठ सीधी रखें और पैर चौड़ा करके बैठें। पैरों को मोड़कर तलवों को एक दूसरे के सामने रखना चाहिए तथा तितली की तरह उड़ना चाहिए। धीरे-धीरे सांस अंदर लें और कुछ देर रोककर रखें।

**सिंहासन**सिंहासन तनाव से राहत देता है और फेफड़ों को स्वस्थ करता है। घुटनों को मोड़कर और अपने कूल्हों को अपनी एड़ियों से सहारा देकर बैठ जाएं। आंखें खोलकर और जीभ बाहर निकालकर, गहरी सांस लें और छोड़ें।

# झारखंड हाई कोर्ट में योग दिवस पर कार्यक्रम

**स्वामी मुक्तरथ**










21 जून को हर साल अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाता है। झारखंड उच्च न्यायालय में वरिष्ठ न्यायाधीश सूचित नारायण प्रसाद समेत सभी अधिकारियों ने स्वामी मुक्तरथ के मार्गदर्शन में किये योगाभ्यास। यहाँ अवनीश कुमार और श्रुतिकीर्ति ने योगासन और प्राणयाम करके बताये।

**बटरफ्लाई आसनः** बटरफ्लाई आसन को तितली आसन भी कहते हैं। ये आसन विशेष रूप से लाभकारी है। आसन करने के लिए पैरों को सामने की ओर फैलाते हुए बैठ जाएं,रीढ़ की हड्डी सीधी रखें। कई स्थानों पर योगाअभ्यास के कार्यक्रम आयोजित किया गया। राज्य सरकार के विभिन्न प्रशासनिक कार्योलयों में भी स्वामी मुक्तरथ के मार्गदर्शन में योगाभ्यास का प्रशिक्षण प्राप्त किया और नियमित अभ्यास का प्रण कियाञ।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह

स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह

द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।

प्रधान संपादक
सौरभ कुमार सिंह
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com

R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797

धनबाद कार्यालय
लुबी सर्कुलर रोड, धनबाद 826001 से प्रकाशित।
( R.N.I No. आवेदित )

*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

# अतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर झारखंड गवर्नमेंट टूल रूम में कराया गया योगाभ्यास






रांचीःअतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर आज झारखंड गवर्नमेंट टूल रूम टाटीसिलवे रांची में योग दिवस का आयोजन किया गया । जिसमे संस्थान की छात्रों, शिक्षकों और कर्मचारियों के बीच योग का आयोजन आर्ट ऑफ लिविंग संस्थान से आये हुए टीम जिसका नेतृत्व सुश्री सुषमा यादव के दिशा निर्देश में किया गया ।

कार्यक्रम की शुरूआत प्रातः 6:00 बजे संस्थान के प्रांगण में सामूहिक प्रार्थना से हुई। इसके पश्चात योग प्रशिक्षक द्वारा विभिन्न योगासनों एवं प्राणायाम का अभ्यास कराया गया।झारखंड गवर्नमेंट टूल रूम के प्राचार्य महेश कुमार गुप्ता ने अपने संबोधन में कहा की ₹योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि मानसिक शांति, अनुशासन और एक सकारात्मक जीवन की कुंजी है। ऐसे आयोजन हमारे छात्रों को संतुलित और स्वस्थ जीवन की ओर प्रेरित करते हैं।

कार्यक्रम में टूल रूम के वरिष्ठ प्रशानिक अधिकारी आशुतोष मिश्रा, फैकल्टीज कमलकांत, गौरव प्रियदर्शी ,कुमार अविनाश, उत्तम नारायण सिंह, अनुपम बाड़ा, रवि कुमार, लूमी सांगा, पूनम खलखो अदि एवं उषा मार्टिन इंडस्ट्रीज के शिवाजी कुमार उपस्थित थे।

# आम खाये वजन घटायें

**अगर** आप के शौकीन हैं लेकिन आम को खाने से इसलिए दूर भाग रहे हैं क्योंकि आपको लगता है आम खाने से वजन बढ़ता है। अगर आपके मन में भी ये सवाल रह रहकर तैर रहा है तो जानिए इस सवाल का जवाब।

गर्मी के मौसम में बाजार में सबसे ज्यादा आम मिलता है। आम ना केवल बाकी फलों से देखने में अलग होता है बल्कि इसका स्वाद भी एकदम अलग होता है। खास बात है कि आम की कई वैरायटी बाजार में आती है और हर एक वैरायटी के आम का स्वाद एक दूसरे से अलग होता है।

आम का इस्तेमाल ना केवल फल के तौर पर बल्कि इसका इस्तेमाल चटनी, आम पना और शेक के रूप में भी किया जाता है। इसमें प्रुचर मात्रा में विटामिन ए, विटामिन सी, विटामिन ई और कैल्शियम होता है।

कई लोगों को लगता है कि आम खाने से वजन बढ़ने लगता है। अगर आपको भी ये लगता है तो आपके लिए ये जानना जरूरी है कि आम को खाने से वजन बिल्कुल नहीं बढ़ता है। आम वसा, सोडियम और कोलेस्ट्रोल फ्री होता है। यानी कि इसमें फैट और कोलेस्ट्रॉल बिल्कुल भी नहीं होता है, लिहाजा इसका सेवन करने से वजन नहीं बढ़ता है।

आम में प्रचुर मात्रा में विटामिन ए होता है। इस वजह से ये आंखों के लिए फायदेमंद रहता है। इसलिए अगर आप अपनी आंखों की रोशनी बढ़ाना चाहते हैं तो आम जरूर खाएं 2. स्वाद में लजीज होने के अलावा आम बैड कोलेस्ट्रॉल को कंट्रोल करने में मदद करता है। इसमें फाइबर और विटामिन सी प्रचुर मात्रा में होता है। 3.आम में कई तरह के एंजाइम्स होते हैं। ये एंजाइम्स भोजन को तोड़ने का काम करते हैं जिसकी वजह से खाना डाइजेस्ट होने में सहायता मिलती है। 4. ये बात जानकर आपको हैरानी होगी की आम का सेवन करने से वजन को भी घटाया जा सकता है। दरअसल, आम की गुठली में मौजूद रेशे शरीर में जमा अतिरिक्त चर्बी को कम करने में असरदार हैं। इसके साथ ही आम का सेवन करने से भूख भी कम लगती है क्योंकि इससे काफी देर तक पेट भरा रहता है। 5. अगर आम बहुत गला हुआ है तो उसके गुदे को भी आप चेहरे पर लगा सकते हैं। इससे चेहरे पर निखार आता है। 6. क्या आप जानते हैं आम याद्दाश्त को भी बढ़ाने में मददगार है। इसमें ग्लूटामिन एसिड नाम का तत्व पाया जाता है। ये तत्व याद्दाश्त को बढ़ाने का काम करता है। 7. आम लू से बचाव करता है। अगर आप एक गिलास आम का पना पीकर घर से बाहर निकले तो आपको लू से बचाने में मदद करेगा।

**विश्व को खाता ...**



साभार कॉटून मूवमेंट

## स्पीड न्यूज

### डीसी ने किया वेयरहाउस का निरीक्षण



**रामगढ़ ।** उपायुक्त रामगढ़ फैज अक अहमद मुमताज ने शनिवार को कई राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में छत्तरमांडू स्थित ईवीएम वेयरहाउस का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। मौके पर उप निर्वाचन पदाधिकारी रविन्द्र कुमार गुप्ता ने उपायुक्त को ईवीएम वेयरहाउस के सुरक्षा प्रोटोकॉल के संबंध में विस्तार पूर्वक जानकारी दी। इस दौरान उपायुक्त ने विभिन्न राजनीतिक दलों के जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में वेयरहाउस में मौजूद सीसीटीवी कैमरें, अग्निशमन व्यवस्था, कुल कंट्रोल एवं बैलट की जानकारी लेते हुए महत्वपूर्ण निर्देश दिए ।

### रामगढ़ कॉलेज में हुआ योग



**रामगढ़।** 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर शनिवार को रामगढ़ महाविद्यालय रामगढ़ के परिसर में हुआ योगभ्यास ।पुलिस अधीक्षक अजय कुमार, अपर समाहर्ता कुमारी गीतांजलि, अनुमंडल पदाधिकारी अनुराग कुमार तिवारी, प्रभारी पदाधिकारी गोपनीय शाखा रविंद्र कुमार गुप्ता, भूमि सुधार उप समाहर्ता दीप्ति प्रियंका कुजूर, जिला सूचना एवं विज्ञान पदाधिकारी बीरेंद्र प्रसाद, सांसद प्रतिनिधि राजीव जायसवाल सहित अन्य के द्वारा दीप प्रज्वलित कर विधिवत रूप से कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। एसपी ने योग से होने वाले फायदे को जानकारी दी एवं नियमित रूप से करने एवं अन्य लोगों को भी इसके प्रति जागरूक करने की सभी से अपील की।

### टाटा स्टील में मना योग दिवस



**वेस्ट बोकारो।** टाटा स्टील के वेस्ट बोकारो डिवीजन में शनिवार को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मना, जिसमें 100 से अधिक प्रतिभागियों ने स्वास्थ्य, सद्भाव और सजगता की भावना के साथ भाग लिया। शोभा बढ़ाई अनुराग दीक्षित जनरल मैनेजर, वेस्ट बोकारो डिवीजन ने, जिनकी उपस्थिति ने कार्यक्रम को और भी विशेष बना दिया। कार्यक्रम मजहर अली, चीफ, इंजीनियरिंग एंड सर्विसेज, वेस्ट बोकारो डिवीजन तथा डिवीजन के वेलनेस चेयरपर्सन के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। वेस्ट बोकारो डिवीजन के सभी चीफ, एचओडी, यूनियन प्रतिनिधि, अधिकारीगण तथा उनके परिवार के सदस्य इसमें शामिल हुए।

### योग प्राचीन परंपरा : रामाकृष्णन




रजरप्पा। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर शनिवार को सीसीएल ने योग संगम कार्यक्रमआरके इंटरनेशनल रिसॉर्ट परिसर में किया। प्रातः 6:30 बजे प्रारंभ हुए इस कार्यक्रम में अधिकारियों, कर्मचारियों, श्रम संगठन प्रतिनिधियों तथा उनके परिवारजनों सहित लगभग 350 प्रतिभागियों ने योगाभ्यास में भाग लिया। सीसीएल मुख्यालय से महाप्रबंधक (एचआरडी) रामाकृष्णन विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि योग एक प्राचीन भारतीय परंपरा है, जो व्यक्ति के तन, मन और आत्मा को संतुलन में रखती है। सीसीएल परिवार को इस दिशा में मिलकर काम करने की आवश्यकता है, जिससे एक स्वस्थ कार्य वातावरण का निर्माण हो। महाप्रबंधक, रजरप्पा क्षेत्र, कल्याणजी प्रसाद ने कहा कि रोजमर्रा की भागदौड़ में योग मानसिक शांति और आत्मिक सुकून देने वाला साधन है। हम रजरप्पा क्षेत्र में योग को दैनिक जीवनशैली का हिस्सा बनाए जाने हेतु सतत प्रयासरत रहेंगे।

### जुबिली कॉलेज में मना योग दिवस



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** जुबिली कॉलेज भुरकुंडा के प्रांगण में शनिवार को एनएसएस ईकाई 1 एवं 2 के संयुक्त तत्वावधान में योग दिवस मनाया गया। इसका संचालन करते हुए कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. बी रविदास ने कहा कि योगासन तथा प्राणायाम भारतीय संस्कृति का अमूल्य धरोहर है जो न केवल शारीरिक स्वास्थ्य बल्कि मानसिक, आध्यात्मिक एवं सामाजिक संतुलन बनाए रखने में अत्यन्त प्रभावी भूमिका निभाता है। योग प्रशिक्षक डॉ. शम्भु प्रसाद ने कहा कि समग्र कल्याण, वैश्विक उत्थान तथा स्वयं एवं राष्ट्र की समृद्धि के लिए योग को अपने नियमित दिनचर्या में शामिल करना अनिवार्य है। उन्होने कई आसनो एवं प्राणायाम जैसे अनुलोम- विलोम, कपालभाति, ताड़ासन, वृक्षासन, मकरासन, वज्रासन, सूर्य नमस्कार आदि का अभ्यास कराया। डॉ. अरूण कुमार सिंह ने जीवन में हास्ययोग को परम आवश्यक बताते हुए करे योग, रहे निरोग का नारा बुलंद किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ. अरूण कुमार सिंह, डॉ. एसएस पांडेय, डॉ. एसपी दांगी, डॉ. गोपाल विश्वकर्मा, प्रो. बालकृष्ण, सुरेश सिंह, अभय मिश्रा, कमलेश, आकाश पांडेय, सोमनाथ, कृष्णा, सोमनाथ, सन्नी, प्रवेश, दीपक मुंडा, महाबीर, सुशील, गायत्री आदि का विशेष योगदान रहा।

### परवरिश एडुकेयर में हुआ योग



कुजू। परवरिश एजुकेयर स्कूल कुजू में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। इस दौरान विद्यालय परिसर में विशेष योग का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यार्थियों, शिक्षकों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। जिसमें विद्यालय के निर्देशक शैलेंद्र कुमार और प्रबंधन निर्देशक विकास कुमार सिंह ने सभी को योग दिवस की शुभकामनायें दी। मौके पर विद्यालय के निर्देशक शैलेंद्र कुमार व प्रबंधक निर्देशक विकास कुमार सिंह की अगवाई और सुविचार के साथ किया गया। मौके पर उन्होंने कहा कि इस दिन को मनाने का उद्देश्य योग के महत्व को वैश्विक स्तर पर उजागर करना है।

# हर विभाग को खर्च का देना होगा हिसाब : मनोज यादव

## खर्च में लापरवाही नहीं चलेगी : लोक लेखा समिति

खबर मन्त्र संवाददाता



**हजारीबाग।** झारखंड विधानसभा की लोक लेखा समिति शनिवार को हजारीबाग दौरे पर रही, जहां समिति ने जिले के वित्तीय प्रबंधन और खर्च की पारदर्शिता पर पैनी नजर डाली। समिति अध्यक्ष एवं बरही विधायक मनोज कुमार यादव की अगुवाई में आयोजित इस समीक्षा बैठक में जिले के वरीय पदाधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए कि वित्तीय अनुशासन और जवाबदेही अब टालने योग्य विषय नहीं हैं। परिसदन भवन में आयोजित समीक्षा बैठक में समिति सदस्यों चक्रधरपुर विधायक सुखराम उरांव, मनोहरपुर विधायक जगत मांझी, कोलेबिरा विधायक नमन विक्सल कोनगाड़ी, बरकट्ठा विधायक अमित यादव और बड़कागांव विधायक रोशनलाल चौधरी ने जिले के विभिन्न विभागों के प्रमुख अधिकारियों के साथ घंटों तक वित्तीय दस्तावेजों की जांच की। बैठक में सरकारी खर्चों की पारदर्शिता, बजट आवंटन का यथोचित उपयोग, लेखा परीक्षण रिपोर्ट की अद्यतन स्थिति, और विभागीय स्तर पर रिपोर्टिंग में हो रही देरी जैसे कई गंभीर मुद्दों पर सवाल उठाए गए। मनोज यादव ने कहा कि हर विभाग को अपने कामकाज की समय-समय पर समीक्षा करनी होगी। यदि किसी योजना में धन का गलत या अपूर्ण उपयोग पाया गया तो संबंधित अधिकारी को जवाब देना होगा। समिति ने सुझाव दिया कि सभी अधिकारी अपने-अपने विभागीय कंडिकाओं की समीक्षा करें और जो भी समस्याएं या अनियमितताएं हैं, उन्हें त्वरित रूप से दूर किया जाए। विभागीय लापरवाही अब बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मनोज यादव ने कहा कि अब हर विभाग को खर्च का हिसाब देना होगा। वित्तीय अनुशासन में कोताही बर्दाश्त नहीं होगी। यदि स्थिति नहीं सुधरी तो अगली बार सिर्फ बैठक नहीं, कार्रवाई करेंगे। इस दौरे ने जिले में प्रशासनिक सजगता और जवाबदेही की एक नई लकीर खींच दी है, जिसे नजरअंदाज करना अब संभव नहीं होगा।

# हजारीबाग : रात में धड़ल्ले से बालू माफियाओं की दौड़ती हैं गाड़ियां

**बिना रोक-टोक के तरबा में सैकड़ों ट्रैक्टरों से बालू होता है डंप**

खबर मन्त्र संवाददाता



हजारीबाग। क्या बालू माफिया इंसान हैं या अदृश्य ताकत? यह सवाल अब जनता के जहन में घर कर गया है, क्योंकि पांच-पांच थानों को ठेंगा दिखाकर, रात के अंधेरे में खुलेआम बालू की ट्रकों की लाइन निकलती है और प्रशासन गहरी नींद में सोया रहता है। एनजीटी के सख्त प्रतिबंध और न्यायालयीय आदेशों को धता बताते हुए बालू माफिया न केवल धंधा कर रहे हैं, बल्कि पुलिस तंत्र को भी बार-बार चकमा दे रहे हैं। बरकट्ठा थाना क्षेत्र से लोड होती है डंपर गाड़ियां, इचाक के करियातपुर, टाटीझरिया के खैरा करमा और देवरिया होते हुए दारू थाना क्षेत्र के जोनिहियां जंगल के रास्ते झुमरा के दीपू चौक तक पहुंचती हैं। फिर मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के तरबा में सैकड़ों ट्रैक्टरों से बालू डंप होता है और ये सब बिना किसी रोक-टोक के। सूत्रों की मानें तो इस काले कारोबार में कई बड़े ब्रोकर और दलाल शामिल हैं। पुलिस और खनन विभाग की निष्क्रियता कहीं मिलीभगत की ओर इशारा कर रही है या फिर यह व्यवस्था की अक्षमता का जीवंत उदाहरण है। ट्रकों की रफ्तार इतनी तेज होती है कि कोई पूछ भी नहीं सकता, न आम जनता, न चौकीदार और न ही गश्ती पुलिस। आखिर सवाल उठता है कि क्या पुलिस की नजर नहीं पड़ती? या नजर पड़ती है, पर जेब गरम कर दी जाती है? जनता हैरान, प्रशासन मूकदर्शक, और माफिया बेखौफ! जब पांच थाना, एनजीटी और सरकार का कानून मिलकर भी बालू माफिया को नहीं रोक पाते, तो यह लोकतंत्र की विफलता है या प्रशासन की नीलामी? जनता पूछ रही है कि कानून कमजोर है या माफिया ज्यादा ताकतवर? अब बहुत हो चुका! इस बालू सम्राज्य को तोड़ने के लिए आर-पार की जरूरत है, वरना हर सड़क, हर नदी और हर नियम, बालू में ही बह जाएगा!

### कटकमसांडी में आम उत्सव व बागवानी मेला

**कटकमसांडी ।** शनिवार को कटकमसांडी प्रखंड में बिरसा हरित ग्राम योजना के तहत प्रखंड स्तरीय आम उत्सव सह बागवानी मेले का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्घाटन पूर्व विधायक प्रतिनिधि किशोरी राणा, प्रखंड विकास पदाधिकारी पूजा कुमारी, अंचलाधिकारी अनिल गुप्ता एवं उपप्रमुख ममता देवी ने संयुक्त रूप से किया। मेला में प्रखंड के विभिन्न पंचायतों से आए किसानों ने आम के विभिन्न प्रजातियों की प्रदर्शनी लगाई। अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों ने सभी स्टॉल का अवलोकन किया और उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले किसानों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित भी किया गया। इस अवसर पर बीडीओ पूजा कुमारी ने कहा कि सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में फलदार वृक्षों को बढ़ावा देकर किसानों की आमदनी बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण किसानों को आधुनिक बागवानी के प्रति जागरूक करना और उन्हें फल उत्पादन से आत्मनिर्भर बनाना था। मेला में महिला किसानों की भागीदारी भी सराहनीय रही।

### कटकमदाग में सर्विस राइफल से चली गोली जवान की मौत

**हजारीबाग।** हजारीबाग के कटकमदाग थाना क्षेत्र के बानादाग साइडिंग में शनिवार को गोली लगने से स्टेट इंडस्ट्रियल सिक्योरिटी फोर्स (एसआईएसफ) के जवान मिथलेश यादव की मौत हो गई। मिथलेश यादव झारखंड के गढ़वा जिले के रहने वाले थे। एसआईएसफ के डिप्टी एसपी साजिद ने बताया कि मिथलेश यादव ड्यूटी पर तैनात थे। वे पैर फिसलने से गिर पड़े और इस दौरान उनकी सर्विस राइफल से अचानक गोली चल गई। गोली उन्हीं को लगी, जिससे मौके पर ही मिथलेश की मौत हो गई। मृतक के बड़े भाई अमरेश कुमार यादव भी इसी कंपनी में कार्यरत हैं और वर्तमान में बड़कागांव में तैनात हैं। उन्हें बताया गया कि बारिश के कारण फिसलने से मिथलेश गिरे और गोली चलने से उनकी जान चली गई।

## शीतला मंदिर में भव्य भंडारा

खबर मन्त्र संवाददाता



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** लायंस क्लब ऑफ भुरकुंडा ने प्रत्येक सप्ताह की भांति इस शनिवार को भी 51वां सप्ताह भुरकुंडा के पटेलनगर सयाल मोड़ स्थित मां शीतला देवी मंदिर में नर सेवा नारायण सेवा कार्यक्रम के तहत भव्य भंडारा का आयोजन किया। सर्वप्रथम पूरे विधि-विधान एवं वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच पूजा-अर्चना कर मां को लड्डू का भोग चढ़ाया गया। इसके बाद भव्य भंडारा का आयोजन कर लायंस क्लब के लोगों द्वारा फूड फॉर हंगर के तहत लगभग 400 लोगों को खिचड़ी रूपी प्रसाद खिलाकर आशीर्वाद लिया गया। क्लब के लोगों ने बताया गया कि प्रत्येक सप्ताह लायंस परिवार के द्वारा व्यक्तिगत सहयोग से इस तरह का आयोजन किया जाता रहा है। लायंस क्लब भुरकुंडा समाज के निचले स्तर पर जीवन यापन कर रहे लोगो को ध्यान में रखकर समाजिक उत्थान का कार्य कर रहा है, जो निरंतर जारी रहेगा। कहा गया कि ऐसे नेक और सामाजिक कार्यों में सबों को सहयोग करना चाहिए। इस अवसर पर 2023-24 के तत्कालीन जिला पाल एमजेएफ लायन कमल जैन के कार्यकाल में लायंस क्लब ऑफ भुरकुंडा द्वारा किए गए कार्यों के लिए 2023-24 की पास्ट प्रेसिडेंट लायन माला शर्मा को कमल जैन ने इंटरनेशनल प्रेसीडेंशियल अवॉर्ड से सम्मानित किया। इसके पूर्व कमल को भुरकुंडा क्लब के सभी सदस्यों ने स्वागत और अभिनंदन किया।

## सड़क हादसे में मृत आरक्षी नंदलाल ठाकुर को दी गयी श्रद्धांजलि

खबर मन्त्र संवाददाता

**हजारीबाग।** शुक्रवार देर रात गश्ती ड्यूटी के दौरान एक दर्दनाक सड़क हादसे में कोर्रा थाना के आरक्षी नंदलाल ठाकुर की मौत हो गयी। वे अपने सहकर्मी आरक्षी गणेश सिंह के साथ पेंथर ड्यूटी पर तैनात थे। गश्ती के दौरान नगवा टोल प्लाजा से कुछ दूरी पर कैनहरी हिल्स की ओर एक अज्ञात वाहन ने दोनों पुलिसकर्मियों को अपनी चपेट में ले लिया। हादसे में आरक्षी नंदलाल ठाकुर की मौके पर ही मृत्यु हो गई, जबकि गणेश सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें तत्काल आरोग्यम हॉस्पिटल लाया गया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए रांची स्थित पल्स हॉस्पिटल रेफर किया गया। डॉक्टरों के अनुसार, उनके मस्तिष्क की सर्जरी की जाएगी। शनिवार को नंदलाल ठाकुर के पार्थिव शरीर को पोस्टमार्टम के बाद पुलिस लाइन लाया गया, जहां अधिकारियों एवं जवानों ने नम आंखों से उन्हें अंतिम श्रद्धांजलि दी। इस घटना ने पूरे पुलिस विभाग को झकझोर कर रख दिया है। विभाग ने इसे एक अपूरणीय क्षति बताया है। कर्तव्य पथ पर जान देने वाले आरक्षी को जिले ने सलामी दी।

# दिनचर्या में शामिल करें योग : केबी सिंह

**जिंदल स्टील के अधिकारियों और कर्मियों ने किया योग**

खबर मन्त्र संवाददाता



भुरकुंडा (रामगढ़)।विश्व योग दिवस के उपलक्ष्य में जिंदल स्टील एंड पावर लिमिटेड पतरातू परिसर में शनिवार को भव्य योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्लांट प्रमुख सहित सभी अधिकारी एवं कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर प्लांट प्रमुख केबी सिंह ने कहा कि योग जीवन में निरोगता लाने का सरल और प्रभावी माध्यम है। इसे केवल योग दिवस तक सीमित न रखते हुए हमें इसे अपनी दैनिक दिनचर्या का हिस्सा बना लेना चाहिए। कार्यक्रम के दौरान जिंदल स्टील एंड पावर के चेयरमैन एवं कुरुक्षेत्र के सांसद नवीन जिंदल का संदेश भी पढ़ा गया, जिसमें उन्होंने कहा कि योग जीवन को संतुलन, अनुशासन और ऊर्जा प्रदान करता है। यह शरीर और मन दोनों को सशक्त बनाता है। इसी उद्देश्य से हम अपने सभी अधिकारी व कर्मचारियों को प्रतिदिन कार्य आरंभ करने से पहले कम-से-कम 5 मिनट योग करने के लिए प्रेरित करते हैं। जिंदल स्टील परिसर में आयोजित योगाभ्यास से स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता का वातावरण बना। साथ ही ओपीजेसीसी उचरींगा में भी योग दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें सभी ने नियमित योग को अपनाने का संकल्प लिया। मौके पर महाप्रबंधक संतोष कुमार, मानव संसाधन विभाग प्रमुख सतीश कुमार सिंह, सुभाष शरण, शम्भू दास, समीर हिमाद्रि, रुपेश कुमार, संतोष गुप्ता, आरबीएन राव, अशोक कुमार सिंह सहित कई अधिकारी और कर्मचारी मौजूद थे।

### अडाणी फॉउंडेशन ने मनाया योग दिवस

बड़कागांव। गोंदुलपारा खनन परियोजना के तहत अदाणी फॉउंडेशन ने शनिवार की सुबह बड़कागांव स्थित प्लस टू उच्च विद्यालय में पूरे उत्साह के साथ योग दिवस मनाया।

इस अवसर पर परियोजना के अधिकारी, कर्मचारी और विद्यालय के छात्र-छात्राओं के साथ स्थानीय लोगों ने भी सामूहिक योगाभ्यास किया। इस मौके पर आम लोगों को से योग करने की अपील की गई, साथ ही योग का महत्त्व भी बताया गया।

मौके पर सीएसआर विभाग के अधिकारियों ने बताया कि योग तनाव से मुक्ति दिलाने में का एक सार्थक जरिया है।

## एक नजर में

### डीएवी पब्लिक स्कूल बरही में हुआ योग

बरही। डीएवी पब्लिक स्कूल, बरही में शनिवार को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर विशेष योग शिविर का आयोजन किया गया। विद्यालय परिसर में सुबह से ही उत्साह का माहौल रहा। कार्यक्रम की शुरूआत प्राचार्य डॉ. आशुतोष कुमार मैढ़ ने दीप प्रज्वलित कर की। योग प्रशिक्षक राजेश कुमार व खेल शिक्षक राजेश कुमार सिंह के नेतृत्व में छात्र-छात्राओं, शिक्षकों व कर्मचारियों ने ताड़ासन, त्रिकोणासन, वृक्षासन, भुजंगासन, प्राणायाम व ध्यान जैसी क्रियाओं का अभ्यास किया। सूर्य नमस्कार पर विशेष जोर दिया गया। एलकेजी से कक्षा दो तक के बच्चों ने ऑनलाइन योग में भाग लिया। विद्यालय स्तर पर चित्रकला प्रतियोगिता भी आयोजित हुई। एनसीसी पदाधिकारी डॉ. दीपक शरण एवं शिक्षक प्रदीप गोराई के नेतृत्व में छात्रों ने सक्रिय भागीदारी की। प्राचार्य ने योग को जीवन का अभिन्न अंग बताते हुए कहा कि यह मानसिक और शारीरिक दोनों दृष्टिकोण से आवश्यक है। समापन डीएवी गान और शांति पाठ से हुआ। सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र भी प्रदान किए जाएंगे।

### मां विंध्यवासिनी कॉलेज में भी कार्यक्रम

**पदमा।** मां विंध्यवासिनी कॉलेज ऑफ एजुकेशन, कर्मडांट (पदमा) में शनिवार को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय के मल्टीपरपज हॉल में आयुष मंत्रालय भारत सरकार के प्रोटोकॉल के तहत किया गया। प्राचार्य डॉ. चेतलाल प्रसाद, प्राध्यापकगण एवं 67 प्रशिक्षुओं ने मिलकर योगाभ्यास किया। कार्यक्रम का संचालन संयोजक प्रो. अविनाश कुमार ने किया। सभी प्रतिभागियों ने कपालभाती, भ्रामरी, अनुलोम-विलोम, ताड़ासन, वृक्षासन, मयूरासन, पादहस्तासन, चक्रासन, उष्ट्रासन, नौकासन एवं शवासन का अभ्यास किया। प्राचार्य ने योग को भारतीय परंपरा की अमूल्य देन बताते हुए कहा कि आज पूरा विश्व इसे अपना रहा है। उन्होंने कहा कि योग से तन और मस्तिष्क दोनों स्वस्थ रहते हैं और यह व्यक्ति को मानसिक संतुलन व आध्यात्मिक ऊर्जा प्रदान करता है। प्रशिक्षुओं में अमित, सुभाष, आशीष, प्रेरणा, रंजना, आफरीन, पूजा, खुशबू आदि प्रमुख रूप से शामिल रहे। यह आयोजन छात्रों में योग के महत्व को स्थापित करने का एक सशक्त प्रयास रहा।

### बनासो शिक्षक प्रशिक्षण कॉलेज में मना योग दिवस

विष्णुगढ़ः दौलत महतो मेमोरियल टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज, बनासो में शनिवार को 11वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस बड़े उत्साह से मनाया गया। बीएड प्रशिक्षुओं ने इस अवसर पर सामूहिक योगाभ्यास में भाग लिया। योग प्रशिक्षक प्रकाश कुमार के नेतृत्व में विभिन्न योग क्रियाओं जैसे ताड़ासन, वृक्षासन, भुजंगासन, कपालभाती, प्राणायाम और ध्यान का अभ्यास कराया गया। प्राचार्य डॉ. सुनील कुमार चतुवेर्दी ने योग को केवल व्यायाम न मानते हुए इसे भारतीय जीवन पद्धति का मूल बताया। उन्होंने कहा कि योग से आत्मिक, मानसिक और शारीरिक संतुलन बना रहता है और यह अनुशासन, एकाग्रता और सकारात्मक ऊर्जा को बढ़ाता है। महाविद्यालय की आईक्यूएसी कोऑर्डिनेटर डॉ. स्वर्णा मिश्रा, एनएसएस पदाधिकारी, और अनेक प्राध्यापकों ने भी भाग लिया जिनमें बबली कुमारी, ओमकार शर्मा, अशोक झा, शशिभूषण देव, राघवेंद्र प्रताप समेत अनेक शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित थे। योग दिवस ने प्रशिक्षुओं को योग के वैज्ञानिक और जीवन उपयोगी पक्ष से जोड़ने का कार्य किया।

### पवन मेमोरियल पब्लिक स्कूल में हुआ योगाभ्यास

**विष्णुगढ़।** पवन मेमोरियल पब्लिक स्कूल, पगार रोड, नवादा में शनिवार को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का आरंभ प्रातः कालीन बेला में हुआ जिसमें विद्यालय के सभी छात्र-छात्राएं एवं शिक्षक-शिक्षिकाएं शामिल हुए। प्राचार्य विकास कुमार पांडेय ने योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह विद्या तन, मन और आत्मा के संतुलन की आधारशिला है। उन्होंने कहा कि इस वर्ष की थीम 'एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग' अत्यंत सार्थक है। कार्यक्रम में शिक्षक निशांत कुमार पांडेय व प्रकाश साव ने विभिन्न योग आसनों और प्राणायाम का प्रदर्शन किया। शिक्षिकाएं ममता कुमारी, शबीना प्रवीण और साक्षी कुमारी ने बच्चों को योग के स्वास्थ्य लाभों के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि योग न केवल शारीरिक और मानसिक बल प्रदान करता है, बल्कि यह आध्यात्मिक विकास में भी सहायक है।

### बादाम कोयला खनन परियोजना में कार्यक्रम

**हजारीबाग।** एनएमएल की बादाम कोयला खनन परियोजना ने शनिवार को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस उत्साह और सामूहिक भागीदारी के साथ मनाया। कार्यक्रम का आयोजन हजारीबाग झील के पास खुले थिएटर में किया गया, जहां प्राकृतिक सौंदर्य और शांति ने वातावरण को योग के लिए आदर्श बना दिया। कार्यक्रम की अगुवाई परियोजना प्रमुख अरुण कुमार सक्सेना ने की। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि योग न केवल स्वास्थ्य को बेहतर करता है, बल्कि यह मानसिक संतुलन व कार्यस्थल पर भी सकारात्मक ऊर्जा बनाए रखने में सहायक है। कार्यक्रम में जागृति महिला संघ की उपाध्यक्ष मीना सक्सेना भी शामिल रहीं। वरिष्ठ अधिकारी एस.एस. मिश्रा (जीएम झ इंफ्रास्ट्रक्चर), विनोद एस. भोयर (एजीएम झ तकनीकी सेवाएं), सीताराम माझी (एजीएम झ खनन), और बदरुद्दीन अंसारी (एचआर प्रमुख) ने भी कार्यक्रम में भाग लिया। कार्यक्रम में उपस्थित प्रतिभागियों ने विभिन्न योग आसनों और प्राणायाम का अभ्यास किया। आयोजन का उद्देश्य कर्मचारियों और उनके परिवारों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना और योग को जीवनशैली का हिस्सा बनाना था। बादाम परियोजना का यह प्रयास स्वास्थ्य, समरसता और टीम भावना को बढ़ावा देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम सिद्ध हुआ।

### पकरी बरवाडीह व चट्टी बरियातू कोयला में योग

हजारीबाग। एनएमएल की पकरी बरवाडीह और चट्टी बरियातू कोयला खनन परियोजनाओं ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2025 को उत्साह और एकजुटता के साथ मनाया। कार्यक्रम का आयोजन दो स्थानों झ सिकरी टाउनशिप के नेताजी सुभाष चंद्र बोस मनोरंजन केंद्र और हजारीबाग स्थित डीवीसी बैडमिंटन कोर्ट में किया गया। दोनों परियोजनाओं के अधिकारी, कर्मचारी और उनके परिवारजन प्रशिक्षित योग विशेषज्ञों के नेतृत्व में शामिल हुए। उन्होंने सूर्य नमस्कार, ताड़ासन, वृक्षासन, कपालभाती, अनुलोम-विलोम जैसे योग आसनों का अभ्यास किया। इस वर्ष की थीम ?एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य? को अपनाते हुए आयोजन का उद्देश्य योग के जरिए सतत जीवनशैली को बढ़ावा देना और पर्यावरण व स्वास्थ्य के आपसी संबंध को रेखांकित करना था। कार्यक्रम में सुब्रत कुमार दाश, परियोजना प्रमुख झ पकरी बरवाडीह और पवन कुमार रावत, महाप्रबंधक झ कोयला प्रेषण एवं बिलिंग (चट्टी बरियातू) उपस्थित रहे। विभागाध्यक्षों की भागीदारी ने इस आयोजन की गरिमा को और बढ़ाया। एनएमएल की इन दोनों परियोजनाओं ने कर्मचारियों की भलाई और स्वास्थ्यप्रद वातावरण सुनिश्चित करने की दिशा में एक मजबूत संदेश दिया।

### बाझा पैक्स से किसानों को मिला धान का बीज

कटकमसांडी। शनिवार को कटकमसांडी प्रखंड के बाझा नोडल पैक्स स्थित धान अधिप्राप्ति केंद्र में किसानों के बीच उन्नत किस्म के धान बीजों का वितरण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कटकमसांडी के पूर्व विधायक प्रतिनिधि किशोरी राणा और अंचलाधिकारी अनिल कुमार गुप्ता उपस्थित रहे। श्री राणा ने कहा कि किसानों को बेहतर बीज, खाद और कृषि ऋण जैसी सुविधाएं देना सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने यह भी कहा कि उन्नत बीजों के प्रयोग से उत्पादन में बढ़ोतरी होगी और किसानों की आय में भी सुधार होगा। अंचलाधिकारी अनिल गुप्ता ने बताया कि पारंपरिक बीजों के स्थान पर वैज्ञानिक तरीके से विकसित बीजों को बढ़ावा देने का प्रयास किया जा रहा है। अध्यक्ष सरिता देवी ने बताया कि पैक्स द्वारा किसानों को समय पर खाद, बीज, दवाइयां और ऋण सुविधाएं दी जा रही हैं। कार्यक्रम में कुलदीप सिंह भोक्ता, कारु भुइंया, मुखिया नारायण साव, लीलो सिंह भोक्ता, उपमुखिया केवी मेहता सहित कई जनप्रतिनिधि और सैकड़ों किसान उपस्थित थे। इस वितरण कार्यक्रम ने ग्रामीण क्षेत्र में कृषि विकास के प्रति प्रशासन की सक्रियता को दर्शाया।

स्पीड न्यूज

### प्राप्त आवेदनों की उपायुक्त ने की गहन समीक्षा

**चतरा।** समाहरणालय कार्यालय कक्ष से उपायुक्त कीर्ति श्री जी जनता दरबार के माध्यम से प्राप्त आवेदनों एवं डाक के माध्यम से प्राप्त जनशिकायतों की समीक्षात्मक बैठक की। बैठक में उप विकास आयुक्त, संबंधित विभागों के जिला स्तरीय पदाधिकारी, व शाखा प्रभारी उपस्थित रहे। उपायुक्त ने सभी विभागों को निर्देश दिया कि जनता दरबार में प्राप्त सभी आवेदनों की निश्चित समयसीमा में निपटान किया जाए।

### कोयला लदा हाईवा पलटा बाल-बाल बचा चालक

**चतरा /गिद्धौर।** गिद्धौर थाना क्षेत्र के अंतर्गत गांगपुर से पिछे दतुआ आहार समीप विपरीत दिशा में कोयला लदा हाईवा शनिवार के अहले सुबह पलट गया है। जिस गाड़ी नंबर जेएच–02बीयू –9630 है। चालक बाल बाल बच गया है। चालक ने बताया कि केरेडाडी से कोयला ले कटकमसांडी डंप करने जा रहा था। इसी बीच गांगपुर के दतुआ आहार के समीप आंख लग गई और कोल वाहन विपरीत दिशा में पलट गया। इस घटना से कई पेड़ धराशाई हो गया है।

### जर्जर मकान गिराने को लेकर थाना में आवेदन

**गिद्धौर/चतरा।** गिद्धौर प्रखंड क्षेत्र के बारिसाखी पंचायत के उप मुखिया विकास कुमार पांडे ने थाना में आवेदन देकर लावारिस अवस्था में पड़े जर्जर मकान को गिराने को लेकर आवेदन दिया है। आवेदन में कहा गया है कि बारिसाखी गांव निवासी नारायण दांगी, मनोज दांगी, सोहर दांगी व रामदेव दांगी का बारिसाखि गांव के पांडे टोला में खपरैल मकान है।

### मादक पदार्थ निषेध अभियान के तहत सिमरिया में विशेष छापामारी

**चतरा।** जिले के सिमरिया प्रखंड अंतर्गत सिमरिया एवं बगरा क्षेत्र में राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के तहत स्वास्थ्य विभाग, खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी एवं स्थानीय पुलिस प्रशासन की संयुक्त टीम द्वारा मादक पदार्थ व तंबाकू निषेध को लेकर विशेष छापामारी अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान विभिन्न दुकानों व प्रतिष्ठानों पर कोटपा अधिनियम 2003 की धारा 4 एवं 6 के उल्लंघन की जांच की गई। कई दुकानदारों को नियमों के उल्लंघन के लिए आर्थिक दंड स्वरूप जुमार्ना किया गया।

### मूसलाधार बारिश बनी आफत

**चतरा।** चतरा जिले के हंटरगंज प्रखंड क्षेत्र के कटैया पंचायत में लगातार 4 दिनों से हो रही मूसलाधार बारिश गरीब परिवारो के लिए आफत बन गई है। इस भारी बारिश की वजह से कई गरीब मजदूर और ग्रामीणों के आशियाना (घर) पूरी तरह से या आंशिक रूप से ध्वस्त हो गए हैं वही घरों में रखे खाद्य पदार्थ भी बर्बाद हो गए है।

### जलप्रपात क्षेत्रों में पर्यटकों की आवाजाही पर प्रतिबंध

**चतरा।** उपायुक्त कीर्तिश्री ने विकास आयुक्त अमरेंद्र कुमार सिन्हा, अपर समाहर्ता अरविंद कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी सिमरिया सन्नी राज, अनुमंडल पदाधिकारी चतरा जहूर आलम, सभी अंचल अधिकारी, प्रखण्ड विकास पदाधिकारी समेत अन्य संबंधित अधिकारियों के साथ जिले में भारी बारिश व बज्रपात को लेकर आपदा से संबंधित ऑनलाइन बैठक में उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री झारखंड सरकार हेमंत सोरेन के द्वारा समीक्षा बैठक में भारी बारिश और आगामी मानसून में सतर्कता को लेकर जिला प्रशासन को अलर्ट मोड पर रहने की बात कही।

### पूर्व जिला उपाध्यक्ष की 16वीं पुण्यतिथि मनी

**मरकच्चो (कोडरमा)।** प्रखंड अंतर्गत देवीपुर पंचायत में शनिवार को कार्यक्रम का आयोजन कर अविक्ता सह कांग्रेस के पूर्व जिला उपायक्ष स्व.सत्यव्रत पांडेय की 16वीं पुण्यतिथि मनाई गई। इस मौके पर स्व.पांडेय के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई एवं उनके बताए गये रास्ते पर चलने का संकल्प लिया गया। मौके पर देवीपुर पंचायत के पूर्व मुखिया सह उनके पुत्र राजीव कुमार पांडेय समेत क्षेत्र के कई लोग मौजूद थे।

---

#### वृन्दाहा जलप्रपात समेत अन्य पर्यटक क्षेत्रों में लगाये जायेंगे सूचना पट्ट

# मौसम विभाग की चेतावनी पर उपायुक्त गंभीर

## डीसी ने वृन्दाहा फॉल का औचक निरीक्षण कर सुरक्षा सम्बंधी लिया जायजा

खबर मन्त्र संवाददाता



**कोडरमा।** मौसम विभाग द्वारा राज्य में भारी बारिश होने की चेतावनी जारी होने के साथ उपायुक्त ऋतुराज ने जिले में अतिवृष्टि के कारण आकस्मिक स्थिति से आमजनमानस की सुरक्षा को लेकर गम्भीरता से कई कदम उठाया है, शनिवार को उपायुक्त के द्वारा वृन्दाहा जलप्रपात का औचक निरीक्षण कर सुरक्षा सम्बधी जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान जलप्रपात की तीव्र वृद्धि को देखते हुए ग्रामीणों और पर्यटकों की सुरक्षा को यान में रखते हुए आमजनों के आगमन पर चेतावनी जारी करते हुए जिला पर्यटन पदाधिकारी को जगह जगह पर सूचना पट्ट लगाने और सम्भावित खतरों की जानकारी देने का निर्देश दिया है, ताकि किसी भी प्रकार की दुर्घटनाओं से बचा जा सके। वहीं उपायुक्त ने जिलेवासियों से वर्तमान परिस्थिति में वृन्दाहा जलप्रपात क्षेत्र में नही जाने और सुरक्षा सम्बंधी दिशा निर्देशों को पालन करने की अपील किया है।

**उपायुक्त ने लाइफलाइन एक्सप्रेस निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर की तैयारियों का लिया जायजा :** वृन्दाहा फॉल के निरीक्षण के उपरांत उपायुक्त ने कोडरमा रेलवे स्टेशन के समीप 2 जुलाई से 18 जुलाई तक जिला प्रशासन और इम्पैक्ट इंडिया फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में लाइफलाइन एक्सप्रेस परियोजना के तहत आयोजित होने वाले निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर की तैयारियों का जायजा लिया। इस क्रम में उपायुक्त ने झुमरीतिलैया स्थित सीएच प्लस टू उच्च विद्यालय के उस स्थल का निरीक्षण किया जहां कैम्प और ओटीपी (ऑपरेशन थियेटर परिसर) बनाने की तैयारी की जा रही है। निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने कई आवश्यक दिशा निर्देश जारी किया। मौके पर उपायुक्त के अलावे एसपी अनुदीप सिंह, एसडीओ रिया सिंह आदि मौजूद थे।

#### उपायुक्त ने दिये कई निर्देश कहा विभागों के पदाधिकारी और कर्मी समय पर कार्यालय पहुंचे

## पारदर्शिता के साथ दायित्वों का निर्वहन करें: ऋतुराज

खबर मन्त्र संवाददाता



**कोडरमा।** उपायुक्त ऋतुराज ने शनिवार को परिवहन विभाग, खनन और जिला जनसम्पर्क कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान विभागवार संचालित किए जा रहे कार्यों का जानकारी लेते हुए कई आवश्यक दिशा निर्देश दिया। वहीं जिला परिवहन कार्यालय के निरीक्षण के क्रम में डीसी ने डीएल लाइसेंस और निबंान से सम्बंाित सभी कार्यों को समय पर पूर्ण करने, सभी प्रकार के दस्तावेजों को अपडेट्स रखने और राजस्व में बढ़ोतरी को लेकर ज्यादा यान देने का निर्देश दिया, डीसी ने डीटीओ को निर्देशित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना अंतगर्त जिले में अधिसूचित 18 मार्गों पर अधिक से अधिक संख्या में वाहनों का परिचालन हो, इसके लिए व्यापक रूप से प्रचार प्रसार करने आदि का निर्देश दिया। वहीं जिला जनसम्पर्क कार्यालय के निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने विभिन्न अभिलेखों और उपस्थिति पंजी का जांच करते हुए कार्यालय को साफ और स्वच्छ रखने तथा अभिलेखों को व्यवस्थित तरीके से रखने का निर्देश दिया। इसके अलावे खनन कार्यालय के निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने विभागीय कार्य प्रणाली की समीक्षा किया और खनन कार्यों में पारदर्शिता, पर्यावरण संरक्षण, राजस्व वसूली व अवैध उत्खनन की रोकथाम से जुड़े मुद्दों पर विशेष यान देने का निर्देश दिया। इस दौरान उपायुक्त के द्वारा खनन क्षेत्र से सम्बंधित सभी प्रकार के दस्तावेजों, पट्टों, रॉयल्टी रिकार्ड और जीपीएस ट्रेकिंग व्यवस्था की समीक्षा किया गया। इस दौरान डीसी ने अवै खनन की गतिविधियों पर सख्त निगरानी रखने, नियमित रूप से गश्ती करने आदि का निर्देश दिया। मौके पर डीसी के अलावे डीटीओ विजय कुमार सोनी व अन्य विभागों के पदाधिकारी कर्मी आदि मौजूद थे।

### ग्रिजली कॉलेज ऑफ एजुकेशन में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मना

**कोडरमा।** ग्रिजली कॉलेज ऑफ एजुकेशन में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वावधान में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक मनीष कुमार सिन्हा द्वारा स्वागत भाषण प्रस्तुत कर किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के बीएड. सत्र 2024-26 के प्रशिक्षु एवं महाविद्यालय के सहायक प्रायापक डॉ.पवन कुमार, डॉ. गौतम, संजीत कुमार, सीताराम यादव समेत सभी शिक्षेकेत्तर कर्मचारी आदि मौजूद थे।

## लगातार बारिश से जनजीवन प्रभावित, पेट्रो जलप्रपात में प्रवेश बंद

खबर मन्त्र संवाददाता



**सतगावां (कोडरमा)।** प्रखंड में पिछले कई दिनों से लगातार हो रही बारिश ने आम जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित कर दिया है। छोटे-बड़े नालों से लेकर खेत, नदी और जल प्रपात तक पानी से लबालब भर चुके हैं। प्रमुख जलप्रपातों में विकराल बहाव देखा जा रहा है, जिससे लोगों की सुरक्षा के मद्देनजर प्रशासन ने सतर्कता बढ़ा दी है। प्रखंड के प्रसिद्ध पेट्रो जलप्रपात में पानी का बहाव अत्याकि बढ़ गया है। प्रखंड प्रशासन के द्वारा पेट्रो जलप्रपात में सैलानियों के लिए प्रवेश को पूरी तरह बंद कर दिया है। प्रशासन ने बैरेकेटिंग कर पर्यटकों को अंदर जाने से रोक दिया गया। पर्यटन मित्रों को तैनात कर पेट्रो जलप्रपात क्षेत्र में लगातार निगरानी की जा रही है। जिला प्रशासन ने हाल की घटनाओं को यान में रखते हुए खतरे वाले स्थलों के लिए गाइडलाइन जारी किया है, ताकि कोई दुर्घटना न हो। प्रखंड में प्रमुख नदी सकरी, घाघरा, तमोलिया जो विभिन्न गांवों से होकर गुजरती है जो इन दिनों उफान पर है।

वहीं पेट्रो जलप्रपात को और भी भयानक बना रहा है। कई खेतों में पानी भरने से जहां किसानों को राहत मिली है, वहीं सकरी नदी पर बने पुल जर्ज़र से लोग चिंतित हैं। स्थानीय लोग विभिन्न पुलों से सावाानी पूर्वक आवा-जाही कर रहे हैं। लगातार बारिश के चलते बाजार में पूरी तरह सन्नाटा पसरा रहा। प्रखंड के विभिन्न गाव मरचोई, शिवपुर, राजाबर, समलडीह, ईटाय जैसे स्थानों से आने वाले रोजमर्रा की खरीद-बिक्री भी प्रभावित हुई। प्रखंड के बैंक और सरकारी कार्यालयों में भी सामान्य दिनों की अपेक्षा बहुत कम उपस्थिति देखी गई।

वहीं बीडीओ ओमप्रकाश बड़ाईक व सीओ केशव प्रसाद चौधरी, थाना प्रभारी सौरभ कुमार शर्मा पूरे प्रखंड में हो रही बारिश और आपदा की स्थिति पर लगातार नजर बनाए हुए हैं। सभी संवेदनशील क्षेत्रों से खबर ली जा रही है और स्थिति पर सतत निगरानी की जा रही है।

## विश्व योग दिवस हर्षोल्लास से मनाया गया



खबर मन्त्र संवाददाता

**जयनगर (कोडरमा)।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर प्रखंड सभागार में प्रातः 7 बजे से योग सत्र का आयोजन किया गया। इस आयोजन में योगाचार्य कृति मोदी एवं कैलाश लाल बर्णवाल के मार्गदर्शन में प्रतिभागियों को विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम का अभ्यास कराया गया। साथ ही योग के शारीरिक, मानसिक एवं आत्मिक लाभों पर विस्तार से प्रकाश डाला गया। वहीं बीडीओ गौतम कुमार ने कहा कि वर्तमान तनावपूर्ण जीवनशैली में योग एक आवश्यक अभ्यास बन गया है। यह न केवल शरीर को निरोग रखता है, बल्कि मन को शांत और चिंतन को सकारात्मक बनाता है। हम सभी को योग को अपनी दिनचर्या में अपनाना चाहिए। मौके पर प्रमुख, उप-प्रमुख, प्रखंड, अंचल, स्वास्थ्य, शिक्षा, बाल विकास, राजस्व विभाग से जुड़े सभी प्राान सहायक, लिपिक एवं कर्मी मौजूद थे।

#### 11वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर शिव वाटिका में भव्य कार्यक्रम का आयोजन

## उपायुक्त ने किया योग, दैनिक जीवन में अपनाने का किया आह्वान



खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** जिला प्रशासन के तत्वावाान में नगर परिषद् झुमरीतिलैया स्थित शिव वाटिका में 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर भव्य योगा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उपायुक्त ऋतुराज, एसपी अनुदीप सिंह, एसडीओ रिया सिंह, एसी पूनम कुजुर समेत कई वरीय पदाधिकारी, विभागीय प्रतिनिधि योग प्रशिक्षक और बड़ी संख्या में आम नागरिकों की सहभागिता रही। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया। इसके पश्चात उपस्थित अतिथियों एवं प्रतिभागियों ने सामूहिक रूप से योगाभ्यास किया। वहीं उपायुक्त ऋतुराज ने कहा कि योग भारत की प्राचीन सांस्कृतिक विरासत का अमूल्य उपहार है। यह न केवल शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाता है, बल्कि आत्मिक संतुलन भी प्रदान करता है। आज की तेज़ रफ्तार जीवनशैली में योग मानसिक शांति और शारीरिक सुदृढ़ता का सबसे सशक्त माध्यम है। मैं सभी नागरिकों, विशेष रूप से युवाओं एवं विद्यार्थियों से आग्रह करता हूं कि वे योग को अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाएं। कार्यक्रम में पतंजलि योगपीठ परिवार के प्रशिक्षकों द्वारा विभिन्न योग आसनों का अभ्यास एवं प्रदर्शन कराया गया। बड़ी संख्या में स्कूली छात्र, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि और नगरवासी उत्साहपूर्वक इस कार्यक्रम में शामिल हुए।

**योगा फॉर वन अर्थ, वन हेल्थ :** इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की थीम योगा फॉर वन अर्थ, वन हेल्थ रखी गई है, जो पर्यावरण और मानव स्वास्थ्य के बीच गहरे संबंध को रेखांकित करती है। यह थीम योग के पारंपरिक ज्ञान को आधुनिक विज्ञान के साथ जोड़ती है और एकता, शांति व करुणा जैसे सार्वभौमिक मूल्यों को आगे बढ़ाने का संदेश देती है।

## अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर चतरा में, भव्य योग कार्यक्रम का आयोजन सफल

खबर मन्त्र संवाददाता

#### सांसद, विधायक एवं उपायुक्त ने ली भागीदारी



**चतरा।** जिले में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर एक जिला स्तरीय मुख्य कार्यक्रम का आयोजन जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम चतरा में भव्य रूप से किया गया। इस अवसर पर जिले भर से छात्र-छात्राएँ, आमजन, प्रशासनिक अधिकारी, स्वयंसेवी संगठन एवं योग प्रशिक्षकों ने भाग लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में चतरा लोकसभा क्षेत्र के सांसद कालीचरण सिंह उनके साथ विधायक, जनार्दन पासवान एवं उपायुक्त कीर्तिश्री उपस्थित हुए। इन सभी गणमान्य अतिथियों ने मंच साझा किया और स्वयं योगाभ्यास में सक्रिय सहभागिता भूमिका निभाए। कार्यक्रम में प्रातः 6:00 बजे सामूहिक योगाभ्यास की शुरूआत, योग प्रशिक्षकों द्वारा निर्देशित विविध योगासन, 'योग से निरोग' विषय पर संबोधन, आयुष विभाग द्वारा स्वास्थ्य परामर्श एवं प्रदर्शनी, बच्चों, युवाओं, महिलाओं एवं बुजुर्गों की विशेष भागीदारी रही। अपने संबोधन में सांसद ने कहा कि योग भारत की वह सांस्कृतिक शक्ति है, जिसे आज पूरा विश्व स्वीकार कर रहा है। हमें इसे अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाना चाहिए। विधायक ने कहा चतरा जिले के लोग जिस उत्साह से योग दिवस में भाग ले रहे हैं, वह प्रशंसनीय है। योग आत्मबल और अनुशासन का प्रतीक है। वहीं उपायुक्त कीर्तिश्री ने अपने संबोधन में कहा कि योग सिर्फ एक दिवस की गतिविधि नहीं, यह जीवन जीने की कला है। सभी लोग इसे रोजाना अपनाएं और स्वयं को स्वस्थ रखें। इस अवसर पर आयुष विभाग, खेल विभाग, शिक्षा विभाग सहित कई संस्थाओं की सहभागिता रही। कार्यक्रम को सफल बनाने में जिला प्रशासन की सभी इकाइयों का सराहनीय योगदान रहा।

---

एक नजर में

#### अविवाहिता को गर्भपात कराने को लेकर

## एएनएम विभा कुमारी पर प्राथमिकी हुई है दर्ज



खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** सिमरिया रेफरल अस्पताल के आरोपी एएनएम विभा कुमारी को रेफरल अस्पताल के प्रभारी डॉक्टर बृजनंदन प्रसाद द्वारा पुनः बहाल कर दिया गया है। मामले को लेकर रेफरल प्रभारी डॉक्टर बृजनंदन प्रसाद से प्रमुख रोहन साहू द्वारा गहनता से पूछे जाने पर उन्होंने बताया कि हमारे पास नर्स की कमी है इस लिए मैं एएनएम विभा से सेवा ले रहा हूं साथ हीं मासिक भुगतान कर रहा हूं यह हमारी मर्जी है इसके लिए हमको किसी से पूछने की आवश्यकता नहीं है।आगे पूछे जाने पर उन्होंने ने कहा कि हां 24 अप्रैल को विभा कुमारी ने अवैध नर्सिंग होम में जाकर एक अविवाहिता को रुपए लेकर बाजबरन प्रसव करा कर गर्भपात करा दी थी। जिसे लेकर अनुमंडल पदाधिकारी सन्नी राज, अंचलाधिकारी गौरव कुमार राय, डॉक्टर नमिता कुमारी एवं मैं खुद उक्त फर्जी नर्सिंग होम एवं एएनएम विभा कुमारी द्वारा गर्भपात किया गया पर जांच किया था। जिसमें एक अविवाहिता से 35 हजार रुपए लेकर गर्भपात कराई थी। यह मामला सामने आने के बाद मैं सिमरिया थाना में लिखित आवेदन देकर एएनएम विभा कुमारी और उक्त नर्सिंग होम पर कार्रवाई तथा गिरफ्तारी की मांग किया था। जिसका कांड संख्या 51/25 है। जिसमें धारा 89/91/ 125/ 121/ 289/ 318(2)/ 319(2)/ 338/ 341(1)/ 336(3) /3(6) बीएनएस 2023 एंड 41 क्रिमिनल स्टाबिलेंसमेंट एक्ट 210 के तहत मामला दर्ज है। जबकि रेफरल प्रभारी के रहमोकरम पर आरोपी बेधड़क अपना योगदान दे रही है। वैसे में कानून को ताख पर रख खुल्ले आम कानून को धज्जियां उड़ाई जा रही है। जबकि न्याय संगत यह है कि आरोपी पर माननीय न्यालय द्वारा आरोप सिद्ध या आरोप मुक्त जब तक नहीं होता है तब तक आरोपी सरकारी कार्य से दूर रखा जाना है। परंतु यहां तो कहावत यह है कि जो एफआईआर करता हैं वही खुद योगदान दिलाने वाले है। वैसे में आरोपी विभा कुमारी को सेवा से वंचित रखा जाना चाहिए । ना कि लेन देन कर बहाल किया जाना चाहिए यह एक बड़ी सवाल है। आगे मामले को लेकर प्रमुख रोहन साहू ने सीएस चतरा और उपायुक्त चतरा से लिखित आवेदन देकर विभा कुमारी को गिरफ्तारी एवं सेवा मुक्त करने की मांग करेंगे।

## उपायुक्त ने किया स्थल निरीक्षण



खबर मन्त्र संवादाता

**चतरा।** जिले में प्रस्तावित नव कारा (जेल) एवं मेडिकल कॉलेज निर्माण को लेकर उपायुक्त कीर्तिश्री ने सदर प्रखंड अंतर्गत चंगेर एवं पावो गांव स्थित चिन्हित भूमि का स्थल निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने भूमि की स्थिति, भौगोलिक उपयुक्तता, अभिगम मार्ग, आसपास की आबादी, सरकारी मद की उपलब्धता सहित अन्य आवश्यक बिंदुओं की जानकारी ली। निरीक्षण के क्रम में उप विकास आयुक्त अमरेंद्र कुमार सिन्हा, अपर समाहर्ता अरविंद कुमार, अंचलाधिकारी सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे। निरीक्षण के क्रम में उन्होंने कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए यथा चिन्हित भूमि के स्वामित्व, अतिक्रमण रहित स्थिति एवं रकबा की पुष्टि शीघ्र की जाए। तकनीकी मानकों के अनुरूप स्थल की उपयुक्तता का आकलन किया जाए। प्रस्तावित स्थल तक सुलभ मार्ग, जल निकासी एवं विद्युत आपूर्ति की संभावनाओं की रिपोर्ट तैयार की जाए। यदि भूमि उपयुक्त पाई जाती है, तो प्रस्ताव संबंधित विभाग को अग्रसारित किया जाएगा। उपायुक्त ने अधिकारियों से कहा कि जेल जैसी संरचनाओं का निर्माण सुरक्षा, अधोसंरचना एवं प्रशासनिक आवश्यकता के अनुसार किया जाना अति महत्वपूर्ण है। निरीक्षण का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि प्रस्तावित स्थल दीर्घकालिक उपयोग के लिए उपयुक्त हो। उल्लेखनीय है कि वर्तमान जेल परिसर की सीमा एवं संरचना सीमित हो जाने के कारण नव जेल की आवश्यकता को देखते हुए सरकार गंभीर है, जिसे लेकर प्रशासन गंभीरता से कार्रवाई कर रहा है।

## स्कूली बच्चों से शिक्षक करा रहें हैं गैस सिलेंडर की ढूलाई



खबर मन्त्र संवादाता

**चतरा।** सिमरिया प्रखंड क्षेत्र के राज्यकीयकृत उत्क्रमित मध्य विद्यालय सबानो में नन्हे नन्हें बच्चों से गैस सिलेंडर का ढुलाई करवाने का मामला सामने आया है। बच्चों के परिजनों ने शिकायत किया है कि हमारे बच्चों से पढ़ाई के जगह विद्यालय के शिक्षक द्वारा कार्य करवाया जाता है। जिसमें गैस ढुलाई बच्चों द्वारा करते हुए वीडियो भी जारी किया गया है। वीडियो में विद्यालय के कई बच्चे मिल कर गैस सिलेंडर पकड़ कर पक्की सड़क होते हुए विद्यालय की ओर ले जा रहे हैं। जबकि उक्त गैस सिलेंडर वजनी होने के कारण कई बच्चे मिल कर सड़क से होते हुए विद्यालय ले जा रहे हैं वैसे में वजनी होने के कारण यदि बच्चों से थोड़ी से गलती हुई तो बच्चों के पैर पर गिरने से कोई रोक नहीं सकता है। यदि ऐसा होता है तो बच्चों का पैर टूटना लाजमी है। वैसे में आखिर इसका जिम्मेवार कौन विद्यालय के शिक्षक या बीइओ या डिईओ यह एक बहुत बड़ी सवाल है। क्या स्कूली बच्चों से विद्यालय का खाना पकाना यदि का कार्य करने का शिक्षा विभाग में प्रावधान है। यदि नहीं है तो इस तरह का कार्य बच्चों से कैसे कार्रवाई जा रही है।


स्पीड न्यूज

## पूर्व सीएम रघुवर ने दुमका में किया योग



पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने दुमका परिसदन में योग किया। उन्होंने लोगों से योग को नियमित जीवन में अपनाने की अपील की।

## विधायक पूर्णिमा ने अपने घर किया योग



जमशेदपुर पूर्वी के विधायक पूर्णिमा साहू ने अपने आवास पर अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर योग किया। इस अवसर पर उन्होंने लोगों से सकारात्मक जीवनशैली के लिए योग करने का संदेश दिया।

## भूमिहार महिला समाज का हेल्थ कैंप आज

**जमशेदपुर।** भूमिहार महिला समाज 22 जून (रविवार) को मेगा हेल्थ कैम्प का आयोजन किया गया है। यह कैंप ब्रह्मर्षि भवन कदमा केडी फ्लैट के पास में दिन के 10:00 बजे से आयोजित किया जा रहा है।

## आज अर्पण परिवार का वार्षिक रक्तदान शिविर

**जमशेदपुर।** अर्पण परिवार द्वारा आयोजित वार्षिक रक्तदान शिविर 22 जून 2025 को सुबह 8 बजे से जमशेदपुर ब्लड बैंक, धातकीडीह में आयोजित करेगा। इसमें रक्त संग्रह सुबह 8 से शाम 6 बजे तक किया जायेगा। शिविर का औपचारिक उद्घाटन सुबह 10:30 बजे दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया जायेगा, जिसमें अर्पण परिवार के सदस्यगण एवं विशेष अतिथि उपस्थित रहेंगे।

## तेली समाज ने सोनारी में किया योगाभ्यास

**जमशेदपुर।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर तेली साहू समाज सोनारी ने योगा किया। मौके पर योग प्रशिक्षक संगीता प्रसाद ने समाज के सभी लोगो को योग करवाया। मौके पर तेली साहू समाज के सभी सदस्य उपस्थित थे। कार्यक्रम मे तेली साहू समाज के अध्यक्ष लखन लाल साहू, महामंत्री बाबू दास साहू की देखरेख में सोनारी साहू भवन में कार्यक्रम अयो जीत किया गया।

## डॉ दिनेशानंद ने बिष्टुपुर में किया योग



**जमशेदपुर।** भारतीय जनता पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉक्टर दिनेशानंद गोस्वामी ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर बिष्टुपुर स्थित परमहंस लक्ष्मीनाथ गोस्वामी परिसर में योगाभ्यास किया। उन्होंने खुशी जतायी कि पीएम नरेंद्र मोदी के प्रयास से आज पूरी दुनिया में योग दिवस मनाया जा रहा है।

## राजेश शुक्ल ने टाउन क्लब में किया योग

**जमशेदपुर।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर जमशेदपुर के जी टाउन मैदान मे अन्य लोगों के साथ झारखंड स्टेट बार काउंसिल के वाइस चेयरमैन और सुप्रसिद्ध वरिष्ठ अधिवक्ता राजेश कुमार शुक्ल ने योगाभ्यास किया।

## आदित्यपुर रेलवे स्टेशन पर हुआ योगाभ्यास

**जमशेदपुर।** एसई रेलवे भारत स्काउट्स एंड गाइड्स लोकल एसोसिएशन आदित्यपुर और सीएंडडब्ल्यू विभाग आदित्यपुर ने मिल के अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर एक साथ योग में भाग लिया। जिसमें डीएमई सिद्धांत वर्मा, एसएसई एके मंडल, बिश्वनाथ राव आरपीघा, डीके सिन्हा, प्रसाद जी, ग्रुप लीडर आदित्यपुर संजीत महतो भी थे।

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर भाजपा कार्यकर्ताओं में छाया योग का खुमार

■ दैनिक जीवन में योग अपनाने का लिया संकल्प

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर शनिवार को जमशेदपुर महानगर के चारों विधानसभा में भाजपा कार्यकर्ताओं ने सामूहिक योगाभ्यास किया। भाजपा कार्यकर्ताओं ने जमशेदपुर महानगर के पूर्वी, पश्चिमी, पोटका एवं जुगसलाई विधानसभा अधीन सभी 28 मंडलों में मंडल अध्यक्ष के नेतृत्व में 11वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाते हुए योग्याभ्यास किया। इस दौरान सभी मंडलों में योग प्रशिक्षकों ने कार्यकर्ताओं एवं आमजनों को योग के महत्व एवं लाभ पर जानकारी देते हुए योग की विभिन्न आसन करवाये।

भाजपा जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा ने घाघीडीह मंडल के कार्यकर्ताओं के संग योग्याभ्यास किया। घाघीडीह मंडल अध्यक्ष आनंद कुमार के नेतृत्व में आयोजित योग दिवस कार्यक्रम में मंडल क्षेत्र के तमाम कार्यकर्ता एवं आमजनों ने भाग लिया और योगाभ्यास किया। वहीं, सभी कार्यकर्ताओं ने योग को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने का संकल्प लिया। भाजपा जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा ने कहा कि भारतीय संस्कृति की अनुपम धरोहर योग पूरी दुनिया को भारत द्वारा दी गई महत्वपूर्ण उपलब्धि है। जिसे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 2014 से अनवरत अपने अथक प्रयासों से पूरी दुनिया में पहुंचाने का अकल्पनीय कार्य किया है। प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार जमशेदपुर महानगर के सभी मंडलों में योग दिवस पूरे मनोयोग से मनाया गया।





धालभूम क्लब में योगाभ्यास करते सांसद विद्युतबरण महतो और महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा।

**अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर घोड़ाबांधा में हुआ योगाभ्यास, पूर्व सीएम अर्जुन मुंडा ने किया योग:** घोड़ाबांधा मंडल के कार्यकर्ताओं द्वारा साईं नाथ देवस्थानम, घोड़ाबांधा के प्रांगण में योग दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा रहे जिन्होंने सभी लोगों के साथ योगाभ्यास किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि योग को प्रतिदिन जीवन में अपनाना चाहिए, इससे शारीरिक शक्ति के साथ मानसिक शांति भी प्राप्त होती है। उन्होंने यह भी कहा कि यह हमारी महान परंपरा आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों से विश्वभर में सम्मान और पहचान प्राप्त कर रही है। इस अवसर पर आर्ट ऑफ लिविंग के योग प्रशिक्षक ने उपस्थित लोगों को दैनिक जीवन में अपनाए जाने योग्य कुछ महत्वपूर्ण योग अभ्यास सिखाए और उनके लाभों की जानकारी दी। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष दीपक पाल, जिला मंत्री जितेंद्र राय, सिखा राय चौधरी, गणेश सोलंकी, अनिल श्रीवास्तव, अनूप रंजन, नीरज शर्मा, हरदीप सिंह, संजय गोराई, रूपेश सिंह, कृष्णा कुमार बारी, जितेंद्र प्रसाद समेत, देवस्थानम समिति के सदस्य, युवाओं और मंडल के कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

**साकची पश्चिम मंडल के योगाभ्यास में सांसद हुए शामिल:** साकची स्थित धालभूम क्लब में सामूहिक योगाभ्यास का आयोजन किया गया। जिसमें जमशेदपुर के सांसद विद्युत वरण महतो ने भाग लिया और लोगों के साथ योग कर सकारात्मक जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया। साकची पश्चिम मंडल अध्यक्ष बजरंगी पांडेय के नेतृत्व में आयोजित इस योग शिविर में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान योग प्रशिक्षकों द्वारा विभिन्न योग आसनों एवं प्राणायाम का अभ्यास कराया गया। लोगों को योग के शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक लाभों के प्रति जागरूक किया गया। सांसद विद्युत महतो ने कहा कि योग हमें हमारी संस्कृति और प्रकृति से जोड़ता है, तनावपूर्ण जीवन में संतुलन लाता है और तन-मन दोनों को सशक्त बनाता है। उन्होंने सभी से योग को जीवनशैली का हिस्सा बनाने की अपील की।

योग दिवस पर भाजपा मंडल अध्यक्ष पप्पू उपाध्याय, युवराज सिंह, जीवन लाल, बबलू गोप, विकास शर्मा, सूरज सिंह, बिनोद राय, संजय तिवारी, अजीत सिंह, प्रशांत पोद्दार, बजरंगी पांडेय, रविन्द्र सिसोदिया, अश्विनी तिवारी, आनंद कुमार, अमित मिश्रा, रबिन्द्रनाथ सरदार, हलधर दास, सुदीप कुमार डे, हन्नु जैन, दीपक पाल, पवन सिंह, सूरज साह, शांतनु मुखर्जी, बासुदेव मंडल, प्रधान महतो आदि भी थे।

# निरोग रहने के लिए योग को अपनी दिनचर्या में शामिल करें: कर्ण सत्यार्थी

■ 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर खासमहल में आयोजित हुआ जिला स्तरीय कार्यक्रम

■ मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए उपायुक्त

**खबर मन्त्र ब्यूरो**





खासमहल में जिला स्तरीय योग दिवस समारोह में योगाभ्यास करते डीसी कर्ण सत्यार्थी और योगाभ्यास करते लोग।

**जमशेदपुर।** 11वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस जिले भर में उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया। इस अवसर पर खासमहल में आयोजित जिला स्तरीय मुख्य कार्यक्रम में डीसी कर्ण सत्यार्थी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उपायुक्त ने अन्य उपस्थित पदाधिकारियों एवं प्रतिभागियों के साथ सामूहिक योगाभ्यास किया और योग के महत्व पर प्रकाश डाला।

कार्यक्रम की शुरुआत प्रातः 6:30 बजे योग प्रशिक्षकों द्वारा करायी गयी सामूहिक योग क्रियाओं के साथ हुई। कार्यक्रम में जिले के विभिन्न विभागों के पदाधिकारी, स्वास्थ्यकर्मी, स्कूली छात्र-छात्राएं तथा बड़ी संख्या में आम नागरिकों ने भाग लिया।

डीसी कर्ण सत्यार्थी ने कहा, योग न केवल शरीर को स्वस्थ रखता है, बल्कि यह मानसिक शांति और आत्मिक संतुलन का सशक्त माध्यम है। यह हमारी सांस्कृतिक धरोहर है, जिसे अपनाकर हम एक निरोग और सशक्त समाज की ओर अग्रसर हो सकते हैं। उन्होंने सभी नागरिकों से अपील की कि वे योग को अपनी दिनचर्या में शामिल करें तथा इसे परिवार और समाज में भी बढ़ावा दें। उपायुक्त ने यह भी कहा कि योग को लेकर जनजागरूकता समय की मांग है और इसके सतत अभ्यास से हम कई बीमारियों से बच सकते हैं।

कार्यक्रम में सिविल सर्जन, जिला आयुष पदाधिकारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, स्वास्थ्य विभाग के अन्य पदाधिकारी, शिक्षण संस्थानों के प्रतिनिधि, खेल प्रशिक्षक एवं अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। योग प्रशिक्षकों द्वारा प्रतिभागियों को विभिन्न योगासन, प्राणायाम एवं ध्यान की विधियां कराई गईं और उनके लाभों की जानकारी दी गई।

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जिले के सभी प्रखंडों, पंचायतों एवं नगर निकाय क्षेत्रों में भी सामूहिक योग अभ्यास कार्यक्रम आयोजित किए गए। इन कार्यक्रमों का उद्देश्य आमजन को योग के लाभों से अवगत कराना और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा।

## यूसिल में यूरेनियम परोक्साइड का उत्पादन ठप, करोड़ों की क्षति

■ 700 मजदूर व अधिकारी बैठ कर पेमेंट लेने की विवश

■ 30 सालों से चाटीकोचा के विस्थापितों का मुद्दा लटकाना यूसिल प्रबंधन को पड़ा महंगा


**खबर मन्त्र टीम**

**जादूगोड़ा/जमशेदपुर।** बीते 30 सालों से चाटीकोचा के विस्थापितों का पुनर्वास मुद्दा लटकाना यूसिल प्रबंधन को अब महंगा पड़ता दिख रहा है। इधर विस्थापितों परिवारों द्वारा टेलिंग पौंड का पाइप लाइन बीते चार दिन पहले खोल देने से यूसिल को प्रोसेसिंग प्लांट पूरी तरह ठप है। मिल बंद होने से यूसिल की यूरेनियम पराक्साइड का उत्पादन पूरी तरह ठप पड़ गया व रोजाना तीन करोड़ की क्षति उठाना पड़ रहा है वही उत्पादन ठप होने से 700 मजदूर व अधिकारी बैठ कर पेमेंट लेने की विवश है। इस बीच आगामी 28 जून को मामले को सुलझाने को लेकर जिले के उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी की अध्यक्षता में बैठक बुलाई गई है। जबकि इस बैठक से विस्थापितों को अलग रखा गया है। ऐसे में यूसिल प्रबंधन व विस्थापितों का विवाद कैसे सुलझेगा यह भविष्य के गर्त में है लेकिन इतना तो तय है कि चाटीकोचा के विस्थापितों का यह आंदोलन लंबा चला तो व यूरेनियम का उत्पादन नहीं हुआ तो कंपनी को भारी क्षति का सामना करना पड़ सकता है।

## टिनप्लेट डिवीजन और सत्यानंद योग केंद्र ने सबुज कल्याण संघ के लोगों ने किया योग

**खबर मन्त्र ब्यूरो**





सबुज कल्याण संघ में योग करते लोग और योगाभ्यास करवाते स्वामी गोरखनाथ सरस्वती।

**जमशेदपुर।** टीनप्लेट डिवीजन टाटा स्टील और सत्यानंद योग केंद्र, जमशेदपुर के तत्वाधान में आज सफलतापूर्वक अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का कार्यक्रम साबुज कल्याण संघ टेल्को में सुबह 8 बजे से शुरू हुआ। यह कार्यक्रम बिहार स्कूल ऑफ योग के वरिष्ठ सन्यासी के स्वामी गोरखनाथ सरस्वती जी के मार्गदर्शन मैं सम्पन्न हुआ।

उनके द्वारा मुख्यतः बच्चों के शारीरिक, मानसिक, बौद्धिक और भावनात्मक विकास को ध्यान में रखते हुए योग अभ्यास कराया गया, जिसमें प्रमुख आसान थे वज्रासन, शशांक आसान, उष्ट्रासन आसान, मर्जरी आसान, सूर्य नमस्कार, प्राणायाम में मुख्यतः नाड़ी शोघन प्राणायाम, भ्रामरी प्राणायाम आदि, कार्यक्रम के अंत में स्वामी जी के द्वारा योग निंद्रा का भी अभ्यास कराया गया जिसे बच्चों के द्वारा काफी पसंद किया गया। कार्यक्रम समापन में सभी अभ्यासियों को टीनप्लेट डिवीजन, टाटा स्टील के द्वारा प्रसाद वितरित किया गया। यह कार्यक्रम को टीनप्लेट स्पोर्ट्स कांप्लेक्स में किया जाना तय था जिसे खराब मौसम को ध्यान में रख स्थानांतरित किया गया था।

## 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर सोना देवी विवि में कराया गया योगाभ्यास

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**जमशेदपुर।** सोना देवी विश्वविद्यालय घाटशिला में आज 11 वे अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर यहां के फैकल्टी ने सबेरे 6.30 से 7.45 तक योगाभ्यास किया। योगा फॉर वन अर्थ वन हेल्थ थीम पर आयोजित योग संगम का आयोजन युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार तथा राष्ट्रीय सेवा योजना के निर्देश के आलोक में किया गया। सोना देवी विश्वविद्यालय को कुछ दिन पहले ही सरकार से राष्ट्रीय सेवा योजना की एक ईकाई शुरू करने की अनुमति मिली है। आज देशभर में दस हजार से अधिक स्थानों पर लोगों ने योगाभ्यास किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज विशाखापत्तनम में योगाभ्यास किया। केंद्र सरकार के प्रयास से संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा 21 जून

## श्री लक्ष्मीनारायण मंदिर परिसर में विधायक सरयू राय ने किया योग

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**जमशेदपुर।** श्री लक्ष्मीनारायण मंदिर जीर्णोद्धार समिति और क्रीड़ा भारती ने श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर परिसर में योग दिवस मनाया। यह पहला अवसर था, जब श्री लक्ष्मीनारायण मंदिर में सामूहिक तौर पर लोगों ने योग किया हो। लगभग 400 योग प्रेमियों ने यहां आकर योगाभ्यास किया। योग शिक्षक नवीन चौरसिया ने सभी को योग कराया। जमशेदपुर पश्चिमी विधायक सरयू राय, क्रीड़ा भारती के उपाध्यक्ष शिवशंकर सिंह, क्रीड़ा भारती के प्रांत मंत्री राजीव कुमार, जनता दल (यूनाइटेड) के पूर्वी सिंहभूम जिलाध्यक्ष सुबोध श्रीवास्तव समेत सैकड़ों लोगों ने शनिवार को विश्व योग दिवस के मौके पर योग किया। विधायक ने कहा कि योग भारत की पौराणिक पद्धति है जिससे हम खुद को स्वस्थ रख सकते हैं।

# चैम्बर भवन में दो दिवसीय मानसून ट्रेड फेयर शुरू

■ मंत्री दीपक बिरुआ और विधायक सबिता महतो ने किया उद्घाटन

■ मानसून ट्रेड फेयर में कई तरह के उत्पादों के स्टॉल लोगों को लुभा रहे, चांदी के सैंडल और चप्पल बने आकर्षण का केन्द्र

■ मेले का आज अंतिम दिन, समापन समारोह में मुख्य अतिथि शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन एवं विशिष्ट अतिथि बहरागोड़ा विधायक समीर मोहंती होंगे

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**जमशेदपुर।** सिंहभूम चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री ने चैम्बर भवन में आयोजित मानसून ट्रेड फेयर का उद्घाटन झारखंड सरकार के मंत्री राजस्व, पंजीकरण एवं भूमि सुधार तथा परिवहन मंत्री दीपक बिरूआ तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में ईचागढ़ विधायक सविता महतो एवं जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी, चैम्बर के पूर्व अध्यक्ष मुरलीधर केडिया, उमेश कांवटिया, अध्यक्ष विजय आनंद मूनका, महासचिव मानव केडिया एवं उपाध्यक्ष ट्रेड एंड कॉमर्स अनिल मोदी एवं अन्य पदाधिकारियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। शहरवासी दिन के 11 बजे से रात्रि 8.30 बजे तक चैम्बर भवन आकर ट्रेड फेयर का भ्रमण एवं खरीददारी कर सकते हैं।

इस अवसर पर सदस्यों को संबोधित करते हुये माननीय मंत्री दीपक बिरूआ ने कहा कि किसी भी संस्था के द्वारा अपना प्लेटिनम जुबिली मनाना गौरव की बात है। चैम्बर का अपना गौरवमयी इतिहास रहा है। चैम्बर हमेशा कोल्हान एवं राज्य के उद्यमी एवं व्यवसायियों की आवाज उठाता रहा है। कुछ समस्याओं को लेकर चैम्बर पदाधिकारी एवं सदस्य मुझसे भी मिलते रहे हैं। हमारा भी प्रयास होता है उद्यमी एवं व्यवसायियों की समस्याओं का समाधान हो क्योंकि व्यापारी एवं उद्यमी समाज देश एवं राज्य की रीढ़ है। उन्होंने कहा कि झारखण्ड सरकार प्रदेश में उद्यमियों एवं व्यापारियों को साकारात्मक माहौल देने की पक्षधर है। उन्होंने चैम्बर के इस आयोजन की सराहना की।

## एक नजर में

### श्री साईं देवस्थानम् में अर्जुन मुंडा ने किया योग



**जमशेदपुर।** साईं परिवार विश्व सेवा संस्थान, जमशेदपुर ने प्रातः 6 से 8 बजे तक श्री साईंनाथ देवस्थानम, घोड़ाबांधा में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया। मौके पर आर्ट ऑफ लिविंग, जमशेदपुर के योग प्रशिक्षक नवीन चौरसिया ने भारत सरकार के आयुष मंत्रालय के द्वारा जारी किये गये योग अभ्यासक्रम के बारे में बताया गया एवं ध्यान व प्राणायाम की विस्तृर जानकारी दी गयी। मौके पर पूर्व मुख्यमंत्री एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा भी उपस्थित थे। संस्थान के अध्यक्ष अनुप रंजन ने श्री अर्जुन मुंडा को पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया।

### श्रीनाथ कॉलेज ऑफ एजुकेशन में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया



**जमशेदपुर।** शनिवार को 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर आदित्यपुर स्थित श्रीनाथ कॉलेज ऑफ एजुकेशन मे योग शिविर लगाया गया। जिसमें कॉलेज के सभी शिक्षक सह विद्यार्थियों ने भाग लिया। यह कार्यक्रम श्रीनाथ विवि के योगा एवं नेचुरोपैथी विभाग के विभागाध्यक्ष सायन मंडल तथा (व्याख्याता) श्रुति के सफल प्रयास से संपन्न हुआ। मौके पर विवि के कुलपति प्रो डॉ एसएन सिंह ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि योग शरीर को निरोग रखता है। यह मन को एकाग्र करने में भी सहायता करता है, इसलिए हमें योग के महत्व को समझना चाहिए। इसी संदर्भ में श्रीनाथ कॉलेज ऑफ एजुकेशन की प्राचार्या डा भाव्या भूषण ने कहा कि योग हमारे जीवन को परिवर्तित देता है साथ ही योग से तनाव कम होता है। इस अवसर पर विभिन्न प्रकार के प्रतियोगिताऐ भी आयोजित हुई। कई रंगा रंग मनमोहक कार्यक्रम विद्यार्थियों ने प्रस्तुत किये। कार्यक्रम का संचालन श्रीनाथ कॉलेज ऑफ एजूकेशन की छात्राओ द्वारा हुआ।

### बीए कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग कैंपस में शिक्षकों और छात्र-छात्राओं ने किया योगाभ्यास



**जमशेदपुर।** बी ए कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी और राजेंद्र विद्यालय, घुटिया, जमशेदपुर में अंतराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया, जिसमें कॉलेज एवं स्कूल के सभी शिक्षक एवं विद्यार्थितों ने हिस्सा लिया। मुख्य अतिथि योग गुरु राजेंद्र देव थे जिन्होंने सभी को योग के महत्त्व के बारे में बताया और योग करना भी सिखाया। योग गुरु राजेंद्र देव का स्वागत राजेंद्र विद्यालय घुटिया की प्राचार्या खुशबू ठाकुर ने पुष्पगुच्छ भेंट करके किया और कॉलेज के प्राचार्य डॉ संजय कुमार रॉय ने स्मृति चिन्ह और शाल भेंट की। कार्यक्रम का संचालन कॉलेज की प्रोफेसर डॉ अंकिता साहू एवं धन्यवाद ज्ञापन स्कूल की शिक्षिका श्रीमती रुबीना खातून ने किया।

### अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर आईडीटीआर में छात्र-छात्राओं ने किया योगाभ्यास



**जमशेदपुर।** स्वस्थ्य शरीर में ही स्वस्थ्य मस्तिष्क का वास होता है। स्वस्थ रह कर ही हम अपने परिवार, समाज एवं अपने देश का विकास कर सकते हैं। उक्त बातें आईडीटीआर के एमडी आनंद दयाल ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर आईडीटीआर एवं जमशेदपुर वुमेंस क्लब ने आईडीटीआर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान कही। उन्होंने कहा कि योग के माध्यम से न केवल शारीरिक अंगों बल्कि मन,मस्तिष्क एवं आत्मा में संतुलन बनाया जाता है। श्री दयाल ने कहा कि योग को केवल एक दिन नहीं बल्कि अपने दिनचर्या में शामिल करना चाहिए ताकि शरीर के साथ मानसिक संतुलन भी बरकरार रहे। मौके पर जमशेदपुर वुमेंस क्लब की अध्यक्ष रीना बेदागिरी ने योग के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन सुमीत सिंह ने किया। मौके पर वुमेंस क्लब की ओर से योगिनी,रीमा जायसवाल समेत आईडीटीआर के प्रशासक अंजन कुंडु, रामबाबू वर्मा,राजकुमार वर्मा,एस गुहा, सुशील मिश्रा, ओपी पांडेय, धीरज समेत काफी संख्या में अधिकारी,कर्मचारी एवं छात्र–छात्राएं उपस्थित थीं।

### आशियाना अन्नतारा में हुआ योगाभ्यास



**जमशेदपुर।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के दिन मानगो स्थित आशियाना अनंतारा सोसाइटी के लोगों ने सामूहिक रूप से कम्युनिटी हॉल में योग किया। जिसमें प्रतिदिन टाटा स्टील से सेवानिवृत योग शिक्षक आरके शरण लोगों को योगाभ्यास कराते हैं। योग दिवस के दिन विशेष कर महिलाओं को प्रतिदिन योग करने के लिए जागरुक कर योग करने से लाभ बताते हुए योग करने के तौर और तरीके सिखाये गये। योग अभ्यास करने में मुख्य रूप से आरके शरण, विकास सिंह, एके मैथी, भगवान गुप्ता, ओ पी मिश्रा, अरविंद कुमार सिंह, डॉ टी प्रसाद, एनपी सिंह, शाहिद महिलाएं और पुरुष उपस्थित रहे।

### जादूगोड़ा सामुदायिक केंद्र में योग प्रशिक्षक घनश्याम शर्मा ने लोगों को सिखाया योग



**जादूगोड़ा।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर जादूगोड़ा सामुदायिक केंद्र में शनिवार को भव्य आयोजन किया गया। मौके पर योग प्रशिक्षक घनश्याम शर्मा ने लोगों को योग सिखाया व उसके फायदे से अवगत कराया।कार्यक्रम में 60 से अधिक अधिकारियों, कर्मचारियों ने अपने परिवारजनों के साथ उत्साहपूर्वक भाग लिया। यह आयोजन संध्या 7 बजे यूसिल कॉलोनी की जादूगोड़ा केंद्र के हॉल में हुआ व देर रात्रि तक चला। यहां यूसिल के सेवानिवृत लेखा अधिकारी घनश्याम शर्मा सह योग गुरु ने प्रतिभागियों को विभिन्न योगासन कराये।

## स्पीड न्यूज

### सोनामहल : आभूषण से भरा बैग लेकर अपराधी फरार, ₹30 लाख की चोरी




**नीलांबर-पीतांबरपुर।** थाना क्षेत्र के सोनामहल बाजार में शुक्रवार शाम करीब सात बजे एक बड़ी चोरी हुई है। आभूषण दुकानदार अरुण सोनी के मुताबिक, उनकी दुकान से लगभग 30 लाख रुपये मूल्य के सोने-चांदी के आभूषण अज्ञात अपराधी लेकर फरार हो गये। अरुण अपनी दुकान बंद कर आभूषण से भरा बैग स्कूटी की डिक्की में रख गाड़ी स्टार्ट करने लगे। तभी देखा कि बाइक के हैंडल में कुछ लैट्रिन लगी है। उसे साफ करने के लिए वे पानी लेने गये। इसी बीच पहले से घात लगाये अज्ञात अपराधी डिक्की से बैग निकाल फरार हो गये। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, वह पल्सर बाइक से था। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी है।

### नशा को कहें न के तहत नुक्कड़ नाटक



**चैनपुर पलामू।** प्रखंड के चैनपुर बाजार में नशा मुक्ति अभियान के तहत नशा को कहें न और जुड़े फुलों झानो योजना से करो व्यापार की नयी शुरुआत, बदलेगी जीवन आएगा खुशहाली नुक्कड़ नाटक कर चैनपुर बाजार क्षेत्र के लोगों को जागरूक किया। नशा करना, नशे संबंधित खेती या व्यापार करना कानूनन जुर्म है जो परिवारों को बर्बाद कर देता है। अतः नशा को कहें ना। इसमें अविनाश तिवारी नाट्यकर्ता, कोमल देवी इत्यादि ने नाटकीय माध्यम से दिखाकर बताया समझाया।

### किसानों ने की खाद-बीज की मांग



**मोहम्मदगंज।** बारिश होते ही कृषि कार्य को लेकर किसान खेत की ओर सक्रिय हो गये हैं। बीज भंडार से बीज-खाद खरीदने को लेकर भीड़ दिख रही है। किसान रामजन्म राम, लखन यादव, राम बरत यादव, अनिल मेहता ने बताया कि कृषि कार्य के लिए पूज्यनीय और सबसे उपयुक्त आर्द्रा नक्षत्र है। मानव जीवन के मुख्य आहार की फसल को लेकर बीजारोपण का समय है।

### सिंगरा हाई स्कूल में हुआ योगाभ्यास

**पड़वा पलामू।** हिंडालको इंडस्ट्रीज लिमिटेड के कठौतिया ओपन कास्ट कोल माइंस की सीएसआर इकाई ने सदर प्रखंड के सिंगरा हाई स्कूल में योगाभ्यास कराया। पतंजलि योग समिति के योग प्रशिक्षक ओंकार ने योगाभ्यास कराया। मौके पर माइंस के सीएसआर हेड शोभा रानी मोहंती ने कहा कि स्वस्थ रहने के लिए प्रत्येक व्यक्ति को योगा को अपने दिनचर्या में शामिल करना होगा। इस मौके पर प्रभारी प्राचार्य विश्वनाथ मिश्र, आलोक कुमार, ओमप्रकाश चौधरी, अनीता सिंह, पल्लवी शर्मा, राकेश कुमार सिंह, कविता कुमारी सहित काफी संख्या में विद्यार्थियों ने योगाभ्यास किया।

### स्थायी निरोगी काया की जड़ है योग



**मेदिनीनगर।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर ऋषि परंपरा के वाहक पूरा भारत आज योगमय है। पलामू जिला प्रशासन के नीलांबर पीतांबर विवि प्रशाल में अंतर्राष्ट्रीय योग महोत्सव में संत मरियम स्कूल के निर्देशक अविनाश देव शामिल होकर योग किया। जिसमें शहर के गणमान्यों के साथ प्रशासनिक अधिकारी व एनपीयू के कुलपति भी थे। आज एक बार पुनः भारत योग का नेतृत्व कर रहा है, जब मेडिकल साइंस का दूर- दूर तक कोई बोलबाला नहीं था, शिक्षा के लिए गुरुकुलीय व्यवस्था थी।

### पलामू डिस्ट्रिक्ट योग एसोसिएशन ने जीजीपीएस जमुने में कराया योग



**मेदिनीनगर।** पलामू जिला योग एसोसिएशन ने योग दिवस पर पलामू डिस्ट्रिक्ट योगा एसोसिएशन के सचिव अनिल पांडे के निर्देशन में गुरु गोविंद सिंह पब्लिक स्कूल के प्रांगण में योग शिविर लगाया। अध्यक्षता विद्यालय के संरक्षक एवं पूर्व विस अध्यक्ष इंदर सिंह नामधारी ने की। संचालन पलामू जिला योग एसोसिएशन के सचिव अनिल पांडे व जूनियर बच्चों में प्रीति कुमारी ने किया। कार्यक्रम गायत्री मंत्र के उद्घोष के साथ योग प्रारंभ किया गया। श्री नामधारी ने आसन को मानव जीवन में मूल के बारे में बताया।

### छतरपुर पुलिस ने अवैध शराब पकड़ी



**छतरपुर पलामू।** पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेसन के निर्देश पर छतरपुर पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। गुप्त सूचना पर छतरपुर थाना के चिल्होकला में छापेमारी कर भारी मात्रा में नकली शराब, नकली स्टीकर, ढक्कन और अन्य सामग्री बरामद की है। एसडीपीओ के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी प्रशांत प्रसाद के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठन कर त्वरित कार्रवाई की। टीम ने चिल्होकला के राजेश सिंह पिता स्व. मध्थनदेव सिंह के घर छापेमारी की, जहां विभिन्न ब्रांड के शराब बरामद हुए।

### योग करने से शरीर के कई रोगों का नाश होता है : प्राचार्य डॉ एके सिंह




**मेदिनीनगर।** ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में अंतरर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन किया गया। योग दिवस का शुभारंभ विद्यालय के प्राचार्य डॉ एके सिंह ने सभी छात्रों, शिक्षकों व समस्त विद्यालय परिवार को बधाई देकर किया। उन्होंने कहा कि योग एक दिवसीय क्रिया नहीं है प्रत्येक दिन सुबह उठकर योग करने की जरूरत है। योग करने से हमारे शरीर के अनेक रोगों का नाश होता है। नये कार्यों में रूचि बना रहता है। जीवन में योग को आत्मसात करें। मौके पर शारीरिक प्रशिक्षक नीलम सरोज, अनिता यादव, नीलकांत चौहान, रागिनी के द्वारा विभिन्न प्रकार के योगासन कराये गये। योग में सूर्य नमस्कार, अनुलोम, विलोम, भ्रमरी, उष्ट्रासन, वृक्षासन, पदमासन, भुजंगासन, वज्रासन बच्चों ने किये। मौके पर सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं व बच्चे शामिल थे।

# नियमित योग से स्वस्थ-निरोग रहें लोग : डॉ मेहता

■ अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर अटल स्मृति भवन में पांकी विधायक ने किया योग कार्यक्रम का उद्घाटन

**खबर मन्त्र संवाददाता**



योगाभ्यास के दौरान मंच पर उपस्थित पांकी विधायक व अन्य।

**नीलांबर पीतांबरपुर पलामू।** नीलाम्बर पितांबरपुर में अटल स्मृति भवन में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर विशेष योग अभ्यास कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि क्षेत्रीय बिधायक डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता उपस्थित थे। विधायक डॉ मेहता ने दीप प्रज्वलित कर शिविर का उदघाटन किया। मौके पर बिधायक डॉ मेहता ने कहा कि योग केवल शारीरिक व्यायाम ही नहीं स्वस्थ्य जीवन का आधार भी है। उन्होंने कहा कि नियमित योग कर लोग स्वस्थ्य रह सकते हैं। कहा कि इस आयोजन में पतंजलि योग समिति एवं भारत स्वाभिमान (प्रखंड नीलाम्बर पितांबरपुर) के सदस्यों का सराहनीय योगदान है। उन्होंने कहा कि आइए, योग को अपनाएं – स्वास्थ्य, शांति और संतुलन की ओर एक सुंदर कदम बढ़ाएं। पांकी विधायक ने योग कर लोगों को स्वस्थ्य रहने के लिए नियमित योग करने की सलाह दी। कहा कि योग कई रोगों का निदान भी है। मौके पर विधायक प्रतिनिधि सुनील कुशवाहा, अधिवक्ता लाला प्रसाद यादव, छोटेलाल सोनी, वीरेंद्र चंद्रवंशी, मुखिया पूनम देवी, महेंद्र कुशवाहा, सुधीर तिवारी, नीलांबर पीतांबरपुर प्रखंड के पतंजलि योग समिति सह भारत स्वाभिमान के सदस्य समेत कई लोग उपस्थित थे।

## राज्य के पूर्व स्वास्थ्य मंत्री रामचंद्र चंद्रवंशी ने कहा

# योग भारतीय संस्कृति की प्राचीन धरोहर

■ विश्व योग दिवस पर आरसीयू में योग अभ्यास शिविर का आयोजन

**खबर मन्त्र संवाददाता**



आरसीयू में योग दिवस पर योगाभ्यास करते लोग।

**विश्रामपुर (पलामू)।** आरसीयू नवाडीह कला में विश्व योग दिवस पर योग शिविर लगाया गया। उद्घाटन पूर्व स्वास्थ्य मंत्री रामचंद्र चंद्रवंशी ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। उन्होंने कहा कि योग भारतीय संस्कृति की प्राचीन धरोहर है। हम सब के लिए यह अत्यंत गौरव की बात है कि आज यह अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस से दुनिया के 200 से अधिक देशों में पहुंच चुकी है। दुनिया भर में लोग इससे होने वाले लाभ को देखकर इसे अपने जीवन शैली का हिस्सा बना रहे हैं। उन्होंने 2025 के अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के थीम स्वयं एवं समाज के लिए योग का जिक्र करते हुए कहा कि योग से मनुष्य का सर्वांगीण विकास होता है जिसमें शारीरिक, मानसिक विकास के साथ साथ वैचारिक एवं चारीत्रिक विकास भी होता है जो किसी भी स्वस्थ एवं सभ्य समाज के निर्माण के लिए आवश्यक है। यह हर उम्र के लोगों के लिए लाभकारी है एवं तनाव व बीमारियों से बचने में भी सहायक है। उन्होंने लोगों को इसे अपने जीवन शैली में शामिल करने का आह्वान किया। बताया कि प्रतिदिन योग करने से शरीर निरोग रहता है। उन्होंने सभी आम जनों से प्रतिदिन योग करने की अपील की है। योगाभ्यास में रजिस्टार देवाशीष मंडल,बीपीएड के प्राचार्य डॉ अरविंद त्रिपाठी, डॉ श्रावंती सहित कर्मचारी, छात्र-छात्राएं एवं परिजनों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

## नीलांबर पीतांबरपुर के मौर्या फार्म हाउस में बोले विधायक

# पीएम मोदी के नेतृत्व में गरीबों के लिए चल रही कई योजनाएं

■ कालाबाजारी करनेवाले डीलरों पर होगी कार्रवाई

**खबर मन्त्र संवाददाता**



पत्रकार वार्ता में लोगों को संबोधित करते विधायक व अन्य।

**नीलांबर पीतांबरपुर पलामू।** पांकी विस क्षेत्र के विधायक डा शशिभूषण मेहता ने प्रेस वार्ता कर कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व पूरे देश का सर्वांगीण विकास हुआ है। भाजपा के 11 वर्ष का कार्यकाल सुशासन समेत कई कार्य उपलब्धि भरा है। उन्होंने कहा कि पांकी विधानसभा क्षेत्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में चलाई जा रही गरीब कल्याण अन्न योजना के अंतर्गत, झारखंड राज्य के 2.64 करोड़ राशन कार्डधारियों को एक साथ तीन माह (जून, जुलाई, अगस्त) का एडवांस राशन वितरण किया जा रहा है। पलामू जिले में जून व जुलाई माह के लिए लगभग 50% राशन उठाव पहले ही किया जा चुका है। लेकिन खेद की बात है कि कई क्षेत्रों से पीडीएस डीलरों द्वारा कालाबाजारी की शिकायतें मिल रही हैं। कहीं लाभुकों को एक माह का राशन देकर दो माह का हक मारा जा रहा है, तो कहीं समय पर राशन नहीं मिल रहा।

**कार्यक्रम की खास बातें :** यह गरीबों के साथ अन्याय है। डा मेहता ने कहा कि इस मुद्दे पर जिला आपूर्ति पदाधिकारी से बात की है और जहां भी डीलर दोषी पाये जायेंगे, उन पर एफआईआर दर्ज कराते हुए लाइसेंस रद्द किया जायेगा। साथ ही सभी भाजपा बूथ कार्यकर्ताओं व सामाजिक कार्यकताओं से आग्रह है कि अपने पंचायतों में निगरानी रखें और लाभुकों को पूरा अनाज समय पर मिले यह सुनिश्चित करें, जो भी डीलर समय पर उचित मात्रा में अनाज नहीं देंगे, उनके विरुद्ध लिखित शिकायत प्राप्त होते ही सख्त कार्रवाई की जायेगी। प्रधानमंत्री जी के प्रयासों का लाभ गरीबों तक पहुंचना हमारा कर्तव्य है।

# पलामू प्रमंडल के चेरो समाज आसपा नेता अजय सिंह चेरो के हुए साथ

■ ब्राह्मण समाज के अगुआ विजय तिवारी को देंगे करारा जवाब

**खबर मन्त्र संवाददाता**



एकजुटता प्रदर्शित करते चेरो समाज के लोग।


**मेदिनीनगर।** साधना सदन सभागार में चेरो समाज की एक बैठक समाज के मुख्य अगुआ रामराज सिंह चेरो की अध्यक्षता में हुई। ब्राह्मण समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष बिजय तिवारी की अगुवाई में ठाकुर बाड़ी रेडमा मंदिर प्रांगण में बैठक कर चेरो समाज से उभरते युवा नेता अजय सिंह चेरो पर ब्राह्मण समाज के अपमान का बेबुनियाद आरोप लगाकर झूठे केस में फंसा कर कैरियर खत्म करने की कोशिश है। बताते चलें कि बीते दिनों आजाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह नगीना लोकसभा सांसद चंद्रशेखर आजाद पर प्रदीप तिवारी ने जाति सूचक शब्दों का इस्तेमाल करते हुए जान मारने की धमकी देने के बाद झारखंड प्रदेश उपाध्यक्ष सह आजाद समाज पार्टी से डाल्टनगंज भंडरिया के पूर्व विधायक प्रत्याशी अजय सिंह चेरो ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो से तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करने के उपरांत अंतराष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय तिवारी ने अजय सिंह चेरो पर केस दर्ज करने के लिए आवेदन दिया है। जिसमें उन्होंने कहा है कि अजय ने संपूर्ण ब्राह्मण समाज को अपमानित किया है। जबकि बैठक में उपस्थित लोगों ने एक स्वर में कहा कि हमारा नेता अजय ने एक भी ऐसा शब्द नहीं कहा है जिससे ब्राह्मण समाज का अपमान हुआ है। ब्राह्मण समाज का हवाला देते हुए विजय ने जो आरोप लगाया है उससे यही प्रतीत होता है कि आदिवासी, दलित, पिछड़े, अल्पसंख्यकों, गरीब गुरुबों के बीच अजय सिंह चेरो की बढ़ती लोकप्रियता से घबरा गये हैं। इसी घबराहट में ऐसा किये हैं।

# 11वें योग दिवस पर योगमय हुआ पलामू

**खबर मन्त्र संवाददाता**

■ योग संगम - एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए पदाधिकारी, विद्यार्थी सहित मीडियाकर्मियों ने किया योग


■ प्रमंडलीय मुख्यालय सहित सभी प्रखंडों, पंचायतों एवं शैक्षणिक संस्थानों में योग कार्यक्रम आयोजित



**मेदिनीनगर।** 11वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पलामू में उत्साहपूर्वक मना। प्रमंडलीय मुख्यालय नीलांबर-पीतांबर विवि के पीजी ब्लॉक परिसर में जिला प्रशासन के जिला आयुष समिति ने भव्यता के साथ योग कार्यक्रम आयोजित किया। वहीं जिले के सभी प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसर, कॉलेज, स्कूल आदि शैक्षणिक संस्थानों में योग कार्यक्रम किया गया। जहां सभी ने योग कर योग संगम-एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य का संदेश दिया। जिला स्तरीय योग कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन एनपीयू के कुलपति प्रो डॉ दिनेश सिंह, सहायक समाहर्ता हिमांशु लाल, सिविल सर्जन डॉ अनिल सिंह, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ असीम कुमार, आयुष पदाधिकारी डॉ रामनारायण कारक, नजारत उप समाहर्ता विक्रम आनंद, आयुष के डीपीएम डॉ मृत्युंजय कुमार ने किया। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की थीम योग संगम-एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए पदाधिकारी, विद्यार्थी सहित मीडियाकर्मियों ने योग किया।

# लोटवा: घर से महिला का शव बरामद परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप

**खबर मन्त्र संवाददाता**



फंदा दिखाते मृतका के नाना हुसैनी।


**नीलांबर पीतांबरपुर।** थाना क्षेत्र के लोटवा गांव में शनिवार की सुबह हुसैनी रवि के घर से संदेहास्पद अवस्था में पुलिस ने एक महिला का शव बरामद किया। महिला पाटन थाना क्षेत्र के डंडई निवासी विनोद राम की पुत्री मंजू (35) बतायी जाती है। जो अपने पति अरविंद चौधरी नोखा, रोहतास निवासी के साथ दूसरी पत्नी बनकर अपने नाना लोटवा के हुसैनी रवि के घर में बीते एक साल से रह रही थी। घटना के पीछे महिला के पिता विनोद राम, नाना हुसैनी रवि एवं अन्य परिजनों ने मंजू कुमारी के पति अरविंद चौधरी पर हत्या का आरोप लगाया है। घटना शुक्रवार की रात की बताई जाती है। मामले की जानकारी मिलने पर लेस्लीगंज थाना पुलिस घटनास्थल पहुंची। जहां से पुलिस ने शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल मेदनीनगर भेज दिया है। मृतका के पिता ने दामाद पर आरोप लगाया कि उसकी लड़की का गला घोट कर मार दिया गया है।

### बिजली करंट से एक भैंस की मौत, तीन घायल



**चैनपुर पलामू।** प्रखंड के करसो में लगातार बारिश में खेतों में हुए जलजमाव के बीच हाई-वोल्टेज 11000 की तार गिरने से एक भैंस की मौत हो गयी। मृत भैंस करसो के राम राज यादव पिता छकौड़ी यादव की है। भोला यादव की दो भैंस घायल हैं। प्रभावित पशुओं के इलाज के लिए पूर्व मुखिया शिव प्रसाद यादव ने चैनपुर पशुपालन विभाग को जानकारी देकर बुलाया। कुल क्षति तीन लाख की है।

### रामनरेश के निधन पर विधायक ने जताया शोक




**नीलांबर पीतांबर पलामू।** प्रखंड के पंचायत नौडीहा स्थित ग्राम चक निवासी रामनरेश प्रसाद जयसवाल का निधन हो गया। जानकारी मिलने पर पांकी विधायक डॉ शशिभूषण मेहता इनके गांव जाकर दाह संस्कार में शामिल हुए। साथ ही शोक संतप्त परिजनों से मिलकर गहरी संवेदना प्रकट की। कहा कि ईश्वर दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करें और परिवार को इस दुःख की घड़ी में संबल दें। कहा कि इनका निधन समाज के लिए अपूरणीय क्षति है।

### मेराल पंचायत में जन भागीदारी शिविर आयोजित



**पाटन पलामू।** धरती आबा जन भागीदारी अभियान के तहत मेराल पंचायत में शिविर लगाया गया। जिसमें आधार कार्ड, राशन कार्ड, आय, जाति, आवासीय प्रमाण पत्र, हेल्थ इत्यादि के स्टॉल लगाये गये। शिविर में मुखिया छोटू सिंह, पंचायत सचिव अंजू कुमारी, पंसस मंजू देवी व कर्मी उपस्थित थे।

### स्वास्थ्य केंद्र में लगा योगाभ्यास शिविर



**विश्रामपुर (पलामू)।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ने विश्रामपुर के सभागार में विशेष योग शिविर लगाया। इसका उद्घाटन प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ राजेंद्र कुमार, डॉ अरविंद कुमार, डॉ रोहित रजक, डॉ शशिकांत सुमन, बैम मृगेंद्र सिंह, बीपीएम पंकज पांडेय ने किया, जिसमें कई चिकित्सा पदाधिकारी, स्वास्थ्य कर्मी सहित कई लोगों ने सामूहिक योगाभ्यास किया। डॉ राजेंद्र ने कहा कि योग करने से शरीर निरोग रहता है। योग असंभव कार्य को भी संभव बनाता है। शिविर में बीडीएम रवि कुमार, मलेरिया विभाग के विनोद तिवारी, मिथलेश दुबे, एमटीएस पंकज कुमार व कई लोग मौजूद थे।

# गुलाबचंद कॉलेज में योग दिवस उत्साहपूर्वक मना

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**छतरपुर, पलामू।** गुलाबचंद प्रसाद अग्रवाल इंटर और डिग्री कॉलेज, सड़मा में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर योग व व्यायाम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर डिग्री कॉलेज के सचिव डॉ अमित अग्रवाल ने छात्रों एवं शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ रहने के लिए योगाभ्यास नित्य करना आवश्यक है। यह भारतीय परंपरा की मूल जड़ों से जुड़ा हुआ है। उन्होंने कहा, इसलिए भगवान श्रीकृष्ण को योगेश्वर कहा गया है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने भारतीय संस्कृति एवं योग की महत्ता को विश्व मंच पर मजबूती से प्रस्तुत किया, जिसके परिणामस्वरूप आज पूरा विश्व अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मना रहा है। दोनों कॉलेज के प्रभारी प्राचार्य अखिलेश कुमार सिंह और स्वस्ति कुमारी ने अपने कॉलेज कर्मियों और छात्र छात्राओं को योग करने से पूर्व योग के बारे में विस्तार से कहा की योग शब्द का शाब्दिक अर्थ होता है जोड़ना।


### लोहड़ा हाईस्कूल में मना योग दिवस

**पड़वा पलामू।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर शनिवार को पड़वा प्रखण्ड क्षेत्र के लोहड़ा हाईस्कूल में योगाभ्यास का आयोजन किया गया। स्कूल के प्रभारी प्राचार्य अभिषेक दुबे ने कहा कि स्वस्थ रहने के लिए योगा को अपने दिनचर्या में शामिल करने की जरूरत है। सभी शिक्षक व विद्यार्थियों ने योग के विभिन्न आसन्न को किया। इस मौके पर दिव्या टोप्पो, सुशील सिंह, श्वेता कुमारी सिन्हा, नुसरत अंजुम, कुमार यूनिक सहित काफी संख्या में लोगों ने योग किया।

# विश्व संगीत दिवस के अवसर पर सांसद ने किया कई कलाकारों को सम्मानित

**खबर मन्त्र संवाददाता**

■ कलाकारों ने सांसद को ऑल इंडिया आर्टिस्ट एसोसिएशन का भेंट किया मोमेंटो



**मेदिनीनगर।** पलामू के सांसद वीडी राम ने विश्व संगीत दिवस पर शनिवार को अपने आवास पर कलाकारों से भेंट कर उनका हौसला बढ़ाया। उन्होंने शिमला में आयोजित राष्ट्रीय नाट्य प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार प्राप्त मासूम आर्ट ग्रुप के कलाकारों को सम्मानित भी किया।

सांसद ने कहा कि समाज को सकारात्मक दिशा देने में कलाकारों का बहुत बड़ा योगदान है। उन्होंने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि पलामू के कलाकारों ने शिमला में जाकर राष्ट्रीय प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर पूरे झारखंड का मान सम्मान बढ़ाने का काम किया है। सांसद ने कलाकारों से शिमला के आयोजन के बारे में पूरी जानकारी ली और प्रथम स्थान प्राप्त नाटक को मेदिनीनगर में करने की बात कही।

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर हिंडाल्को ने किया योगाभ्यास का आयोजन

**खबर मन्त्र संवाददाता**



दीप जलाकर योग दिवस पर आयोजित कार्यक्रम का उद्घाटन करते अतिथि व अन्य।

**मेदिनीनगर।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर हिन्डालको इंडस्ट्रीज लिमिटेड के कठौतिया ओपन कास्ट कोल माइंस परिसर में योगाभ्यास किया गया। इसका उदघाटन माइंस एजेंट राजु सिंह, यूनिट एच आर हेड अरुप बनर्जी, प्रबंधक निशीकांत, अश्विनी कुमार व सीएसआर हेड शोभा रानी मोहंती ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्व्वलित कर किया। पतंजलि योग समिति के योग प्रशिक्षक ओंकार ने योगाभ्यास कराया। माइंस एजेंट राजु सिंह ने कहा कि योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं बल्कि जीवन को संतुलन और शांति देने की एक कला है। यूनिट एच आर हेड अरुप बनर्जी ने कहा कि नियमित योग करने से तनाव कम होता है और एकाग्रता बढ़ती है और शरीर मजबूत बनता है। अश्विनी कुमार ने कहा कि योग केवल एक व्यायाम नहीं बल्कि एक जीवन शैली है जो हमें स्वस्थ शांत और खुश रहने की दिशा में ले जाता है। मौके पर अमरेंद्र सिंह, डॉ टी गफ्फार, जयंत शुक्ला, शैलेन्द्र सिंह, विशाल कश्यप, गौतम सिन्हा, संजय साहू, दीपनारायण सिंह, अनीता भगत, आर आर शुक्ला, रविश कुमार, अगम आधार, अजय चंद मंडल, उपेंद्र सिंह, जितेंद्र सिंह, चंदन तिवारी सहित काफी संख्या में लोगों ने योगाभ्यास किया।

# समाज के लिए अभिशाप है नशा बच्चे इससे दूर रहें : थाना प्रभारी

■ राजकीय उत्क्रमित बालिका उच्चा विद्यालय चियांकी में नशा मुक्ति अभियान आयोजित

**खबर मन्त्र संवाददाता**



नशा के खिलाफ शपथ दिलाते थाना प्रभारी व प्रधानाध्यापक।

**मेदिनीनगर।** जिला के एसपी रीष्मा रमेसन के निर्देश पर सदर थाना क्षेत्र के चियांकी राजकीय उत्क्रमित बालिका उच्च विद्यालय में सदर थाना प्रभारी संतोष कुमार गुप्ता द्वारा नशा मुक्ति अभियान चलाया गया। मौके पर सभी स्कूल के शिक्षक, शिक्षिकाएं व विद्यार्थी मौजूद थे।

मौके पर सदर थाना प्रभारी ने कहा कि नशा से युवा वर्ग बर्बाद हो रहे हैं। कितने घरों झगड़ा होता रहता है। नशापान से समाज में खराब संदेश जाता है। उन्होंने विद्यार्थियों से नशा से दूर रहने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने स्कूल के माध्यम से विद्यार्थियों को कहा गया कि आप अपने क्षेत्र के घरों में जाकर लोगों को नशा से हानि के बारे में बतायें। नशा समाज के लिए अभिशाप है। थाना प्रभारी ने स्कूली विद्यार्थियों को नशा नहीं करने का शपथ दिलाया। मौके पर प्रधानाध्यापक अविनाश कुमार तिवारी, शिक्षक चंदन कुमार, दिनेश कुमार सिंह, विजय बिहारी पांडेय, मुन्नी कुमारी, पूजा प्रसाद, प्रमिला कुमारी, अरबिंद नाथ सिंह, श्यामली सहदेव, सद्दाम हुसैन, रशिम कुमारी, कुमारी मनीषा, विनिता रंजन, संजू तिवारी समेत कई स्कूल के छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

### राजकीय श्रावणी मेला, बासुकीनाथ की तैयारी को लेकर प्रशासन ने की बैठक

## श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा सर्वोपरि : डीसी



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**दुमका।** राजकीय श्रावणी मेला की तैयारियों को लेकर बासुकीनाथ स्थित सभागार में मंदिन प्रशासन की बैठक आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता डीसी अभिजीत सिन्हा ने किया। इस अवसर पर डीसी ने नए रूट लाइन में श्रद्धालुओं के लिए सभी आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित करने, पेयजल की समुचित व्यवस्था रुट लाइन होने एवं सभी आवासन केंद्रों में पर्याप्त रोशनी, पंखा, मोबाइल चार्जिंग प्वाइंट सहित आवश्यक मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध हो, इसका निर्देश दिया। बैठक में बताया गया कि अब तक 150 शौचालयों का निर्माण पूरा हो चुका है। डीसी ने निर्देश दिया कि शेष निर्माण कार्य को निर्धारित समयसीमा में पूर्ण किया जाए। श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु आवासन केंद्र, शौचालय, प्रवेश-निकास मार्ग, रूट एवं स्वास्थ्य सुविधाओं से संबंधित साइनबोर्ड प्रमुख स्थलों पर लगाए जाएं। डीसी ने संस्कार मंडप क्यू कॉम्प्लेक्स के कार्य को शीघ्रता से गुणवत्ता के साथ पूर्ण करने का निर्देश दिया। इस अवसर पर कहा कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करते हुए पूरे मेला क्षेत्र एवं आवासन केंद्रों में सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। साथ ही मेला क्षेत्र में ध्वनि विस्तारक यंत्र एवं एलईडी स्क्रीन की स्थापना की जाएगी। मंदिर परिसर की विद्युत वायरिंग, एसी एवं अन्य उपकरणों की सुरक्षा जांच सुनिश्चित करने को कहा गया, जिससे किसी भी प्रकार की दुर्घटना से बचा जा सके। कहा कि मेला क्षेत्र, पहुंच पथ एवं पार्किंग स्थलों पर समुचित प्रकाश व्यवस्था अनिवार्य रूप से की जाए। शिवगंगा की साफ-सफाई, एनडीआरएफ की प्रतिनियुक्ति तथा अग्निशमन व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए गए।

बैठक में एसपी पीताम्बर सिंह खेरवार ने बीडीओ, सीओ एवं थाना प्रभारियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने एवं किसी भी कमी को समय रहते दूर करने का निर्देश दिया। बैठक में डीडीसी, एसडीओ, सभी विभागों के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## बीएसएल ने सेक्टर 4 स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स में मनाया अंतरराष्ट्रीय योग दिवस

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**बोकारो।** अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर-एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य के लिए योग थीम पर स्थानीय सेक्टर 04 स्थित स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स परिसर में बीएसएल द्वारा आयोजित कार्यक्रम में बीएसएल के निदेशक प्रभारी बीरेंद्र कुमार तिवारी ईडी-वर्क्स चित्त रंजन महापात्रा ईडी-एफ एंड ए सुरेश रंगानी ईडी-एच आर राजश्री बनर्जी ईडी-एमएम सीआर मिश्रा बीजीएच के प्रभारी सीएमओ डॉ बीबी करुणामय तथा बोकारो इस्पात संयंत्र के वरीय अधिशासी कर्मचारी गण सहित उनके परिवार जनों के साथ स्कूल के छात्र एवं छात्राएं उपस्थित थे। योग गुरु के तौर पर कार्यक्रम में योग केन्द्र सेक्टर-4 बोकारो के श्रीकृष्ण बंधु मिश्रा उपस्थित रहे। प्रारम्भ में निदेशक प्रभारी तिवारी अधिशासी निदेशकों तथा उपस्थित वरिष्ठ अधिकारियों व योग गुरु द्वारा दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम की विधिवत शुरूआत की गई। बीएसएल के निदेशक प्रभारी तिवारी ने कहा कि योग एक संपूर्ण विज्ञान और कला से संबंधित अनुशासन है जो न केवल शारीरिक व्यायाम तक सीमित है बल्कि आध्यात्मिक और मानसिक पहलुओं पर भी इसका सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। उन्होंने कहा कि नियमित योग शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने व तनाव कम करने और जीवन की गुणवत्ता में सुधार करने में मदद करता है। कार्यक्रम में योग गुरु मिश्रा ने प्रतिभागियों को योग के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी और विभिन्न प्रकार के प्रयोगात्मक आसन तथा प्राणायाम का प्रदर्शन किया। उपस्थित समूह ने योग गुरु के मार्गदर्शन में विभिन्न आसनों का अभ्यास किया और इस आयोजन में उत्साहपूर्वक भाग लिया।

### एक नजर में

### योग को अपनी दिनचर्या में करें शामिल : डीसी



दुमका। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर इंडोर स्टेडियम में डीसी अभिजीत सिन्हा के नेतृत्व में योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस अवसर पर डीसी ने लोगों से योग को अपनी दिनचर्या में शामिल करने और इसे परिवार और समाज में भी बढ़ावा देंने का अपील किया। योग को लेकर जनजागरूकता समय की मांग है और विज्ञान का भी यही मानना है कि इसके सतत अभ्यास से हम कई बीमारियों से बच सकते हैं। इस कार्यक्रम में एसपी, सहायक समाहर्ता, अपर समाहर्ता, एसडीओ सहित जिला स्तरीय पदाधिकारी व कर्मी, स्कूली बच्चें आदि उपस्थित थे।

### गोड्डा : मासिक अपराध गोष्ठी में कानून-व्यवस्था सुदृढ़ करने पर जोर



गोड्डा/महागामा। अनुमंडल क्षेत्र में अपराध नियंत्रण और कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ करने को लेकर शनिवार को मासिक अपराध गोष्ठी का आयोजन किया गया। यह बैठक अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी चंद्रशेखर आजाद की अध्यक्षता में आयोजित हुई, जिसमें क्षेत्र के सभी थाना प्रभारियों व पुलिस पदाधिकारियों ने भाग लिया। गोष्ठी के दौरान थाना-वार अपराधों की समीक्षा की गई तथा लंबित मामलों पर विशेष चर्चा हुई। एसडीपीओ ने पुलिस अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में नियमित गश्ती (पेट्रोलिंग) सुनिश्चित करें और लंबित मामलों का समयबद्ध निपटारा करें। उन्होंने कहा कि अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण के लिए जनता से संवाद बनाए रखना आवश्यक है। पुलिस और आमजन के बीच बेहतर समन्वय से न सिर्फ अपराध पर लगाम लगाई जा सकती है, बल्कि इससे नागरिकों में सुरक्षा की भावना भी विकसित होती है। एसडीपीओ ने सड़क सुरक्षा को प्राथमिकता देने की बात कही। उन्होंने यात्री बस चालकों की नियमित ब्रेथ एनालाइजर जांच कराने का निर्देश दिया, ताकि शराब पीकर वाहन चलाने की घटनाओं को रोका जा सके। इस दौरान थाना प्रभारी शिवदयाल सिंह, रोशन सिंह, अमित मरिक, राजन कुमार राम, सौरव ठाकुर, पंकज कुमार तथा पुलिस निरीक्षक बीरेंद्र कुमार पासवान सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### गोमिया में अंतराष्ट्रीय योग दिवस पर लोगों ने किए कई योगाभ्यास



गोमिया। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर गोमिया प्रखंड क्षेत्र के अंतर्गत +2 उच्च विद्यालय गोमिया परिसर में बीडीओ महादेव कुमार महतो, सीओ आफताब आलम, प्रमुख प्रमिला चौड़े, पशुपालन पदाधिकारी डॉ सुरेश प्रसाद, बीपीओ मनोहर दास, विद्यालय के प्रधानाध्यापक अंबुज प्रसाद, भाजपा नेता देवनारायण प्रजापति, जिला परिषद सदस्य डॉ सुरेंद्र राज, प्रखंड सह अंचल कर्मी, सहिया, विद्यालय के शिक्षक एवं छात्र छात्राओं के साथ योग के कई आसन किए। वहीं इस संबंध में बीडीओ महादेव कुमार महतो ने कहा कि योग न केवल शरीर को स्वस्थ रखता है, बल्कि यह मानसिक शांति और आध्यात्मिक संतुलन का सशक्त माध्यम है। यह हमारी सांस्कृतिक धरोहर है, जिसे अपनाकर हम एक निरोग और सशक्त समाज की ओर अग्रसर हो सकते हैं। वहीं सीओ आफताब आलम ने कहा कहा कि योग से शारीरिक लाभ होता है इसलिए योग प्रत्येक दिन लोगों को योग करने की आवश्यकता है इसके सतत अभ्यास से हम कई बीमारियों से बच सकते हैं। वहीं पिट्स मॉर्डन स्कूल गोमिया, स्वांग स्थित नेहरू क्रीड़ा स्थल फुटबॉल मैदान में स्वांग उतरी पंचायत के मुखिया विनोद विश्वकर्मा, पूर्व मुखिया विनोद पासवान एवं खेल शिक्षक सुरेंद्र कुमार ने भी योग किए इधर स्वांग दक्षिणी पंचायत सचिवालय भवन में मुखिया रीना सिंह, पूर्व मुखिया धनंजय सिंह, ओमकार नाथ मिश्रा, विनोद यादव भी योग कार्यक्रम में शामिल हुए। वहीं आईईएल थाना परिसर में भी योग किया गया। गोमिया थाना परिसर में थाना प्रभारी रवि कुमार ने भी सहयोगियों के साथ योग किए। वहीं गोमिया स्थित मध्य दुर्गा मंदिर में भाजपा नेता देवनारायण प्रजापति एवं मोहन कुमार ने भी अपने सहयोगियों के साथ योग किए। इस दौरान गोमिया प्रखंड के विभिन्न पंचायत सचिवालय परिसर में पंचायत प्रतिनिधियों ने भी योग करके क्षेत्र में लोगों को संदेश दिए। योग कार्यक्रम में दुलाल प्रसाद, आशा पासवान, संतोष यादव, सोनू कुमार, अमित कुमार, सहित कई लोग शामिल हुए।

### जारंगडीह उमवि मे योग शिविर का आयोजन



बेरमो। जारंगडीह उतरी पंचायत स्थित उत्क्रमित मध्य विधालय में भी स्कूल के प्रधानाचार्य के नेतृत्व में योग शिविर का आयोजन किया गया। मौके पर विधालय के शिक्षक शिक्षिकाएं कर्मी के अलावे स्कूल के सभी वर्ग के छात्र छात्राएं भी शामिल हुई। योगाभ्यास के दौरान योग प्रशिक्षक द्वारा विभिन्न तरह के योग व आसन बताये गये और क्रियान्वित करके भी दिखाया गया। मौके पर प्रधानाचार्य गीता देवी ने कहा कि योग का मुल मंत्र है कि अगर आपको स्वस्थ और निरोग रहना है तो आपको नियमित योग करना होगा नही तो आय दिन आपको विभिन्न बीमारियों से जुझना पड़ सकता है। योग शिविर के समापन उपरांत बच्चों के बीच नाश्ते का वितरण भी करवाया गया। जहां एक ओर इस शिविर में बड़े लोग योग करने मे मस्त थे तो छोटे छोटे बच्चे योग को भी खेल की श्रेणी में ही करते नजर आ रहे थे।

### अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर तेनुघाट व्यवहार न्यायालय परिसर योग शिविर का आयोजन



तेनुघाट कोर्ट। झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार रांची एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश बोकारो अनील कुमार मिश्रा के निर्देश पर 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर तेनुघाट व्यवहार न्यायालय परिसर में योग शिविर का आयोजन किया गया। योग शिविर में जिला जज द्वितीय सूर्य मणि त्रिपाठी, अपर मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी मनोज कुमार प्रजापति, अनुमंडल विधिक सेवा प्राधिकार समिति के सचिव सह एसडीजेएम रश्मि अग्रवाल, प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी दिग्विजय नाथ शुक्ला, राज कुमार पांडेय एवं न्यायालयों के कर्मचारी गण, पीएलवी आदि उपस्थित थे। इस अवसर पर जिला जज द्वितीय सूर्य मणि त्रिपाठी ने बताया कि योग दिवस के अवसर पर व्यवहार न्यायालय बेरमो स्थित तेनुघाट में योग दिवस का आयोजन करते हुये उपस्थित व्यक्तियों को योगाभ्यास के प्रति जागरूक किया गया। उन्होंने कहा कि आमजन को योग से होने वाले लाभ से अवगत कराते हुए योग के प्रति जागरूकता फैलायी जा रही है। एसीजेएम मनोज कुमार प्रजापति ने कहा कि आज के समय में हमारे जीवन में योग करना और भी बहुत जरूरी हो गया है। एसडीजेएम रश्मि अग्रवाल ने कहा कि योग का हमारे जीवन में काफी महत्व है। वहीं इस अवसर पर राम कृष्ण गुप्ता, सुजय आनंद, विनोद तांती, राजेश्वर कुमार जयसवाल, भागीरथ कुमार, उदय सिंह, अजय कुमार, मुकेश कुमार सहित अन्य कई न्यायिक कर्मी मौजूद थे।

### विकास विद्यालय में बच्चों ने किया योगाभ्यास



दुमका। अंर्तराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर विकास विद्यालय, राखाबानी में विशेष योग कार्यक्रम आयोजित हुई। कार्यक्रम में बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए विभिन्न योगासनों का अभ्यास किया। विशेष योग शिक्षिका संतोषी गुप्ता ने बच्चों और अध्यापकों को विभिन्न योगासन सिखाए। बच्चों को सूर्य नमस्कार, ताड़ासन, और वृक्षासन का अभ्यास किया। इस अवसर पर शिक्षक-शिक्षिकाओं ने योगाभ्यास किया। बच्चों ने योग के माध्यम से अपनी एकाग्रता और शांति में वृद्धि की। शारीरिक लचीलापन और संतुलन में सुधार हुआ। बच्चों को योग का महत्व बताया गया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य ने बताया कि योग हमारे जीवन में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। यह न केवल शारीरिक स्वास्थ्य में सुधार करता है, बल्कि मानसिक शांति और एकाग्रता भी बढ़ाता है। हमें अपने दैनिक जीवन में योग को शामिल करने का प्रयास करना चाहिए। संतोषी गुप्ता का योगदान इस कार्यक्रम को सफल बनाने में भूमिका रही।

### उच्च विद्यालय में योग दिवस मनाया गया



गोड्डा। ठाकुर गंगटी प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत उत्क्रमित प्लस टू उच्च विद्यालय,चान्दा में शनिवार को 10वीं अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के तत्वावधान में प्रात: 06:30 बजे से 07:45 बजे तक विद्यालय परिसर में योग शिविर आयोजित किया गया जिसका संचालन गजेन्द्र सिंह हिमांशु जी व सहयोगी ऋषभ सिंह झारखण्डी के द्वारा किया गया जिसमें शामिल विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ अजय कुमार, सहायक शिक्षक हृदय नंद मंडल, मो नेशार अंसारी, विद्यालय के बड़ा बाबु ओबैदुर्रहमान, कंप्यूटर शिक्षिका सुश्री ऋचा भारती व आदेशपाल श्याम सुंदर मंडल एवं योग शिविर में छात्र व छात्राएं प्रिंस कुमार पोद्दार, ऋतु राज, रौशन सिंह,अमन मिश्रा सुहाना कुमारी, रेशमी कुमारी, सोनाक्षी कुमारी, अंचल कुमारी आदि शामिल हो कर योग शिविर को सफल बनाया।

### दुमका : दो दिवसीय दौरे पर संथाल परगना प्रमंडल में विभिन्न जिले में लगायेंगे जन चौपाल

# सरकार हेमंत नहीं बल्कि कोयला, बालू, शराब व जमीन सिंडिकेट मिलकर चला रहे हैं : रघुवर दास

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**दुमका।** वर्तमान में इस राज्य में सीओ ऑफिस से लेकर सीएमओ तक भ्रष्टाचार व्याप्त है। सीएमओ में प्रधान सचिव रहे विनय चौबे आज होटवार जेल में हैं। ऐसा कोई विभाग नहीं है, जहां घोटाले नहीं हो रहे हैं। पेयजल विभाग हो या शराब या कोई अन्य विभाग, हर जगह भ्रष्टाचार है।

उक्त बातें पूर्व सीएम रघुवर दास ने शनिवार को दुमका दौरे के दौरान प्रेसवार्ता कर कहा। ओडिशा के राज्यपाल रहे रघुवर दास ने यहां तक कह दिया कि यह सरकार हेमंत सोरेन नहीं बल्कि कोयला सिंडिकेट, बालू सिंडिकेट, शराब सिंडिकेट और जमीन सिंडिकेट मिलकर चला रहे हैं। झारखंड के जल, जंगल और जमीन का कण-कण सिंडिकेट के हाथ में है। रघुवर दास ने कहा कि जब-जब झामुमो-कांग्रेस की सरकार आई है, घोटाले सामने आने लगे हैं।



प्रेसवार्ता करते पूर्व सीएम रघुवर दास।

भाजपा के शासनकाल में चाहे 2000 में बाबूलाल मरांडी की सरकार रही हो या उसके बाद अर्जुन मुंडा की सरकार रही हो, कहीं कोई भ्रष्टाचार नहीं हुआ। जबकि इस झामुमो-कांग्रेस शासन में पहले भी मुख्यमंत्री, मंत्री, अधिकारी जेल जा चुके हैं। वर्तमान में भी पूर्व मंत्री आलमगीर आलम कमीशनखोरी के आरोप में जेल में हैं। सवालिया लहजे में आलोचना करते हुए उन्होंने कहा कि इस सरकार के पांच साल में यहां के पहाड़ों और जंगलों की क्या स्थिति है, क्या बालू घोटाला नहीं हुआ, संथाल परगना में कोयला की ढुलाई कौन करवा रहा है, नियोजन में गड़बड़ी कौन कर रहा है। यहां नियोजन में ऐसी नीतियां बनाई जा रही हैं, जिससे यह उलझ कर रह जाए. यहां ठेकेदार को योग्यता के आधार पर नहीं, बल्कि कमीशन के आधार पर काम मिल रहा है। रघुवर दास आज दुमका में झारखंड की वर्तमान सरकार पर काफी आक्रामक दिखे।

उन्होंने कहा कि यह सरकार अक्षम और निकम्मी है। आदिवासी हो या गैर आदिवासी, किसी को भी इस सरकार से कोई उम्मीद या आकांक्षा नहीं है। सरकार सभी मोर्चों पर विफल रही है। पूरे राज्य में कानून व्यवस्था की स्थिति बेहद खराब है। खासकर महिलाएं असुरक्षित हैं। उनके साथ लगातार हिंसक घटनाएं हो रही हैं। आज राज्य की जनता इस सरकार को लाने पर पछता रही है। रघुवर दास ने कहा कि हम इन सभी मुद्दों पर लोगों को जागरूक करने निकले हैं और जनता को बता रहे हैं कि किस तरह इस सरकार ने आपको आपके हक और अधिकार से वंचित रखा है। आज इन सभी मुद्दों पर पाकुड़ में चौपाल कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है और फिर कल रविवार को साहिबगंज के बरहेट में चौपाल कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। पूर्व मुख्यमंत्री ने हेमंत सरकार से मांग की कि जल्द से जल्द राज्य में पेसा कानून लागू किया जाए ताकि गांव में स्वशासन स्थापित हो सके। उन्होंने कहा कि पेसा कानून को लागू करने के लिए पूरा मसौदा तैयार है, झारखंड सरकार इसे आगामी कैबिनेट में पारित करे। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर उन्होंने परिसदन में ही योगाभ्यास किया।

### स्पीड न्यूज

### सीआरपीएफ ऑपरेशन्स बोकारो के डीआईजी बने अमित कुमार सिंह



बोकारो। सीआरपीएफ परिचालन क्षेत्र बोकारो में अमित कुमार सिंह ने पुलिस उप महानिरीक्षक ब्रजेश सिंह के स्थान पर पदभार ग्रहण किया। उनका स्वागत विनोद कुमार यादव डिप्टी कमांडेंट एवं रेंज कार्यालय के अन्य कार्मिको द्वारा पुष्पगुच्छ देकर किया गया। इससे पहले वे समूह केंद्र सीआरपीएफ अमेठी में तैनात थे। साथ ही वे भारत के विभिन्न उग्रवाद प्रभावित क्षेत्र इंसर्जेंट एवं नक्सल प्रभावित क्षेत्र में अपना उत्कृष्ट सेवा दे चुके हैं। मैसूर विश्वविद्यालय से स्नातक करने के पश्चात 1996 को सीआरपीएफ में सीधे राजपत्रित अधिकारी के रूप में नियुक्त हुए थे। वर्ष 2015 में उत्कृष्ट कार्य हेतु भारत सरकार द्वारा गैलेंट्री मेडल द्वारा नवाजा गया तथा 29 वर्ष के सेवाकाल में वे उत्कृष्ट कार्यों के लिए कई विभिन्न पदक व प्रशस्ति पत्र एवं अलंकरण से नवाजे जा चुके हैं।

### अज्ञात वाहन की चपेट में आकर एक की मौत

बेरमो। डुमरी के पारसनाथ रेलवे स्टेशन के पीछे साइड में अज्ञात वाहन की चपेट में आने से एक व्यक्ति की दर्दनाक मौत घटना स्थल पर ही हो गई है। घटना निमियाघाट थाना क्षेत्र की है। हालांकि मृतक की अब तक पहचान नहीं हो पाई है। फिलहाल लोग यह क्यास लगा रहे हैं कि ट्रैक्टर के गिरने से उसकी मौत हुई होगी। लोगों की माने तो उनका कहना है कि मृतक देखने से ट्रैक्टर मजदूर लग रह रहा है। यह आशंका जताई जा रही है कि ट्रैक्टर के इंजन से वह गिर गया होगा और पीछे का ट्रैक्टर का डाला उस पर चढ़ गया। जिससे उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई है। हालांकि मृतक की पहचान अब तक नहीं हो पाई है। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की तफ्तीश में जुट गई है।

### पेटरवार प्रखंड कांग्रेस कमेटी के महासचिव बने सनाउल्लाह



बेरमो। मोहम्मद सनाउल्लाह को पेटरवार प्रखंड कांग्रेस कमेटी का महासचिव बनाया गया है। माना जा रहा है कि सनाउल्लाह को पेटरवार प्रखंड कांग्रेस कमेटी का महासचिव बनाए जाने पर प्रखंड में काफी मजबूती आएगी। आपको यह भी जानकारी दे दें कि सीसीएल कथारा राष्ट्रीय कोलयरी मजदूर यूनियन के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष के पद पर भी वे विराजमान हैं एवं जारंगडीह फउटव शाखा के उपाध्यक्ष भी है। पेटरवार प्रखंड कांग्रेस कमेटी की बैठक में नव मनोनीत सदस्यों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। इस बैठक में जिला अध्यक्ष उमेश कुमार गुप्ता और पेटरवार प्रखंड प्रभारी परवेज अख्तर, पेटरवार प्रखंड अध्यक्ष शब्बीर अंसारी, पेटरवार प्रखंड ओबीसी अध्यक्ष गुलाम मुस्तफा आदि लोग उपस्थित थे।

### चोरी की बाइक के साथ चोर गिरफ्तार



बेरमो। डुमरी के निमियाघाट पुलिस ने चोरी के पांच बाइक के साथ एक चोर को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। बताया जाता है कि जून महीने के आखिरी सप्ताह में इसरी बाजार से एक यामाहा बाइक की चोरी हुई थी। जिसके आधार पर पुलिस ने दो चोरों को पहले ही गिरफ्तार किया था।

## ढोरी में योग शिविर का आयोजन



### योग करने का कोई समय नहीं होता है : रंजय सिंहा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बेरमो।** सीसीएल ढोरी प्रक्षेत्र में शनिवार को महिला क्लब में प्रशिक्षित गुरु पंकज पांडेय ने योगाभ्यास कराया। जीएम रंजय सिंहा ने कहा कि योग करने का कोई समय नहीं होता है। सुबह का योगासन सबसे लाभदायक होता है। सीसीएल मुख्यालय से आए जीएम पर्सनल प्रतुल कुमार ने कहा कि मनुष्य के भाग दौड़ भरी जिंदगी में सुबह प्रतिदिन योग करना चाहिए। यहा स्वास्थ्य से जुड़े पौष्टिक आहार पर भी चर्चा की गई। धन्यवाद ज्ञापन एसओपी माला कुमारी ने किया। मौके परएजीएम एम के पाठक, पीओ शैलेश प्रसाद व राजीव कुमार, एसओ ईएंडएम गौतम मोहंती, एसओ सिविल मनोज कुमार साह, एरिया सेफ्टी ऑफिसर मनोज सिंह, सीएस आर अधिकारी शैलेश कुमार, कार्मिक प्रबंधक सुरेश सिंह, अभिषेक सिंहा, सीताराम यूइके, तौकीर आलम, शालनी यादव, अरुण कुमार, मानिक दिगार सहित महिला समीति के अध्यक्ष रुपा सिंहा के अलावे शिवनी सिंह, नीलम सिंह व पूजा मोहंती आदि उपस्थित थे।

## योग विश्व में शांति का संदेश देता है: के एस गैवाल

### अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर करगली ऑफिसर क्लब में कार्यशाला का आयोजन

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**बेरमो।** 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में एक भव्य योग कार्यशाला का आयोजन सीसीएल बोकारो और करगली परिवार के द्वारा शनिवार को करगली ऑफिसर क्लब के प्रांगण में योग कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ पारंपरिक दीप प्रज्वलन के साथ किया गया तथा सीसीएल प्रबंधक ने आये हुएप्रशिक्षित योगाचार्यों को स्वागत किया। इस अवसर पर विभिन्न यूनियन प्रतिनिधि,विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी, उनके परिजन वा स्थानीय सीआईएसएफ के पदाधिकारी सहित जवान, आसपास क्षेत्र के लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान जीएम उत्पादन के एस गैवाल ने उपस्थित समूह को संबोधित करते हुए योग के शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक लाभों पर प्रकाश डाला तथा इसे दैनिक जीवन का अनिवार्य अंग बनाने के लिए प्रेरित किया। कहा कि योग एक प्राचीन भारतीय परंपरा है। प्राचीन लोगों का मानना था कि सूर्य की पहली किरणें मन और शरीर के लिए सबसे अधिक उपयोगी होती हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विश्व समुदाय से अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का आह्वान किया। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि योग विश्व में शांति का संदेश देता है, जो भारत के वसुधैव कुटुंबकम के सिद्धांत का सिद्धांत है। एसओपी विनय रंजन टुडु ने कहा कि योग प्राचीन भारतीय परंपरा का एक अमूल्य उपहार है। यह मन और शरीर की एकता, विचार और क्रिया, संयम और पूर्णता, मनुष्य और प्रकृति के बीच सामंजस्य और स्वास्थ्य और कल्याण के प्रति समग्र दृष्टिकोण का प्रतिनिधित्व करता है। सभी से नम्र निवेदन है कि योग को जीवन का अंग बताएं। इस अवसर पर प्रशिक्षित योगाचार्यों के मार्गदर्शन में प्रतिभागियों ने योगासन, प्राणायाम एवं ध्यान का अभ्यास किया और पूरे उत्साह एवं अनुशासन के साथ भाग लिया। वहीं, इस मौके पर परियोजना पदाधिकारी सुधीर कुमार सिंहा, क्षेत्रीय बिक्रय पदाधिकारी भी एन पांडेय, क्षेत्रीय वित्त पदाधिकारी ज्ञानेन्दू चौबे, एसओपी विनय रंजन टुडु, एसओ ईएंडएम जयशंकर प्रसाद,एसओ सिविल सतीश कुमार सिंहा, कार्मिक प्रबंधक पी एन सिंह, सीएस अधिकारी संजीत कुमार सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## डीपीएस चास ने मनाया अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

**खबर मन्त्र संवाददाता**




**बोकारो।** डीपीएस चास में कक्षा प्री-नर्सरी से बारहवीं के विद्यार्थियों के लिए आयोजित 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर खेल शिक्षक राहुल प्रताप व आकाश कुमार तथा खुशबू कुमारी ने विद्यार्थियों एवं शिक्षकों के साथ योग सत्र का संचालन किया। शिक्षकों और विद्यार्थियों ने उत्साह के साथ इस कार्यक्रम में भाग लिया। वार्म अप और स्ट्रेचिंग से शुरू होने वाले आसनों के बाद पद्मासन सुखासन ताड़ासन भुजंगासन की एक श्रृंखला प्रस्तुत की गई जो शवासन के साथ समाप्त हुई।


इसके साथ ही तनाव दूर करने और पीठ के लचीलेपन को बढ़ाने के व्यायाम भी किए गए। शरीर और मन को स्वस्थ एवं तनाव मुक्त रखने के लिए विभिन्न योग मुद्राएँ प्राणायाम और ध्यान की प्रभावी तकनीकें सहायक होती हैं। इसी महत्व को ध्यान में रखते हुए डीपीएस चास ने योग को शिक्षा पाठ्यक्रम के अनिवार्य अंग के रूप में शामिल किया है।

इस अवसर पर प्रेषित संदेश में डीपीएस चास की चीफ मेंटर डॉ हेमलता एस मोहन ने प्रकाश डालते हुए कहा कि ह्यप्राचीन समय से ही योग शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य एवं आध्यात्मिक शक्ति की प्राप्ति का साधन रहा है। इसके अभ्यास से हमारे चित्त प्रकृति और परिवेश के मध्य सामंजस्य स्थापित किया जा सकता है।

विद्यालय की निदेशिका डॉ मनीषा तिवारी ने इस अवसर पर योग के महत्व को बताते हुए कहा कि ह्ययोग सिर्फ व्यायाम ही नहीं है अपितु यह शारीरिक इंद्रियों तथा प्रकृति के मध्य एका स्थापित करने का साधन है।

## गोड्डा : मध्यस्थता शिविर में 16 मामलों का निपटारा

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**गोड्डा।** परिवार न्यायालय परिसर में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से पांच दिवसीय विशेष मध्यस्थता शिविर शनिवार को संपन्न हो गया। इस विशेष मध्यस्थता अभियान दौरान कुल 16 मामले का निपटारा किया गया। अभियान के पहले दिन तीन मामला, दूसरे व तीसरे दिन एक-एक मामले जबकि चौथे दिन तीन मामले जबकि अंतिम दिन आठ मामले का निपटारा हुआ। यह विशेष मध्यस्थता अभियान 16 जून से शुरू 20 जून तक जारी रहा। परिवार न्यायालय के प्रधान जज अनिल कुमार पांडेय ने कहा कि मामले के त्वरित निष्पादन को लेकर झालसा के निर्देश पर समय-समय पर विशेष अभियान चलाया जाता है। इसमें अधिक से अधिक मामले का निष्पादन कराया जाता है। मध्यस्थ के रूप में कुंदन कुमार ठाकुर, उग्रेश झा, जितेन्द्र दुबे, नूतन तिवारी, शादिक अहमद, धर्मेन्द्र नारायण, राजकुमार घोष, रीना डे, अजय कुमार साह, दिलीप कुमार झा, प्रदीप कुमार साह, श्वांति रानी, असलम, गौरी प्रिया, अनंत नारायण दुबे, अफसर हसनैन, शादिक अहमद आदि मामले का निष्पादन कर रहे हैं।

स्पीड न्यूज

### डीजीसीए ने एयर इंडिया के तीन अधिकारियों को हटाने का दिया निर्देश

**नयी दिल्ली।** नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने एयर इंडिया के खिलाफ चालक दल के सदस्यों (क्रू मेंबरों) की ड्यूटी अनुक्रम में नियमों का जानबूझकर उल्लंघन करने पर कार्रवाई करते हुए तीन वरिष्ठ अधिकारियों को सेवा से हटाने का आदेश दिया है। डीजीसीए ने जिन तीन वरिष्ठ अधिकारियों को हटाने के निर्देश दिए हैं, उनमें डिवीजनल वाइस प्रेसिडेंट चूड़ा सिंह, ऑपरेशंस डायरेक्टोरेट में क्रू शेड्यूलिंग से जुड़ी पिंकी मित्तल और क्रू शेड्यूलिंग-प्लानिंग की सुश्री पायल अरोड़ा शामिल हैं।

### श्रावणी मेले में बनेंगे आठ अस्थायी थाना

**भागलपुर।** विश्व प्रसिद्ध श्रावणी मेले को लेकर जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन ने तैयारियां शुरू कर दी है। भागलपुर के एसएसपी हृदयकांत ने शनिवार को बताया कि श्रावणी मेले के दौरान 8 अस्थायी थाना बनेंगे। पूरे मेला परिसर में एक सौ से अधिक स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगेंगे। इसके अलावा, गंगा घाट और सुल्तानगंज थाना परिसर में कंट्रोल रूम भी स्थापित किया जाएगा। जिला प्रशासन की ओर से एक टोल फ्री नंबर भी जारी किया जाएगा ताकि श्रद्धालुओं को किसी भी परेशानी में तत्काल सहायता मिल सके। गंगा घाट से लेकर कच्ची कांवरिया पथ तक विशेष पुलिस निगरानी रखी जाएगी।

### ईरान से वापस लाए गए 517 भारतीय

**नयी दिल्ली।** विदेश मंत्रालय ने शनिवार को कहा किऑपरेशन सिंधु के अंतर्गत ईरान से अब तक 500 से अधिक भारतीय नागरिकों को सुरक्षित निकाल कर स्वदेश लाया जा चुका है। मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने शनिवार को बताया कि ऑपरेशन सिन्धु के तहत एक विमान भारतीय नागरिकों को लेकर तुर्कमेनिस्तान के अशगाबाद से आज तड़के तीन बजे दिल्ली पहुंचा। एक विशेष विमान वहां से निकाले गए छात्रों और तीर्थयात्रियों समेत कुल 290 भारतीय नागरिकों को लेकर कल रात 11:30 बजे दिल्ली पहुंचा था। जायसवाल ने बताया किअब तक 517 नागरिकों को ईरान से वापस लाया जा चुका है।

### रूस के हमले में 425 यूक्रेनी सैनिक मारे गये

**मास्को।** रूस के हमले में यूक्रेन के 425 सैनिक मारे गये और सात बख्तरबंद वाहन तथा तीन पिकअप ट्रक नष्ट हो गये। सेना के प्रवक्ता अलेक्जेंडर सावचुक ने कहा कि केंद्र समूह की सेनायें विशेष सैन्य अभियान के क्षेत्र में लड़ाकू मिशनों को जारी रखे हुये हैं। समूह की इकाइयों ने रूस-यूक्रेन की सीमा से जुड़े कुछ स्थानों पर भी कब्जा कर लिया है और क्रास्नोअर्मेइस्क, दिमित्रोव, नोवोसेर्गेयेवका तथा मुरावका क्षेत्रों में चार मशीनीकृत दो एयरबोर्न असॉल्ट और दो मरीन ब्रिगेड को नष्ट कर दिये हैं।

### 55 साल में बेटे की मंगेतर से रचाई शादी

**रामपुर।** उत्तर प्रदेश के रामपुर जिले में 55 वर्षीय एक व्यक्ति ने कथित तौर पर एक ऐसी महिला से शादी की है, जिसकी सगाई उसके 17 वर्षीय बेटे से हुई थी। इस संबंध में शबाना (45) ने कहा कि पिछले महीने उनकी बेटी की शादी के बाद से ही उनके पति शकील पास के गांव की 22 वर्षीय आयशा (बदला हुआ नाम) से अक्सर बात कर रहे थे। पूछताछ करने पर शकील ने परिवार को बताया कि वह आयशा की शादी अपने बेटे अमन (बदला हुआ नाम) से तय कर रहा है, जो अभी नाबालिग है।

### बांदीपोरा में आतंकियों का सहयोगी गिरफ्तार

**बांदीपोरा।** उत्तरी कश्मीर के बांदीपोरा जिले के केत्सुन बिनलीपोरा इलाके से सुरक्षा बलों ने शनिवार को आतंकवादियों के एक सहयोगी को गिरफ्तार किया है। उसके पास से हथियार और गोला-बारूद बरामद किया है।

# सियाचिन से कन्याकुमारी तक हुआ योग

**आस्ट्रेलिया, जापान, मलेशिया और विभिन्न देशों में हुआ योग**

▶▶ **पूरी मानवता के लिए सांझी धरोहर बन चुका है योग : मुर्मू**

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में शनिवार को भारत समेत दुनिया भर में जगह-जगह आयोजित योगाभ्यास के विशेष सत्रों में लाखों की संख्या में लोगों ने मनोयोग और उत्साह से भाग लिया। भारत में सियाचिन की बर्फीली पहाड़ियों से लेकर, कन्याकुमारी में समुद्र तट तक और राजस्थान के रेगिस्तानी इलाकों से लेकर पूर्वोत्तर क्षेत्र तक लोगों ने सुबह-सुबह 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर विशेष कार्यक्रमों में भाग लिया।

विदेशों में भारतीय दूतावासों और राजनयिक मिशनों ने योग दिवस पर विशेष सत्र आयोजित किए। आस्ट्रेलिया, जापान, मलेशिया और विभिन्न देशों में योगप्रेमियों ने भी जगह-जगह योगाभ्यास सत्रों का आयोजन किया। इस बार मुख्य समारोह आंध प्रदेश के बंदरगाह शहर विशाखापत्तनम में आयोजित किया गया जहां प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अगुवाई में हजारों लोगों ने योगासन किये। प्रधानमंत्री के साथ इस कार्यक्रम में आंध्र प्रदेश के राज्यपाल सय्यद अब्दुल मजीद ,आन्ध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चन्द्रबाबू नायडू और उप-मुख्यमंत्री पवन कल्याण, केन्द्रीय मंत्री के राम मोहन राव नायडू, प्रताप राव जाधव, चन्द्र शेखर, भूपति राजू श्री निवास वर्मा कई अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने योग, ध्यान एवं प्राणायाम किए।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने उत्तराखंड के देहरादून स्थित पुलिस लाइन में योग कार्यक्रम में भाग लिया योग के प्रयोग से समस्त मानवता के लिए स्वस्थ और प्रसन्नता की कामना की। उन्होंने कहा कि योग पूरी मानवता के लिए सांझी धरोहर बन चुका है। राष्ट्रपति ने कहा कि इसी उद्देश्य को ध्यान में रखकर ग्यारहवें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की थीम एक धरती, एक स्वास्थ्य के लिए योग रखी गयी है। भारतीय सेना के जवानों ने कई स्थानों पर सियाचिन में योगसत्र आयोजित किए। जम्मू-कश्मीर में गुलमर्ग गॉल्फ कोर्स सहित विभिन्न स्थानों मर योग सत्र आयोजित किए गए।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने जम्मू-कश्मीर के उधमपुर में योग दिवस समारोह में भाग लिया। उन्होंने 2500 कर्मियों के साथ योगाभ्यास समारोह में भाग लिया। उन्होंने यहां सेना के जवानों से मुलाकात की और ऑपरेशन सिन्दूर में उनके प्रयासों की सराहना की। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने संसद परिसर में योग सत्र में भाग लिया। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा राजधानी में कर्तव्य पथ पर भी सामूहिक योग कार्यक्रम में भी शामिल हुए। उन्होंने कहा, ह्लहमको अपने जीवन में योग अपनाना होगा। स्वास्थ्य मंत्रालय भी इसको बढ़ावा दे रहा है। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में भी आयुष विभाग को शामिल किया है।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारामण ने फरीदाबाद में अरुण जेटली नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ फाइनेंशियल मैनेजमेंट के प्रांगण में आयोजित योग-सत्र का नेतृत्व किया।

योग दिवस पर पूरे देश के साथ समन्व्य करते हुए सशस्त्र सेनाओं, अर्द्धसैनिक बलों और राष्ट्रीय कैडेट कोर के नौ लाख कैडेटों ने शनिवार को देश भर में अलग-अलग स्थानों पर योगाभ्यास किया। तीनों सेनाओं के प्रमुखों ने भी हजारों की संख्या में सैनिकों के साथ योगाभ्यास के सामूहिक कार्यक्रमों में हिस्सा लिया। विशाखापत्तनम में प्रधानमंत्री के साथ योगासन कार्यक्रम में नौसेना के दस हजार नौसैनिकों ने भाग लिया।

स्वदेशी विमानवाहक पोत आईएनएस विक्रांत तथा अन्य युद्धपोतों पर भी योगाभ्यास सत्र आयोजित किए गए। विदेशों में तैनात भारतीय नौसेना के युद्धपोतों पर भी योग दिवस पर विशेष आयोजन किये गये। तटरक्षक बल के हजारों जवानों तथा अधिकारियों ने भी देश भर में 60 से भी अधिक जगहों पर योग किये।

**सियाचिन की बर्फीली पहाड़ियों पर जवानों ने किया योगाभ्यास**





**देहरादून पुलिस लाइन में योग करतीं राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू।**



**राजनाथ सिंह ने उधमपुर में जवानों के साथ किया योग**



**विशाखापत्तनम में योगाभ्यास करतीं महिलाएं।**

# ईरान के दो शीर्ष कमांडर मारे गये

## इजरायल के हमले में इजादी और शाहरियारी की मौत

**एजेंसी**

**तेल अवीव ।** इजरायल डिफेंस फोर्सेज (आईडीएफ) ने शनिवार को दावा किया कि उसके सटीक हमलों में वरिष्ठ ईरानी सैन्य अधिकारी सईद इजादी और कुद्स फोर्स के वेपन ट्रांसफर यूनिट कमांडर बेहनाम शाहरियारी की पश्चिमी ईरान में मौत हो गई है। आईडीएफ ने बताया कि ईरानी शासन के इजरायल को नष्ट करने की योजना के संस्थापक सईद इजादी को आईडीएफ के सटीक हमले में मार गिराया गया। इजादी, कुद्स फोर्स के (फिलिस्तीन कोर) कमांडर भी थे, जो ईरानी शासन और हमास के बीच एक मुख्य समन्वयक और 7 अक्टूबर के नरसंहार के मुख्य संचालकों में से एक थे। आईडीएफ ने बताया कि इजादी ने ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) के वरिष्ठ कमांडर्स और हमास के प्रमुख लोगों के बीच सैन्य समन्वय में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। वह इजरायल के खिलाफ आतंकवादी अभियान चलाने के लिए ईरान की ओर से हमास को वित्तीय सहायता उपलब्ध कराते थे। युद्ध के दौरान, इजादी ने लेबनान से संचालित हमास बलों को निर्देशित किया। तभी से, वह हमास की सैन्य शाखा के पुनर्निर्माण और हमास को गाजा पर नियंत्रण बनाए रखने में सक्रिय रूप से शामिल था। आईडीएफ ने बेहनाम शाहरियारी की मौत का दावा करते हुए कहा कि आईआरजीसी में कुद्स फोर्स के वेपन ट्रांसफर यूनिट के कमांडर बेहनाम शाहरियारी को पश्चिमी ईरान में आईडीएफ के सटीक हमले में मार गिराया गया। शाहरियारी ईरानी शासन से लेकर मध्य पूर्व में (प्रॉक्सी के तौर पर) सभी हथियारों के ट्रांसफर के लिए जिम्मेदार था, ताकि सीधे तौर पर ईरानी शासन की इजरायल को नष्ट करने की योजना को आगे बढ़ाया जा सके। शाहरियारी ने विभिन्न आतंकवादी संगठनों को सालाना सैकड़ों मिलियन डॉलर के ट्रांसफर की भी कमान संभाली।



राहुल गांधी का इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग पर तीखा हमला, कहा

# लोकतंत्र नहीं, मैच फिक्स


**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने इलेक्ट्रॉनिक डेटा से संबंधित निर्वाचन आयोग के निर्देश का हवाला देते हुए शनिवार को आरोप लगाया कि साफ दिख रहा है कि मैच फिक्स है जो लोकतंत्र के लिए जहर है। आयोग ने अपने इलेक्ट्रॉनिक डेटा का उपयोग दुर्भावनापूर्ण विमर्श गढ़ने के लिए किए जाने की आशंका के चलते अपने राज्य निर्वाचन अधिकारियों को निर्देश दिया है कि यदि 45 दिन में चुनाव को अदालत में चुनौती नहीं दी जाती तो वे सीसीटीवी कैमरा, वेबकास्टिंग और चुनाव प्रक्रिया के वीडियो फुटेज को नष्ट कर दें। राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों को 30 मई को लिखे पत्र में आयोग ने कहा कि उसने चुनाव प्रक्रिया के दौरान कई रिकॉर्डिंग उपकरणों के साथ ही फोटोग्राफी, वीडियोग्राफी, सीसीटीवी और वेबकास्टिंग के माध्यम से चुनाव प्रक्रिया के विभिन्न चरणों को रिकॉर्ड करने के निर्देश जारी किए हैं। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने एक्स पर पोस्ट किया, वोटर लिस्ट, मशीन रीडेबल फॉर्मेट नहीं देंगे। सीसीटीवी फुटेज कानून बदलकर छिपा दी। चुनाव की फोटो-वीडियो अब एक साल नहीं, 45 दिनों में ही मिटा देंगे। उन्होंने दावा किया कि जिससे जवाब चाहिए था, वही सबूत मिटा रहा है।



### राहुल देश की प्रगति को कमतर आंकने में व्यस्त हैं : भाजपा

**नयी दिल्ली।** भाजपा ने शनिवार को राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में हो रहे बदलाव कांग्रेस नेता को नहीं दिख रहे क्योंकि वह भारत की प्रगति को कमतर आंकने में व्यस्त हैं। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रदीप भंडारी ने कहा कि राहुल जी, भारत में हर कोई परिवर्तन देख सकता है, सिवाय आपके।आप भारत की प्रगति को कमतर आंकने में इतने व्यस्त हैं कि आपको इस बारे में पता ही नहीं है। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर भारत की विनिर्माण क्षमता का नवीनतम और ऐतिहासिक उदाहरण है, जहां भारत के स्वदेश विकसित ड्रोन ने चीनी ड्रोन को नष्ट कर दिया। भंडारी ने कहा कि 2014 से प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में इंजीनियरिंग निर्यात में 60 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।



**मुंबई ।11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर बॉलीवुड अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी मलाइका अरोड़ा ने किया योग। दोनों ने अधोमुखश्वानासन से लेकर धनुरासन, चक्रासन, भेकासन, गोमुखासन, हलासन, सर्वांगासन और शीर्षासन तक हर योगासन का अभ्यास करती दिखीं।**

## बिहार : विधवा, वृद्धा और दिव्यांग पेंशन में तीन गुना वृद्धि

# अब मिलेगा 1100 रुपये प्रति माह

**खबर मन्त्र संवाददाता**

▶▶ **10 जुलाई से लाभार्थियों को बढ़ी पेंशन मिलेगी**

▶▶ **वृद्धजन का जीवन-यापन सुनिश्चित करना सर्वोच्च प्राथमिकता : नीतीश**

**पटना।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शनिवार को कहा कि सरकार ने वरिष्ठ नागरिकों, विधवाओं और दिव्यांगों की पेंशन में 700 रुपये प्रति माह की वृद्धि करने का निर्णय लिया है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि जुलाई से लाभार्थियों को 1,100 रुपये की बढ़ी हुई पेंशन मिलेगी। यह फैसला चुनाव से कुछ महीने पहले लिया गया है। कुमार ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा कि मुझे यह बताते हुए खुशी हो रही है कि सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के तहत सभी वृद्धजनों, दिव्यांगजनों और विधवा महिलाओं को अब हर महीने 400 रुपये की जगह 1100 रुपये पेंशन मिलेगी। उन्होंने लिखा कि सभी लाभार्थियों को जुलाई महीने से पेंशन बढ़ी हुई दर पर मिलेगी। सभी लाभार्थियों के खाते में यह राशि महीने की 10 तारीख को भेजना सुनिश्चित किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में पेंशन योजना के लाभार्थियों की कुल संख्या एक करोड़ 96 लाख है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वृद्धजन समाज का अनमोल हिस्सा हैं और उनका सम्मानजनक जीवन-यापन सुनिश्चित करना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। राज्य सरकार इस दिशा में निरंतर प्रयत्नशील रहेगी। यह निर्णय इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि राज्य में कुछ ही महीनों में विधानसभा चुनाव होने वाले हैं।



# दक्षिण पूर्व रेलवे ने मनाया योग दिवस

**आर्ट ऑफ लिविंग कोलकाता के प्रशिक्षकों ने कराया योगाभ्यास**

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कोलकाता।** दक्षिण पूर्व रेलवे ने शनिवार को 11वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस-2025 बड़े उत्साह के साथ मनाया। इस वर्ष के अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की थीम थी एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग। अनिल कुमार मिश्रा, महाप्रबंधक, दक्षिण पूर्व रेलवे इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे और उन्होंने गार्डनरीच स्थित दक्षिण पूर्व रेलवे मुख्यालय के अधिकारियों के क्लब में दीप प्रज्वलन कर योग सत्र का उद्घाटन किया। सौमित्र मजूमदार, अपर महाप्रबंधक, प्रमुख विभागाध्यक्षगण तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण भी उपस्थित थे। योग सत्र दक्षिण पूर्व रेलवे मुख्यालय में आयोजित किया गया जिसमें द आर्ट ऑफ लिविंग, कोलकाता सेंटर के विशेषज्ञ योग प्रशिक्षकों द्वारा कॉमन योगा प्रोटोकॉल (सीवाईपी) का अभ्यास कराया गया, जिसमें अधिकारियों और कर्मचारियों ने भाग लिया। योग तनाव और चिंता को कम करता है तथा ध्यान और नियंत्रित श्वास के माध्यम से मानसिक शांति प्रदान करता है। यह शरीर को लचीला और मजबूत बनाकर उसे स्वस्थ और सक्रिय बनाए रखता है।

योग सत्र से पूर्व अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री के संबोधन का सीधा प्रसारण भी किया गया।

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस दक्षिण पूर्व रेलवे के सभी चार मंडलों खड़गपुर, आद्रा, चक्रधरपुर और रांची में भी मनाया गया।



### जीविका कर्मियों का मानदेय हुआ दोगुना

**पटना।** बिहार सरकार ने जीविका कर्मियों का मानदेय बढ़ाकर दो गुना कर दिया गया है। साथ ही जीविका दीदियों को अब पहले से सस्ती दर पर बैंक से लोन दिया जाएगा। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शनिवार शाम को इसकी घोषणा की। उन्होंने कहा कि जीविका स्वयं सहायता समूहों को 3 लाख रुपये से ज्यादा के लोन पर 10 की जगह 7 प्रतिशत की ब्याज देना होगा। नीतीश कुमार ने शनिवार को सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए कहा कि सस्ता लोन मिलने से जीविका दीदियों की आमदनी बढ़ेगी और उनके जीवन स्तर में और सुधार होगा। इसके साथ ही स्वयं सहायता समूहों से जुड़े विभिन्न प्रकार के प्रशासनिक, प्रशिक्षण एवं अन्य कार्यों के लिए 1.40 लाख कर्मचारी कार्यरत हैं। राज्य सरकार ने जीविका से जुड़े सभी कर्मियों के मानदेय में दोगुने की वृद्धि का फैसला लिया है।